

6:07:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 183 epaper.rashtriyakhabar.com श्रावण, कृष्णपक्ष तृतीया/चतुर्थी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

न दानैः शुध्यते नारी नोपवासशतैरपि।
न तीर्थसेवया तद्वद् भर्तुः पादोदकैर्यथा॥

**भावार्थ :** स्त्री अनेक प्रकार के दान करने से शुद्ध नहीं होती अर्थात् मोक्ष प्राप्त नहीं कर सकती, सैकड़ों उपवास करने से भी वह शुद्ध नहीं होती, अनेक तीर्थों की यात्रा करने के बाद भी वह शुद्ध नहीं होती, वह तो केवल पति चरणों की सेवा से ही शुद्ध हो सकती है अर्थात् मोक्ष प्राप्त कर सकती है।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 30.00 °c | 25.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.39 बजे
सूर्योदय (कल) » 05.07 बजे

## पंजाब में अब 10वां टोल प्लाज़ा बंद

**सिंघावाला (मोगा):** पंजाब के लोगों को बड़ी राहत देते हुए राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मोगा-कोटकपूरा मार्ग पर चंदपुराना गांव के निकट बुधवार को सिंघावाला टोल प्लाजा बंद कराया। राज्य आम आदमी पार्टी (आप) सरकार अब तक राज्य में 10 टोल प्लाज़ा बंद करा चुकी है जिससे आम लोगों को हर रोज 44.43 लाख रुपए की बचत हो रही है। सिंघावाला टोल प्लाज़ा बंद करने के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में श्री मान ने कहा कि टोल बंद होने से लोगों को बड़ी आर्थिक राहत मिली है। सिंघावाला टोल प्लाज़ा पर लोगों को हर रोज लगभग 4.68 लाख रुपए टोल देना पड़ता था। अब लोगों के पैसे बचेंगे। उन्होंने टोल प्लाज़ा को आम लोगों को लूटने वाली दुकानें बताया और कहा कि इस सम्बंध में सरकार के साथ हुए समझौतों की खूब धज्जियाँ उड़ाई गईं। हैरानी की बात है कि पिछली सरकारों ने लोगों के हित में टोल प्रबंधकों पर कोई कार्रवाई करने के बजाय उल्टा इन्हें संरक्षण दिया।

## जी-20 महापौर सम्मेलन अहमदाबाद और गांधीनगर में

**नयी दिल्ली:** दुनिया भर के 57 शहरों और देश के 35 शहरों के महापौर एवं प्रतिनिधि 7 और 8 जुलाई को अहमदाबाद तथा गांधीनगर में महापौर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन जी-20 समूह के अंतर्गत गठित कार्यसमूह अर्बन-20 के छठे चरण की बैठक के रूप में किया जा रहा है। अर्बन -20 शहरों का ऐसा मंच है जो जी-20 देशों के शहरों के बीच चर्चा का अवसर प्रदान करता है। सम्मेलन के लिए दोनों शहरों में जोर शोर से तैयारी की जा रही है। सम्मेलन का उद्घाटन 7 जुलाई को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल और आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर करेंगे। अहमदाबाद के महापौर किरीट कुमार जे. परमार प्रतिनिधियों का स्वागत करेंगे और जी-20 के इससे संबंधित शेरपा अभय ठाकुर तथा सचिव मनोज जोशी भारतीय शहरों की विकास यात्रा के संबंध में दृष्टिकोण साझा करेंगे।

## तेलंगाना को 6100 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे मोदी

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ जुलाई को वारंगल में 6100 रुपये की कई विकासात्मक परियोजनाओं की आधारशिला रखने के लिए तेलंगाना का दौरा करेंगे। बुधवार को यहां एक बयान में कहा गया कि आठ जुलाई को लगभग 10:45 बजे श्री मोदी तेलंगाना के वारंगल पहुंचेंगे और एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे जहां वह लगभग 6,100 करोड़ रुपये की कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री 5,500 करोड़ रुपये से अधिक की 176 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इन परियोजनाओं में नागपुर-विजयवाड़ा कॉरिडोर का 108 किलोमीटर लंबा मंचेरियल-वारंगल खंड भी शामिल है। यह खंड मंचेरियल और वारंगल के बीच की दूरी को लगभग 34 किमी कम कर देगा, जिससे यात्रा का समय कम हो जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग-44 और एनएच-65 पर यातायात कम हो जाएगा।

## तीस हजारी न्यायालय में गोलीबारी

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के तीस हजारी न्यायालय में बुधवार को दो वकीलों के गुटों के बीच किसी मुद्दे पर बहस होने के बाद गोलीबारी की घटना सामने आयी। पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब एक बजकर 35 मिनट पर सब्जी मंडी में गोलीबारी होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बताया कि पदाधिकारियों सहित वकीलों के दो अलग-अलग गुटों द्वारा हवा में गोलियां चलाई गईं। घटना में कोई घायल नहीं हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और मामले में जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि वकीलों दो गुटो में कुछ मुद्दों पर बहस शुरू हुई और बात तब ज्यादा बिगड़ गई जब एक व्यक्ति ने कथित तौर पर हवा में गोलियां चला दीं। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें एक व्यक्ति हवा में गोलियां चलाता हुआ दिख रहा है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** एनसीपी के शक्तिप्रदर्शन में अजीत पवार का पलड़ा भारी लेकिन

# आवश्यक बहुमत से अब भी पीछे है यह खेमा

- बहुमत के करीब नहीं कोई भी दल
- शेष 12 विधायकों का रुख स्पष्ट नहीं
- मेरी तस्वीर के अलावा उधर कुछ नहीं: शरद

**राष्ट्रीय खबर**




**मुंबई:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों परस्पर विरोधी गुटों की अलग अलग बैठक में शक्तिप्रदर्शन तो हुआ। इसमें साफ हो गया कि उपमुख्यमंत्री बने अजीत पवार के पास अब भी आवश्यक 34 विधायकों का समर्थन नहीं है। उनकी पहल पर बुलायी गयी बैठक में पार्टी के 53 में से 29 विधायक ही उपस्थित हुए। इसके अलावा चार विधान पार्षदों को भी वहां देखा गया। दूसरी तरफ शरद पवार की आक्रामक राजनीति के बाद भी उनके द्वारा आयोजित बैठक में सिर्फ 13 विधायक मौजूद थे। पार्टी के शेष 12 विधायक दोनों ही बैठकों से अनुपस्थित रहे। वैसे यह एक दर्जन विधायक भी अगर शरद पवार की बैठक में जाते तब भी संख्या बल में उनकी उपस्थिति अजीत पवार खेमा से कम होती। लेकिन दल तोड़ने के कानून के मुताबिक आवश्यक 34 विधायकों का समर्थन नहीं होने की वजह से महाराष्ट्र का यह राजनीतिक नाटक अब भी रोचक स्थिति में है। समझा जाता है कि जो एक दर्जन विधायक दोनों बैठकों से गायब थे, वे भी हार जीत की संभावना को तौल रहे हैं। अजित पवार की बैठक में मौजूद लोगों में से आठ विधायक वे हैं, जिन्होंने रविवार को पवार के साथ राज्य मंत्रिमंडल में शपथ ली थी। 29 विधायकों और 4 एमएलसी ने बुधवार को मुंबई एजुकेशन ट्रस्ट में महाराष्ट्र के नवनियुक्त मुख्यमंत्री अजीत पवार की बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस बैठक में मौजूद विधायकों की सूची भी जारी की गयी है। इसके तहत अजीत पवार खेमा की बैठक में अजीत पवार, छगन भुजबल, हसन मुश्रीफ, नरहरि झिरवाल, दिलीप मोहिते, अनिल पाटिल, माणिकराव कोकाटे, दिलीप वाल्से पाटिल, अदिति तटकरे, राजेश पाटिल, धनंजय मुंडे, धर्मराव अत्राम, अन्ना बंसोड़, नीलेश लंके, इंद्रनील नाइक, सुनील शेलके, दत्तात्रय भरणे, संजय बंसोड, संग्राम जगताप, दिलीप बनकर, सुनील टिंगरे, सुनील शेलके, बालासाहेब अजाबे, दीपक चव्हाण, यशवंत माने, नितिन पवार, शेखर निकम, संजय शिंदे (निर्दलीय), राजू कोरमारे उपस्थित थे। इसके अलावा, एनसीपी के आठ में से चार एमएलसी अमोल मिटकारी, रामराजे निंबालकर, अनिकेत तटकरे, विक्रम काले भी बांद्रा में बैठक में मौजूद थे। डिप्टी सीएम पवार ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ एमईटी में राकांपा का झंडा फहराया। उपस्थित लोगों

» पेज 2 भी देखें

### इसके पीछे भाजपा का ही हाथ है: शरद पवार

दोनों तरफ अपनी अपनी दावेदारी में पिछड़ गये जबकि अपनी बैठक में आक्रामक रवैया अख्तियार करने वाले शरद पवार ने कहा कि उनके (अजीत पवार गुट) पास मेरी तस्वीर के अलावा कुछ नहीं है। ऐसा विश्वासघात मेरे साथ पहले भी हो चुका है लेकिन इतिहास गवाह है कि उस वक्त भी मेरे साथ गद्दारी करने वालों का बाद में क्या नतीजा हुआ था। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण के पहले ही चुनाव आयोग को पत्र लिखना यह साबित कर देता है कि यह एक सोची समझी साजिश है और इसके पीछे भारतीय जनता पार्टी का ही हाथ है। उन्होंने यह भी कहा कि अब जो लोग चले गये हैं, उनमें से शपथ ग्रहण करने वालों के अलावा दूसरे अगर चाहें तो लौट सकते हैं। एक बार पार्टी का दरवाजा उनके लिए बंद हो जाने के बाद क्या होगा, इसका फैसला खुद विधायकों को ही करना है।

देश में हरी मिर्च का दाम अब भी आम बजट से ऊपर होने से परेशानी

## शादी की पार्टी में हरी मिर्च और सलाद पर मारपीट 15 घायल



- बाकी सारे भोजन परोसे गये थे टेबल पर
- दुल्हा दुल्हन ने सलाद मांगा तो विवाद हुआ
- स्थानीय पुलिस ने वहां पहुंचकर बीच बचाव किया

**राष्ट्रीय खबर**

**ढाका:** बांग्लादेश के पटुआखली में एक विवाह समारोह में भोजन के साथ 'कच्ची मिर्च और सलाद नहीं परोसने' को लेकर दूल्हा और दुल्हन के बीच झड़प में कम से कम 15 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बारिसल शेर-ए-बांग्ला मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है. अन्य घायलों का बाउफल उपजिला स्वास्थ्य परिसर में इलाज चल रहा है। यह घटना मंगलवार (4 जुलाई) दोपहर उपजिला के कोनकडिया यूनियन के कुंभखाली गांव में हुई। इस मामले की पुष्टि कोंकडिया यूनियन काउंसिल के चेयरमैन शाहीन हौलादार ने की है। उन्होंने बताया कि शादी समारोह में खाने के साथ हरी मिर्च और सलाद को लेकर झड़प हुई थी. मोती हौलादार (70), मो. जिसान (10), फिरोज हौलादार (18), सालेहा बेगम (70), मालेक हौलादार (40), मो. हचिब (9), मो. रफीक मिया, मो. मिजान और खलेक हौलादार सहित कम से कम 15 लोग घायल हो गए।
संबंधित लोगों से बात करने पर पता चला कि कुंभखाली गांव ने कहा. निजाम मिया का बेटा मेहदी हसन की शादी उसी गांव के बाकू फकीर की बेटी से हुई थी। मंगलवार की दोपहर लड़का पक्ष समारोह के लिए दूल्हे को लेकर लड़की के घर गया। उस समय खाने की मेज पर मछली, मांस और चिकन तो परोसा जाता था, लेकिन मेन्यू में हरी मिर्च और सलाद नहीं होता था। बाद में दूल्हा-दुल्हन डाइनिंग टेबल पर बैठकर हरी मिर्च और सलाद मांगने लगे। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस हो गई। एक समय दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर भिड़ गए। जो लगभग 3 घंटे तक चला। बाद में पुलिस ने

» पेज 2 भी देखें

पुलिस में शिकायत दर्ज होने के बाद अपराधी पहचाने गये हैं

## सब कुछ लूटकर प्रेमी को सड़क पर नंगा छोड़ गयी

- फोन कर मिलने को गिफ्ट के साथ बुलाया
- अगली सुबह हाईवे पर नंगी हालत में मिली
- घायल कर उसका सारा माल लूट लिया गया था

**राष्ट्रीय खबर**




**मुंबई:** प्रेमी को मिलने के लिए बुलाया था। प्रेमी भी उनकी मांग पूरी करने के लिए महंगे गिफ्ट लेकर मिलने आया। लेकिन जैसे ही उसने अपनी प्रेमिका को गिफ्ट दिया तो अचानक उसकी आंखों में अंधेरा छा गया। किसी ने सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया। प्रेमी लगभग तुरंत ही बेहोश हो गया। अगली सुबह उसे होश आया। युवक ने खुद को हाईवे के किनारे पूरी तरह से नग्न अवस्था में पड़ा हुआ पाया। यह महाराष्ट्र के शाहपुर की घटना। पुलिस ने बताया कि युवक का नाम बालाजी शिवभगत है। शाहपुर निवासी बालाजी पेशे से कंस्ट्रक्शन कारोबारी हैं। वह कई साल से शाहपुर निवासी युवती भाबिका भाई के साथ रिलेशनशिप में था। बालाजी ने पुलिस को बताया कि भाबिका ने 28 जून को चार साथियों के साथ उस पर हमला किया था।
पुलिस सूत्रों के मुताबिक भाबिका की उम्र 30 साल है। उन्होंने पिछले शुक्रवार शाम 4:30 बजे बालाजी को शाहपुर में अटगांव हाईवे के पास एक जगह पर बुलाया। उसने गिफ्ट लाने को कहा। प्रेमी के अनुरोध पर बालाजी वहां सोने की बालियां, सोने की चूड़ियां, सोने का नूपुर, नई साड़ी, नए मानसून जूते और एक नया छाता खरीदते हुए दिखाई दिए।
गंभीर चोटों के कारण बालाजी का अब अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, वह अभी भी घटना की अचानकता से उबर नहीं पाए हैं। अस्पताल के बिस्तर से बयान रिकॉर्ड किया। बालाजी ने पुलिस से कहा, ह्यमैंने उसके लिए क्या नहीं किया। उस दिन भी जब उसने मुझसे गिफ्ट लाने को कहा तो मैं चला गया। बालाजी ने अपने बयान में कहा कि वह मौके पर पहुंचकर उन उपहारों को अपने

» पेज 2 भी देखें

### चुनावी माहौल के एक वीडियो ने भाजपा को संकट में डाल दिया



**भोपाल:** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले ही एक वीडियो की वजह से भाजपा अब आदिवासियों के बीच अलोकप्रिय हो गयी है। इस घटना में देखा जा रहा है कि एक शख्स द्वारा जमीन पर बैठे आदिवासी युवक पर सिगरेट पीते हुए पेशाब कर रहा है। इस घटना का वीडियो वायरल हो गया। ऐसी घटना को देख सभ्य समाज के लोग भी हतप्रभ हैं। वीडियो वायरल होने की वजह से पेशाब कर रहे व्यक्ति की पहचान भी जाहिर हो गयी है। वह सीधी के भाजपा विधायक का प्रतिनिधि है। मामले की गंभीरता को समझते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। हालांकि, उनका दावा है कि वीडियो फर्जी है। उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया। दूसरी तरफ आदिवासी समाज से लोग इस घटना को मनुवादी सोच से जोड़कर भाजपा के असली चरित्र का बयान दे रहे हैं। जाहिर है कि प्रदेश के आदिवासी बहुल इलाकों में इस एक घटना की वजह से भाजपा की जीत की संभावनाएं अचानक से घट गयी है। यह वीडियो कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर सामने आया था। इसके वायरल होते ही मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार असहज हो गई। क्योंकि विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर था। बाद में, मध्य प्रदेश में विपक्षी कांग्रेस ने भी दावा किया कि वीडियो में पकड़े गए व्यक्ति के साथ भाजपा नेता देखे गए थे। धीरे-धीरे वो सारी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आ गईं। इसके बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खुद इस मामले पर पहल की। प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने ही केस दर्ज करने का आदेश दिया था। वहीं, मध्य प्रदेश गृह विभाग के सूत्रों के मुताबिक, शख्स की संपत्ति पर बुलडोजर चलाया जा सकता है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी का नाम प्रवेश शुक्ला है। वह मध्य प्रदेश के सीधी जिले का रहने वाला है। उसका यह कारनामा सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। हालांकि उन्होंने इस आरोप से सीधे तौर पर इनकार किया। उधर, वीडियो में दिख रहे आदिवासी युवक की भी पुलिस ने पहचान कर ली और पूछताछ के लिए थाने ले आई।

आरामबाई तेंगोल और कुकी डिफेंस स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी

## एक की मौत, दस से अधिक नागरिक घायल

- एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला
- इंटरनेट निलंबन को 10 जुलाई तक बढ़ा दिया
- मणिपुर में शांति के लिए विशाल रैली आयोजित

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी:** कांगपोकपी जिले में 5 जुलाई को अरामबाई तेंगोल और कुकी रक्षा स्वयंसेवकों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी की सूचना मिली है। सूत्रों के अनुसार, कांगपोकपी जिले के फेलेंग के गमगीफाई इलाके में गोलीबारी की घटना सामने आई है।
इस बीच, सुरक्षा बल स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में एक की मौत और दस से अधिक नागरिक घायल हो गए, एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला है।इससे पहले 5 जुलाई को मणिपुर में कांगपोकपी जिले के फेलेंग के पूर्व और बिष्णुपुर जिले के खोइजुम्ताम्बी के इलाकों में गोलीबारी की है। फेलेंग के पूर्व में रिजलाइन पर पांच जुलाई को सुबह करीब साढ़े चार बजे गोलीबारी शुरू हुई थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, समुदायों के बीच 4 जुलाई को शाम 7 से 8 बजे के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी हुई। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी बंद हो गई।
इन घटनाओं से पहले, 4 जुलाई की सुबह, सशस्त्र बदमाशों ने थौबल जिले के खांगाबोक में इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) से हथियार लूटने का प्रयास किया था। जवाब में, सुरक्षा बलों ने तेजी से हस्तक्षेप किया, जिसके परिणामस्वरूप भीड़ में से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।5 जुलाई को बिष्णुपुर जिले के पीएस फुबाकचाओ इखाई के तहत फौबकचाओ इखाई अवांग लीकाई क्षेत्र और आसपास की पहाड़ी पर बीएसएफ ए-09, सीडीओ-बीपीआर, आईआरबी और कुकी बदमाशों के बीच हुई गोलीबारी में एक नागरिक को गोली लग गई।

**परीक्षण** कई कीट विज्ञानियों ने मिलकर मधुमक्खियों के लिए नई प्रणाली बनायी

# मधुमक्खियों को घातक वायरस से बचाव में मदद मिली

- एक नहीं कई वायरसों के खिलाफ प्रतिरक्षा
- अस्सी हजार मधुमक्खियों पर यह शोध हुआ
- मधुमक्खियों के छत्ते तक यह बचाव पहुंच गया

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** मधुमक्खियों की उपयोगिता हमारे जीवन में कई स्तरों पर है। इसलिए उनका ध्यान रखना भी जरूरी है। इसी बीच लगातार उनपर घातक वायरसों के हमले की तरफ वैज्ञानिकों का ध्यान गया था। इस खतरे को भांपकर वैज्ञानिकों ने मधुमक्खियों की प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के एक नए तरीके का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है ताकि उन्हें घातक वायरस से बचाने में मदद मिल सके, जिसने वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण परागणकर्ता के बड़े नुकसान में योगदान दिया है। एक नए अध्ययन में, अनुसंधान दल, जिसमें फ्लोरिडा विश्वविद्यालय, कृषि अनुसंधान सेवा-यूएसडीए, लुइसियाना राज्य विश्वविद्यालय और नेब्रास्का-लिंकन विश्वविद्यालय के कीटविज्ञानी शामिल हैं, ने दिखाया कि मधुमक्खियों की कोशिकाओं को मुक्त कणों का उत्पादन करने के लिए प्रेरित करने से मधुमक्खियों को मदद मिली। ढेर सारे वायरस का मौसम। वास्तव में, उपचार बहुत कम हो गया, और कुछ मामलों में, पूर्ण

» पेज 2 भी देखें

### अध्ययन के वरिष्ठ लेखक डैनियल स्वाले ने कहा

यह दृष्टिकोण विशेष रूप से रोमांचक है क्योंकि यह सिर्फ एक विशिष्ट प्रकार के वायरस को लक्षित नहीं करता है बल्कि कई अलग-अलग वायरस से मदद करता है। इसके अतिरिक्त, हमने दिखाया कि हमारा उपचार प्रयोगशाला और कॉलोनी दोनों में काम करता है, जिनमें से प्रत्येक क्षेत्र में 80,000 मधुमक्खियां हैं। यह बहुत बड़ा है क्योंकि, एक छत्ते की सेटिंग में, मधुमक्खियां कई अलग-अलग वायरस और तनावों के संपर्क में आती हैं, इसलिए सफलतापूर्वक वायरस को नियंत्रित करती हैं उस माहौल में यह बहुत उत्साहजनक है। शहद मधुमक्खी कालोनियां और उनका प्रबंधन करने वाले मधुमक्खी पालक कई फसलों को परागित करके खाद्य उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हाल के वर्षों में, मधु मक्खियों की आबादी में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है, और वायरस, हालांकि मधु मक्खियों की मौत का शीर्ष कारण नहीं हैं, मुख्य योगदानकताओं में से हैं।

## अफगानिस्तान में महिलाओं के ब्यूटी पार्लरों पर प्रतिबंध



**राष्ट्रीय खबर**

**काबुल:** अफगानिस्तान में महिलाओं के ब्यूटी पार्लरों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संबंध में नैतिकता और नैतिक मामलों के मंत्रालय ने तालिबान के सर्वोच्च नेता हैबतुल्ला अखुंदजादा द्वारा दिए गए एक मौखिक आदेश की जानकारी दी है। मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद आकिफ महाजर ने काबुल स्थित टेलीविजन चैनल टोलोन्यूज को बताया कि यह आदेश राजधानी काबुल समेत पूरे अफगानिस्तान में लागू किया जाएगा। उसके मुताबिक जो ब्यूटी सेंटर अभी चल रहे हैं उनका संचालन बंद कर देना चाहिए। लाइसेंस का

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### बाबूलाल के नेतृत्व में झारखण्ड में खिलेगा कमल: रमेश सिंह

रांची: पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को झारखण्ड भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के पास कुशल नेतृत्व क्षमता है। इनके नेतृत्व में वर्ष 2024 में होनेवाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में झारखंड में कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखण्ड से महागठबंधन का सुपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा कि आलाकमान ने एक व्यापक जनाधार वाले नेता को प्रदेश भाजपा की कमान सौंपी है।

राजनीति

### अध्यक्ष बनने के बाद हेमंत पर और हमलावर

# बाबूलाल मरांडी: यह डर अच्छा है!

- झारखंड में झामुमो का सफाया होने जा रहा है
- झारखंड में लूटतंत्र स्थापित करने वालों में खलबली मची है



राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड बीजेपी की कमान मिलने के बाद बाबूलाल मरांडी और आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने जहां एक ओर हेमंत सोरेन सरकार पर जोरदार तरीके हमला किया है। वहीं, दूसरी ओर अटल बिहारी वाजपेयी जी कविता के कुछ अंश लिखकर कार्यकताओं को एकजुट होकर काम करने का संदेश भी दिया है। बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर लिखा है कि झारखंड में झामुमो का सफाया होने जा रहा है। कांग्रेस वैसे ही ह्ललंगड़ीह्व पार्टी बन गई है। बेहिसाब पैसा बनाने वाले, प्राकृतिक संपदा एवं गरीब आदिवासियों को लूटकर अपना घर भरने वाले, दलाल-बिचौलियों को सरकार की चाभी सौंपने वाले और झारखंड में लूटतंत्र स्थापित करने वालों में खलबली मची है। दम निकलने से पहले की फड़फड़ाहट देखी जा सकती है। लेकिन, यह डर अच्छा है। इससे पहले उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि झामुमो सरकार के दौरान छात्र-नौजवान बेरोजगारी के कारण हताश हैं, उनकी कोई सुनने वाला नहीं।

झामुमो से जुड़े लोग बालू, कोयला, पत्थर, शराब आदि जैसे अवैध धंधों के जरिए दोनो हाथों से लूट रहे हैं। कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के कारण व्यापारी और महिलाओं में असुरक्षा का भाव है। हर रोज रेप, हत्या, रंगदारी की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के आसपास के लोग एक के बाद एक भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे हैं। झारखंड की गरीब जनता से सरकारी दफ्तरों में काम कराने के बदले अनाप-शनाप पैसे मांगे जा रहे हैं। कहीं कोई विकास का काम नहीं हो रहा। सिर्फ झारखंडियों को आपस में लड़ाओ, समाज में तनाव पैदा करो और अपने परिवार का राज कायम रखो। अब ज्यादा वक्त नहीं है। अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। चलो साथियों मिलकर लड़ेंगे।

## न्यूज फटाफट

### बाबूलाल के नेतृत्व क्षमता का संगठन को मिलेगा लाभ : सुनील कुमार सिंह

रांची : बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं हैं। बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री एवं विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर संगठन और सशक्त होगा। उनके कुशल संगठनकर्ता और प्रशासनिक अनुभव के साथ नेतृत्व क्षमता का लाभ संगठन को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि आगामी लोकसभा व विस चुनाव में भाजपा अपना परचम लहरायेगी। राज्य के सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा होगा। उन्होंने यकीन जताते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखंड में भाजपा नए उमंग और उत्साह के साथ आगे बढ़ेगी। साथ ही आगामी 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में देश और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनेगी।

## पेज एक का शेष

### आवश्यक बहुमत से .. .. ..

में से, आठ विधायक छगन भुजबल, हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, दिलीप वलसे पाटिल, धर्मराव बाबा अत्राम, अदिति तटकरे, अनिल पाटिल और संजय बनसोडे वे लोग हैं, जिन्होंने रविवार को पवार के साथ राज्य मंत्रिमंडल में शपथ ली थी।

### शादी की पार्टी में हरी मिर्च .. ..

आकर स्थिति को नियंत्रित किया. इस घटना में दोनों पक्षों के कम से कम 15 लोग घायल हो गये. जब घायलों को पहले बाउफल उपजिला स्वास्थ्य परिसर में ले जाया गया, तो ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बारिसल शेर-ए-बांग्ला मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। बौफल उपजिला स्वास्थ्य परिसर के डॉक्टर। मिराजुल इस्लाम ने कहा कि दो घायल लोगों को बारिसल अस्पताल भेजा गया है। कई अन्य इलाज के बाद घर जा चुके हैं। बागा पुलिस चौकी के एस आई सोहेल ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर गयी और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को बचाकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। हालांकि, इस घटना में अभी तक किसी ने पुलिस से शिकायत नहीं की है। उन्होंने यह भी कहा कि रफीक और मिजान नाम के दो अन्य घायलों को बरिशाल अस्पताल रेफर किया गया है। बाउफल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी (ओसी) अरिचुल हक ने रात में कहा कि अब तक कोई भी पक्ष शिकायत लेकर नहीं आया है।

### सब कुछ लूटकर .. .. ..

प्रेमी को सौंपकर जब दोनों बात कर रहे थे, तभी चार युवक आये और उन पर हमला कर दिया। बालाजी के शब्दों में, जैसे ही मैं अपनी कार लेकर वहां पहुंचा, वह मेरी कार में आ गयी। मेरे हाथ से सारे उपहार ले लेती है। उसके ठीक बाद चार युवक कार के अंदर आये। उन्होंने मुझे एक तरफ धकेल दिया। इससे पहले कि मैं कुछ समझ पाता, एक आदमी मेरी कार चलाने लगा। और किसी ने मेरे सिर पर भारी चॉपर से वार किया। पुलिस के मुताबिक, इसके बाद बालाजी को रात भर अज्ञात स्थान पर ले जाया गया और शारीरिक यातना दी गई। सुबह करीब पांच बजे भाविका और उसके साथी उसे शाहपुर हाईवे पर उतारकर भाग गए। उसके शरीर पर एक भी धागा नहीं था। बदमाशों ने उसकी आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया था।

बालाजी ने पुलिस को बताया कि बदमाश उनकी दो सोने की चेन, मोबाइल फोन, छह अंगूठियां और नकदी अपने साथ ले गए। 29 जून की सुबह बालाजी ने किसी तरह स्थानीय लोगों की मदद से अपने एक दोस्त को बुलाया। वह पुलिस लेकर आये और गंभीर रूप से घायल बालाजी को बचाया। पुलिस ने इस घटना में भाविका समेत चार लोगों की पहचान की है। हालांकि, पुलिस ने कहा कि अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### मधुमक्खियों को घातक .. ..

पैमाने पर क्षेत्रीय अध्ययनों में वायरस गतिविधि लगभग समाप्त हो गई। अध्ययन के सह-लेखक और आणविक जीवविज्ञानी माइकल सिमोन-फिनस्ट्रॉम ने कहा, वेरोआ माइट्स शहद मधुमक्खी के नुकसान का नंबर एक कारण हैं, लेकिन यह बताना महत्वपूर्ण है कि वेरोआ माइट्स, मधुमक्खियों को शारीरिक रूप से कमजोर करने के अलावा, मधुमक्खियों में वायरस भी पहुंचाते हैं। यदि हम शहद मधुमक्खी कालोनियों में वायरस को कम कर सकते हैं, तो यह एक बड़ी बात होगी आगे बढ़े। प्रयोग में, शोधकताओं ने पोटेशियम आयन चैनलों को बदलने के लिए पिनासिडिल नामक एक यौगिक का उपयोग किया, जो मधुमक्खियों और अधिकांश जीवित चीजों की कोशिकाओं में पाया जाने वाला प्रोटीन है। इन चैनलों को बदलने से थोड़े अधिक मुक्त कण उत्पन्न हुए।

कीट विज्ञान के प्रोफेसर ट्रॉय एंडरसन ने कहा , हालांकि मुक्त कण अक्सर कोशिका स्वास्थ्य के लिए खराब होते हैं, मध्यम मात्रा में वे चिकित्सीय हो सकते हैं, जैसा कि हम इस अध्ययन में देखते हैं। इस मामले में, अतिरिक्त मुक्त कण प्रतिरक्षा प्रणाली को तेज होने का संकेत देते हैं, जो मधुमक्खियों को वायरस से लड़ने में मदद करता है।

वैज्ञानिकों ने शहद मधुमक्खी कालोनियों में दवा को चीनी के पानी में मिलाकर और रात में शहद के छत्ते पर पानी छिड़क कर दिया। फिर मधुमक्खियों ने चीनी का पानी पिया और इसे अपने बच्चों को खिलाया। दिन के दौरान, मधुमक्खियां लगातार छत्ते से बाहर घूमती रहती हैं, इसलिए रात में उन्हें उपचार देने से इसे प्राप्त करने वाली मधुमक्खियों की संख्या अधिकतम हो जाती है।

उपचार ने मधुमक्खियों को छह संभावित घातक शहद मधुमक्खी वायरस से बचाया: इजराइली तीव्र पक्षाघात वायरस, विकृत पंख वायरस ए और बी, ब्लैक क्वीन सेल वायरस और लेक सिनाई वायरस 1 और 2। शोधकताओं ने यह भी दिखाया कि पिनासिडिल ने अधिक मधुमक्खियों को भारी रूप से संक्रमित कॉलोनियों में जीवित रहने में मदद की। शोधकताओं ने कहा कि वाणिज्यिक शहद मधुमक्खी के छत्ते में पिनासिडिल का प्रशासन केवल कुछ मधुमक्खी पालकों के लिए ही संभव हो सकता है, लेकिन अध्ययन अन्य सक्रिय अवयवों की पहचान करने का द्वार खोलता है जो बेहतर काम कर सकते हैं और लागत कम हो सकती है।

### अफगानिस्तान में महिलाओं .. ..

नवीनीकरण बंद हो जाएगा। पिछले लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। नैतिकता और नैतिकता मंत्रालय के प्रवक्ता आकिफ महाजार ने यह भी कहा कि इस बीच, काबुल नगर पालिका को महिलाओं के सौंदर्य सैलून के लाइसेंस रद्द करने के लिए कहा गया है। इस फैसले के बाद इस कारोबार से जुड़ी अनेक महिलाओं को रोजगार पर ग्रहण लग गया है। रेहान मुबारिज पेशे से एक मेकअप आर्टिस्ट हैं। उन्होंने कहा, कई लोगों के पास नौकरियां नहीं हैं। ऐसे में महिलाओं को परिवार चलाने के लिए काम करना पड़ता है। कई लोगों को ब्यूटी सैलून में काम मिल गया है। अब ब्यूटी सैलून बंद हो गया तो वे क्या करेंगे?

रेहान मुबारिज ने यह भी कहा, अगर पुरुषों के पास नौकरी है, तो हम घर नहीं छोड़ेंगे। इसके अलावा हम और क्या कर सकते हैं? तुम खाये बिना मर जाओगे। आप चाहते हैं कि हम मर जाएं? सत्ता में आने के बाद तालिबान प्रशासन लगातार महिलाओं पर तरह-तरह के प्रतिबंध लगा रहा है। इस बीच महिलाओं के शैक्षणिक संस्थानों में जाने पर रोक लगा दी गई है। पार्क और मनोरंजन केंद्र भी महिलाओं के लिए बंद हैं। गैर-सरकारी विकास संगठनों (एनजीओ) की गतिविधियां बंद कर दी गई हैं। अंतरराष्ट्रीय हलके तालिबान सरकार के इन कदमों की आलोचना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के स्तर पर भी महिलाओं को अधिकार नहीं देने की वजह से तालिबान से अब तक कोई औपचारिक वार्ता नहीं हुई है।

### नए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रवाना

## गुवाहाटी में बनेगी झारखंड की चुनावी रणनीति



राष्ट्रीय खबर

रांची : झारखंड में लोकसभा चुनाव की रणनीति का खाका 6 जुलाई को गुवाहाटी में बनेगा। इसे लेकर भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुवाहाटी दौरे पर हैं। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के दूसरे दिन बुधवार को वे गुवाहाटी के लिए रवाना हुए, जहां वे पूर्वी भारत की संगठनिक इकाइयों की बैठक में शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में बाबूलाल मरांडी के अलावा झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास और भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा भी शामिल होंगे।केंद्रीय नेतृत्व ने पूर्वी भारत के सभी राज्यों की सांगठनिक इकाइयों की बैठक बुलाई है। जिसमें झारखंड की भी 14 लोकसभा सीटों की स्थिति को लेकर विचार-विमर्श होगा। झारखंड के अलावा बिहार बंगाल ओडिशा समेत उत्तर-पूर्व के राज्यों के प्रमुख नेता इस बैठक में भाग लेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए सीटवार रणनीति बनाई जाएगी। सत्तारूढ़ गठबंधन की तैयारी को भी ध्यान में रखा जाएगा। जून महीने में चलाए गए महा जनसंपर्क अभियान की भी समीक्षा की जाएगी।

### जब जब चुनाव का समय आता है, यह मुद्दा गर्म किया जाता है

# झारखंड के आदिवासियों को यूसीसी से बाहर रखने की मांग



राष्ट्रीय खबर

रांची: आदिवासी समाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने आदिवासी अधिकार मंच के बैनर तले यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) के विरोध में धरना दिया। राजभवन के समक्ष आयोजित एक दिवसीय धरना में आदिवासी संगठनों के सभी बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया। इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से आदिवासियों ने यूसीसी लागू हो जाने से आदिवासियों के सामने आने वाली परेशानियों पर चिंता व्यक्त की गयी। धरना को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि यूसीसी लागू करना भाजपा के चुनावी एजेंडे में है। जब जब चुनाव का समय आता है, यह मुद्दा गर्म किया जाता है। लोकसभा चुनाव नजदीक होने के कारण एक बार फिर से यूसीसी का मुद्दा पूरे देश में गर्म है। अगर केंद्र सरकार यूसीसी लागू करती है तो यह आदिवासियों के विशेष अधिकारों का हनन होगा। देवकुमार धान ने कहा कि आदिवासियों को संविधान में विशेष अधिकार प्राप्त है। हिंदू मैरिज एक्ट के तहत आदिवासियों की शादी नहीं होती है। संबंध विच्छेद में भी अलग तरीका अपनाया जाता है। हमारे यहां सामाजिक तौर पर इनका निपटारा होता है। अगर यूसीसी पूरे देश में लागू हो जाएगा तो आदिवासियों का नसरत विशेषाधिकार खत्म होगा। बल्कि हमारा अस्तित्व भी खतरे में आ जाएगा। इसके अलावा अन्य नेताओं ने भी सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासियों का जल, जंगल, जमीन और परंपरा उनकी विरासत है। यूसीसी लागू कर केंद्र सरकार आदिवासियों का हक नहीं छीन सकतीं। यह हमारे लिए अधिकार की लड़ाई है। हम किसी भी कीमत में इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। भारत सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए भारतीय विधि आयोग द्वारा सुझाव और विचार मांगा जा रहा है। धरना के बाद झारखंड की अनुसूचित जनजातियों को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से बाहर रखने की मांग से संबंधित राष्ट्रपति के नाम प्रेषित एक ज्ञापन राजभवन में दिया गया।

## अब भाजपा का सत्ता में आना सुनिश्चित : डॉ प्रणव



राष्ट्रीय खबर

रांची: वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता डॉ। प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा झारखण्ड विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता और प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना सबसे अधिक दूरदर्शितापूर्ण, व्यावहारिक और सटीक निर्णय है।

उन्होंने कहा कि इससे पूरे झारखण्ड में भारतीय जनता पार्टी मजबूत होगी। डॉ बब्बू ने कहा कि, श्री मरांडी भारतीय जनता पार्टी के वैसे नेता हैं जिनकी पूरे झारखण्ड में जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ है साथ ही, झारखण्ड गठन के बाद मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने जिस प्रकार से झारखण्ड के विकास को एक नयी दिशा दी उससे उनकी छवि बहुत बेहतर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी में एक ऐसा सकारात्मक वातावरण उत्पन्न होगा।

जिसके कारण ना केवल अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीतेगी बल्कि 2024 के आगामी विधानसभा चुनाव में भी सत्ता में वापसी करेगी और झारखण्ड की जनता के भाग्य में पिछले विधानसभा चुनाव से छाया ग्रहण समाप्त होगा

### डायन बिसाही में हत्याओं पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

रांची: झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में डायन बिसाही के नाम पर हो रही हत्याओं पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस मामले में पूर्व में हाईकोर्ट ने जितने निर्देश दिए हैं, उनका पालन किया गया है, या नहीं ? अदालत के किन-किन निर्देशों का पालन किया गया है इसकी विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने सरकार से यह भी बताने को कहा है कि इस तरह के मामले में अब तक क्याकार्रवाई की गई है। कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है। केस दर्ज होने के बाद समय पर चार्जशीट दाखिल की जाती है या नहीं? हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में अब इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। बुधवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि सरकार को इस गंभीर मामले से निपटने के लिए पूरी कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

## मनरेगा में हुई गड़बड़ी : हाईकोर्ट ने दिया राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश



राष्ट्रीय खबर

रांची: चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि इससे संबंधित मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी ) में जो प्राथमिकी दर्ज की गई थी उसकी वर्तमान में जांच की क्या स्थिति है। कोर्ट ने संदर्भ में राज्य सरकार से जवाब मांगा था।प्रार्थी की ओर से की ओर से कोर्ट को बताया गया था वित्तीय वर्ष 2008-9, 2009-10, 2010-11 में चाईबासा में करीब 28 करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला हुआ है। इसे लेकर चाईबासा में पुलिस ने 14 एफआईआर दर्ज की थी। बाद में एसीबी ने मामले में भी पीइ ( प्रारंभिक जांच) दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था , लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

चाईबासा में उक्त 3 वित्तीय वर्षों में मनरेगा कार्यों में अग्रिम राशि का भुगतान तो कर दिया गया था लेकिन कोई काम धरातल पर नहीं हुआ था। उस समय चाईबासा के डीसी के श्रीनिवासन थे। बता दें कि चाईबासा में मनरेगा में घोटाला की जांच को लेकर प्रार्थी ने वर्ष 2013 में जनहित याचिका दाखिल की थी, बाद में कोर्ट ने इस मामले को निष्पादित कर दिया था। इसके बाद में प्रार्थी की ओर से वर्ष 2021 में फिर से जनहित याचिका दाखिल कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई है।

संकल्प

### नेताओं ने केंद्र से भाजपा की सत्ता को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

# रांची में राजद का 27वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

- उसे पूरा करने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है
- वक्ताओं ने कहा कि आज संविधान खतरे में है
- महंगाई से आम आदमी तबाह और परेशान हैं




राष्ट्रीय खबर

रांची: राष्ट्रीय जनता दल बुधवार को अपना 27वां स्थापना दिवस मना रहा है। पार्टी का स्थापना दिवस समारोह झारखंड राजद के सभी जिला कार्यालयों में मनाया जा रहा है। वहीं मुख्य कार्यक्रम रांची के प्रदेश कार्यालय में हुआ। राष्ट्रीय जनता दल के स्थापना दिवस समारोह में वक्ताओं ने कहा कि जिन उद्देश्यों को लेकर राजद का गठन लालू प्रसाद ने किया था, उसे पूरा करने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। वक्ताओं ने कहा कि आज संविधान खतरे में है। देश की गंगा-जमुनी संस्कृति पर रोज हमले हो रहे हैं, महंगाई से आम आदमी तबाह और परेशान हैं, युवाओं के सामने बेरोजगारी और अंधकार भविष्य है। ऐसे में राष्ट्रीय जनता दल का कोई भी कार्यकर्ता चुप नहीं बैठ सकता। वक्ताओं ने कहा कि इन मुद्दों पर जनता का सहयोग लेकर राष्ट्रीय जनता दल आंदोलन करेगा। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने जनता दल से अलग होकर राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना पांच जुलाई 1997 में की थी। राष्ट्रीय जनता दल के 27वें स्थापना दिवस पर झारखंड प्रदेश कार्यालय में स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है।पार्टी का ध्वज फहराकर प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कार्यक्रम की शुरूआत की। झारखंड राजद की उपाध्यक्ष अनिता यादव, प्रदेश युवा अध्यक्ष रंजन कुमार, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, राधाकृष्ण किशोर, महिला राजद की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी, झारखंड राजद के कोषाध्यक्ष और चतरा लोकसभा से उम्मीदवार रहे सुभाष यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए।राष्ट्रीय जनता दल के 27 वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ करने के बाद प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि उनके नेता लालू प्रसाद ने पिछड़े, दलितों अल्पसंख्यकों और वंचित समाज को आवाज देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय जनता दल के 27वें स्थापना दिवस पर राजद के नेताओं और कार्यकताओं ने भाजपा को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की चुनौती को स्वीकार करते हुए राष्ट्रीय जनता दल लगातार यह प्रयास कर रहा है कि देश से भाजपा की विदाई हो।राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल की जड़ें अंगद की पांव की तरह गहरी हैं। ऐसे में न तो हमें कोई नजरअंदाज कर सकता है और न ही हमें यहां से कोई उखाड़ सकता है। वहीं बाबूलाल मरांडी को प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष बनाये जाने के सवाल पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पहले उन्हें हमने मुख्यमंत्री और अन्य रूप में देखा है। इसके साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर पूछे गए सवाल से बचते दिखे संजय सिंह यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी को भारत की सत्ता से हटाने का एकमात्र लक्ष्य है।

# जीबीएम कॉलेज: जल्द होगी स्मार्ट क्लास से पढ़ाई, छात्राओं को मिलेगी हाईटेक सुविधा

## रोचक एवं बारीकी ढंग से विद्यार्थियों को साझा किया जाएगा टॉपिक

राष्ट्रीय खबर

**बोधगया :** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में इंटर एवं ग्रेजुएशन की पढ़ाई करने वाले छात्राओं को स्मार्ट क्लास, पैनल डिस्प्ले बोर्ड, डिजिटल बोर्ड एवं ई-लर्निंग सॉफ्टवेयर से पढ़ाई और अन्य सुविधाएं मिलेगी। छात्राओं की पढ़ाई को हाईटेक बनाने के लिए स्मार्ट क्लास का निर्माण किया गया है। स्मार्ट क्लास में इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल,मोशन डिटेक्टिव कैमरा, ऑडियो माइक प्रोजेक्टर, केवल एवं अन्य उपकरण लगाए गए हैं। उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए बिहार उच्चतर शिक्षा परिषद के निर्देश पर कॉलेज प्रशासन ने इस योजना पर अमल शुरू कर दिया है।




इसके लिए खास तरह के एलइडी स्क्रीन मुहैया कराए जा रहे हैं। इनका नाम इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले दिया जा रहा है। जिसे 20 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित भवन के दूसरे फ्लोर पर तैयार किया गया है। नए सत्र 2023- 27 में छात्राएं स्मार्ट क्लास में पढ़ते नजर आएंगे। पूर्ण रूप से वातानुकूलित स्मार्ट क्लासेज में छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ प्रोजेक्टर पर प्रेजेंटेशन के द्वारा विषय वस्तु को बारीकी से समझेंगे। उन्हें लंबे समय तक तथ्यों को याद करने में आसानी होगी। छात्राओं की सुविधा के लिए जिसको द्वारा पढ़ाए गए टॉपिक को रिकॉर्ड कर विद्यार्थियों से साझा भी किया जाएगा। छात्राओं को बैठने के लिए आरामदायक सोफे के अलावे डेस्क लगे हुए हैं। स्मार्ट क्लासेज को हाईटेक और संसाधन युक्त बनाने के लिए विद्युतीकरण एवं तकनीकी उपकरण लगाने का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। अगले कुछ महीनों में यह बनकर तैयार हो जाएगा।स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से छात्राएं विषयवार घटनाओं का अपडेट प्राप्त कर सकेंगे। नवीनतम शोध विद्यार्थियों को तुरंत उपलब्ध हो जाएगा, जो छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा। बताते चलें कि इस तरह के स्मार्ट क्लास सर्वप्रथम पहले चरण में पटना कॉलेज, कॉलेज ऑफ कॉमर्स पटना, मारवाड़ी कॉलेज भागलपुर,मगध महिला कॉलेज पटना, नालंदा कॉलेज नालंदा में लग चुके हैं। मगध यूनिवर्सिटी के सभी अंगीभूत कॉलेजों में स्मार्ट क्लासेज लगाने की कवायद चल रही है।

## जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता सहित उनकी टीम ने गंडक कटाव स्थल का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**मधुबनी:** जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता, बाढ़ एक्सपर्ट, अधीक्षण अभियंता और कार्यपालक अभियंता द्वारा बुधवार के दिन 17.1 किमी रंगललही के समीप ठोकर तथा 16.4 किमी गदीयानी टोला कटाव स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 17.1 किमी रंगललही के सामने ठोकर धंसा हुआ पाया गया जिसके बाद उक्त स्थल पर लोहे की जाली में सैंड बैग आदि का इस्तेमाल कर स्थल को सुरक्षित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान 16.4 किमी से लेकर 16.5 के बीच करीब 50 मीटर में कटाव स्थल का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दी गई । 26.75 किमी के पास नदी का टकराव बढ़ गया जिसको लेकर डिवीजन संख्या दो के कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार को लगातार मोनिटरिंग सहित कई अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दी गई। अभियंताओं की टीम द्वारा हरखा टोला का भी निरीक्षण किया गया । मौके पर सहायक अभियंता बसंत पासवान ,पंकज कुमार, कामेश्वर दास जेई अरुण कुमार, धर्मेंद्र कुमार,ब्रजेश कुमार आदि उपस्थित रहे



## वीटीआर से वापसी के दौरान बाइक दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** वीटीआर के विभिन्न पर्यटन स्थलो के घुमकर लौटने के दौरान लक्ष्मीपुर रमपुरवा के पास जंगल में सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। दोनों वाल्मीकि नगर से घूम कर बुधवार की देर शाम बगहा जा रहे थे। इस दौरान कुछ जंगली जानवरों का झुंड सड़क पार करते हुए दिखाई दिया और कंट्रोल करने के दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया और युवक घने जंगल में घुसे। घने जंगल के अंदर बाइक की आवाज और लाइट देखकर पीछे से आ रहे लोग रुके और दोनों युवकों को अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति नाजुक देखते हुए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया है।परिजन दोनों का इलाज गोरखपुर में करा रहे हैं, लेकिन दोनों की स्थिति अभी नाजुक बनी हुई है। अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में इलाज कर रहे डॉक्टर विद्यानंद ने बताया कि मंगलवार की देर रात मगुराहा दोन निवासी मगनी महतो का बेटा भरत कुमार (18) और बुधराम महतो का बेटा वीरू कुमार (19) को इलाज कराने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। दोनों के सिर और सीने में गहरा जख्म था। बताया गया कि बाइक का एक्सीडेंट हुआ है। स्थिति नाजुक देखते हुए दोनों को रेफर कर दिया गया है। बता दें कि बरसात के दिनों में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व का जंगल काफी खतरनाक हो जाता है। शाम ढलते ही जंगली जानवर एक साइड से दूसरे साइड जंगल में आने-जाने लगते हैं। ऐसे में तीव्र गति से वाहन चलाना कभी-कभी खतरनाक हो जाता है।



## बिहार सरकार के दोहरी नीति के विरोध में प्रेस वार्ता

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नही चाहते कि बिहार में विकास हो,सांसद डॉ संजय जायसवाल

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.च:** बिहार सरकार के दोहरी नीति के विरोध में भाजपा संगठन जिला रक्सौल के द्वारा सगौली में आयोजित प्रेस वार्ता को बेतिया लोकसभा के सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल ने किया संबोधित।इस दरम्यान बिहार में नियोजित शिक्षकों के साथ हो रहे सौतेला व्यवहार के खिलाफ 13 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं के साथ विधानसभा मार्च करने की बात बताई।साथ ही नीतीश कुमार की निकम्मी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि नीतीश कुमार एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो कभी नहीं चाहते कि बिहार में विकास हो,इस दरम्यान पुर्व मंत्री रामचंद्र सहनी,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक पांडे,ओबोसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास शर्मा,मुकुल सिंह,राम इकबाल प्रसाद,आंनद अवस्थी प्रदेश संयोजक, एनआरआई/एनआरबी प्रकोष्ठ,मंडल अध्यक्ष रवि पासवान,महेश मिश्रा,मुरारी पांडेय,मनोज सिंह,सहित जिले के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## अंचलाधिकारी ने किया मसान नदी के कटाव स्थल का निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** प्रखंड बगहा एक के सलहा बरिअरवा पंचायत के झारमहुई गांव के समीप मसान नदी में कटावरोधी कार्य का निरीक्षण मंगलवार को अंचलाधिकारी बगहा एक अभिषेक आनंद ने किया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने कटाव स्थल का मुआवना किया। तथा कटावरोधी कार्य का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर पहुंचे दर्जनों लोगों ने तत्काल सीओ से एक सौ मीटर बोम्बों पायलिंग कार्य कराने की मांग की। साथ ही तीन सौ मीटर पूरब में बनायें गए चैनल के सेल्ट की सफाई कराने की मांग भी लोगों ने सीओ से की। अंचलाधिकारी ने मसान नदी के कटाव स्थल का निरीक्षण करते हुए कटावरोधी कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मसान नदी से ध्वस्त स्थल की शीघ्र ही मरम्मती कार्य कराने का आश्वासन भी मसान नदी के तटीय इलाकों के लोगों को दिया। कहा कि सरकार तटबंधों व मसान नदी के बचाव व सुरक्षा के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ताकि तटीय इलाकों के लोगों को बरसात के दिनों में परेशानी की सामना नहीं करना पड़े।



## कार्रवाई : शराब के साथ तीन युवा तस्कर गिरफ्तार

# एसडीपीओ संजीव कुमार के नेतृत्व में मिली उपलब्धि, तस्करों के नए रास्ते पर लगा ग्रहण

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** शराब के साथ तीन युवा तस्करों की गिरफ्तारी अलग-अलग जगहों से हुई है। गोपालगंज पुलिस की गिरफ्त में हैं। सूत्र बताते है कि गंडक नदी के रास्ते शराब की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसके लिए पुलिस व प्रशासन लाख जतन कर रही है, अलबत्ता शराब की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को उत्तर प्रदेश से गंडक नदी के रास्ते, बिहार में शराब की बड़ी खेप पहुंचाने के क्रम में गम्हरिया छरकी बांध के पास, गोपालगंज जिला पुलिस ने तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

गोपालगंज सदर एसडीपीओ संजीव कुमार के हवाले से बताया गया है कि गुप्त सूचना पर शराब की बड़ी खेप गंडक नदी के रास्ते बिहार ले जाने के क्रम में 270 लीटर विदेशी शराब समेत तीन तस्करों को गोपालगंज के जादोपुर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिनमें पश्चिम चम्पारण जिला का दो एवं कुशीनगर जिला का एक व्यक्ति बताया गया है। अनलोगों ने शराब ट्रैक्टर ट्रॉली में तहखाना बनाकर छुपा रखा। जिसे बरामद कर, गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया। शराब तस्करी के आरोप में बेतिया पुलिस के योगापट्टी थाना क्षेत्र के बरियारपुर निवासी हरेंद्र यादव के पुत्र दिलीप कुमार यादव, बगहा पुलिस जिला के बथवरिया थाना क्षेत्र के रामचंद्र यादव के पुत्र विनय यादव एवं कुशीनगर जिला के दूधघटवा निवासी नत्थू यादव के पुत्र धुरंधर यादव गिरफ्तार बताए गए हैं। तस्करों से पूछताछ के दौरान उनकी निशानदेही पर शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी का प्रयास पुलिस कर रही है। बता दें कि गंडक नदी के रास्ते उत्तर प्रदेश से पश्चिम चम्पारण व बिहार में शराब की खेप रुकने का नाम नहीं ले रही है। शराब तस्कर दिन-रात फल फूल रहे हैं। पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी तस्करों की गतिविधि पर विराम नहीं लग रहा है।



## ट्रेन से कटकर एक मगरमच्छ की मौत, दुसरे को गंडक में छोड़ा



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** मंगलवार की देर रात वीटीआर वन प्रमंडल दो के मदनपुर वनक्षेत्र के मंगलपुर औसानी के गांव मे दो मगरमच्छ निकलने की सुचना मिली।इस सुचना को गंभीरता से लेते हुए मदनपुर वनक्षेत्र के कांटी उपखंड के वनरक्षी के नेतृत्व मे वनकमीयो की टीम पहुंची।वनकमीयो की टीम घटनास्थल पर पहुंच रेलवे ट्रेक पर अज्ञात ट्रेन से कटकर मरे एक मगरमच्छ के शव को अपने कब्जे मे ले लिया तथा दुसरा मगरमच्छ को गांव के पास से सुरक्षित रेस्क्यू कर गंडक नदी मे छोड़ दिया।इस संबंध मे मदनपुर वनक्षेत्र के वनरक्षी ने बताया कि मंगलपुर औसानी गांव मे दो मगरमच्छ निकलने की सुचना मिली थी जिसमे एक मगरमच्छ की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है।इस सुचना को गंभीरता से लेते हुए वनकमीयो की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचा गया तो मृत मगरमच्छ के शव को कब्जे मे ले लिया गया तथा एक मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू कर गंडक नदी में छोड़ दिया गया।

## महिला से दुष्कर्म व धोखाधड़ी के मामला में पांच नामजद

**बेतिया/ मैनाटांड़ :** थाना क्षेत्र के एक गांव में बंदूक का भय दिखाकर कतिपय तत्वों ने एक महिला से दुष्कर्म किया। न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) के आदेश पर मैनाटांड़ थाना में दोषियों में 5 व्यक्ति के विरुद्ध पीड़िता ने एफआईआर दर्ज कराया। थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर कांड दर्ज कर पांच लोगों को नामजद किया गया है। नामजद लोगों में पूर्वी चंपारण जिला के गोविंदगंज थाना क्षेत्र के सरैंया पिपरा निवासी सुरेश कुमार, पूजा देवी, संतोष साह, सत्येंद्र शुक्ला व एक अज्ञात बताया गया है। पुलिस के अनुसार मामले की छानबीन की जा रही है। उपर्युक्त मामला में दोषी पाए जाने वालों को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया जाएगा। दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने बताया है कि आरोपी उसकी जान पहचान के हैं, उन्होंने पीड़िता और उसके पति से एक लाख रुपए उधार मांग लिया। आवश्यकता पड़ने पर बार-बार कहने के बाद भी रुपये नहीं लौटया। उसके बाद, रुपए के बदले रक्सौल में जमीन देने के नाम पर उन लोगों ने 19 लाख रुपये ले लिया। पुनः रुपए लौटाने के बहाने 3 व्यक्ति पीड़िता के घर पहुंचे और रात के 11:00 बजे बंदूक का भय दिखाकर सभी ने सामूहिक दुष्कर्म किया। अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दिया। आरोपियों ने उनसे लिए लाखों रुपए भी हड़प लिया।

## लौरिया सीओ को आवेदन देकर दाखिल खारिज रोकने की गुहार

**लौरिया :** थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी घनश्याम पांडेय ने अपनी विवाहिता पुत्री एवं सौतेली बहन पर 21 कट्ठा जमीन धोखाधड़ी कर किसी अन्य को रजिस्ट्री करने का आरोप लगाया है। वहीं सीओ को आवेदन देकर दाखिल खारिज पर रोक लगाने की गुहार लगाया है। आवेदक घनश्याम ने सीओ को दिए आवेदन में बताया है कि वह बाहर मजदूरी करता है, जब उसे जानकारी मिली कि विवाहिता पुत्री एवं बहन ने किसी अन्य को रजिस्ट्री कर दिया है। यह जमीन उनकी पुश्तैनी है, गलत ढंग से अन्य व्यक्ति को रजिस्ट्री किया गया है। इस संबंध में सीओ शशिरंजन कुमार ने बताया कि आवेदन पर जांचकर अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

## बगही देवराज में युवती की हत्या मामला में एक नामजद

**लौरिया :** थाना क्षेत्र के बगही देवराज गांव के सरेह में एक युवती का शव बरामद हुआ। उसके पिता ने प्रेम प्रसंग में बगही गांव के एक युवक पर हत्या का आरोप लगाकर उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। मृतका नजराना खातून के पिता शमसुद्दीन अंसारी ने आवेदन में कहा है कि उसकी विवाहित पुत्री ईद पर्व पर अपने ससुराल साठी थाना क्षेत्र के लछनौता गांव से ढ़ाई वर्षीय पुत्र के साथ मायके आई। इधर बीते सोमवार को उसकी पुत्री सुबह के 10 बजे शौच करने के लिए सरेह में गई। शाम तक जब वह घर नहीं लौटी तो हमसब उसे खोजने के लिए निकले, जहां गांव के ही टुन्ना शेख के खेत में काम कर रहे एक मजदूर ने बताया कि खेत के मेड पर लड़की का लाश फेंका हुआ है। वहां पहुंचने पर देखा कि मेड़ पर पड़ी लाश उनकी पुत्री का है। मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री की हत्या गांव के सरफराज मंसूरी का पुत्र सरताज मंसूरी ने किया है। मृतका के पिता ने स्वीकार किया है कि उसकी पुत्री के साथ सरताज का पूर्व में प्रेम प्रसंग रहा। उन्होंने बताया कि एक बार सरफराज सूनसान देखकर घर में घूस गया, जहां उसे पकड़ा गया। इधर थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले का सूक्ष्म अनुसंधान कर रही है।

## चोरी की बाइक मामला में एक गिरफ़्तार

**बगहा :** रामनगर थाना क्षेत्र में विगत 24 जून को बगहा एसपी किरण गोरख जाधव ने मधुबनी गाँव में छापामारी के दौरान कुंदन साह के घर से बरामद पल्सर बाइक को अनुसंधान के क्रम में चोरी का पाया। इस मामले में दर्ज कांड संख्या 297 /23 के आरोपी कुंदन को बुधवार को गिरफ़्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। बाइक पर अंकित नम्बर यूपी 57 8236 भी फजी पाया गया। थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि छापेमारी के दौरान जब्त बाइक की जाँच की जा रही है। इसी मामला में कुंदन कुमार की बाइक चोरी की पाई गई है । जिसे गिरफ़्तार न्यायालय को सुपुर्द किया जा रहा है ।

## शराब के साथ तीन गिरफ्तार, दो बाईक जप्त

**बेतिया :** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को समकालीन अभियान में निशा गश्ती के दौरान खैरा टोला के समीप कुर्मी टोला से विपरीत दिशा में आ रहे दो बाइक को शक के आधार पर रोका। उसी क्रम में तीन व्यक्ति को शराब के साथ गिरफ्तार किया। दोनों बाईक को जप्त भी किया, तीनों व्यक्ति में खैरा टोला गांव के लालबाबु यादव, नौतन हाई स्कूल के राहुल कुमार और पुर्वी हरिजन टोली के प्रदीप कुमार का नाम बताया गया है। थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने बताया कि निशा गस्ति के दौरान पुलिस को समकालीन अभियान के समय सूचना मिली कि कुछ तस्कर बइक से उत्तर प्रदेश से शराब की खेप लेकर खैरा टोला के तरफ जाने के क्रम में बाइक रोक कर तलाशी लिया तो तलाशी के दौरान टेट्रा पैक, 8 पीएम, फ्रुटी के 240 पीस शराब बरामद किया। पुलिस पुछताछ के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

## नाग नागिन का जोड़ा कर रहा था अठखेलियां, विडियो हुआ वायरल

**बगहा :** नगर थाना के रतनमाला स्थित एक बगीचे में सावन महीने के दूसरे दिन नाग-नागिन का जोड़ा अठखेलियां करता नजार आया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत उसका वीडियो बनाया तथा विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्मो पर वायरल कर दिया। बताया जा रहा है कि गांव के बगल में एक बगीचा है । जहां पर दो सांपों को अठखेलियां करते हुए लोगों ने देखा। किसी राहगीर ने रुक कर अठखेलियां करते हुए सांपों का वीडियो बना लिया।सावन महीने में सांपों के जोड़े को देखने के लिए गांव से लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि लोगों की धमक पाकर दोनों सांप घनी झाड़ियों की तरफ चले गए। वन विभाग के बगहा रेंजर सुनील कुमार ने बताया कि मानसून के दौरान सांपों का प्रजनन काल होता है। इसी समय शर्प का जोड़ा एक दूसरे के साथ मिलन करते हैं। सांपों की मेटिंग मानसून आने का इशारा होती है। रेंजर ने बताया कि मीटिंग के समय सांप काफी उग्र होते हैं । इस दौरान उनके करीब जाने से बचे। इनके ऊपर कपड़ा आदि फेंकना गलत है। किसी भी प्रकार से इन्हें छेड़ना नहीं चाहिए। अगर घर के आस-पास हो तो तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना देनी चाहिए।

## एनसीसी के लिए 50 छात्रों का हुआ चयन

**बगहा :** डीएम एकेडमी में नेशनल कैडेट कोर के लिए बटालियन के पदाधिकारियों की ओर से सत्र 2023-25 के लिए 50 छात्रों का चयन किया है। चयन में कुल 85 बच्चो ने भाग किया था। चयन की प्रक्रिया में छात्रों को फिजिकल की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। जिसमें हाथ, आंख और पैर की जांच की गई साथ ही सीट अप, पुस-अप, 5 मीटर सटल दौड़ और लिखित परीक्षा ली गई। इन सभी प्रक्रियाओं में सम्मिलित छात्रों में से सफल 50 छात्रों का अंतिम रूप से चयन किया गया तथा 5 छात्रों का चयन रिजर्व में किया गया। इस दौरान 25 बिहार बटालियन एनसीसी मोतिहारी के कर्नल प्रदीप कुमार सिंह बच्चो से बताया कि नेशनल कैडेट कोर युवाओं में चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, की भावना को विकसित करने का प्रशिक्षण देता है। एनसीसी का मुल उद्देश्य है कि छात्रों में जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व गुणों के साथ संगठित प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं का एक पुल बनाना है। चयन की इस पूरी प्रक्रिया में 25 बिहार बटालियन एनसीसी के कर्नल प्रदीप कुमार सिंह (सेना मेडल), सूबेदार मेजर जॉनी इंदावर, सूबेदार नानक चंद, हवलदार रेशम राणा, हवलदार याद सर, हवलदार उलझन, हवलदार अनूप कुमार, विभागीय लिपिक लालबाबू के साथ डीएम एकेडमी के शिक्षक सह एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर देवी दत्त मालवीय उपस्थित रहे।

## शपथ-पत्र

मैं मो. तबरेज आलम, पे. मो. नसीर, उम्र 37 वर्ष, सा. - हरदिया, थाना रघुनाथपुर ओपी (तुरकौलिया), जिला - पूर्वी चंपारण का स्थाई निवासी हु। यह की मेरा पहले पासपोर्ट में नाम तबरेज अजीज था। यह की अब मेरा आधार कार्ड व पैन कार्ड में नाम मो. तबरेज आलम है। अब मुझे मो. तबरेज आलम नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

## शपथपत्र

मैं इरफान हुसैन उम्र-30 वर्ष पिता- पीरजादा हुसैन, साकिन-धनही वार्ड नंबर 13 पोस्ट+थाना - सुगौली, जिला- पूर्वी चंपारण का स्थाई निवासी हूं। मेरे सेवा पुस्तिका में मेरी पत्नी का नाम आलिया तबस्सुम होना चाहिए जो भूलवश तबस्सुम खातुन अंकित हो गया है। और, जन्मतिथि 5.12.1999 होना चाहिए जो सही जन्मतिथि है। मेरे सेवा पुस्तिका में पत्नी का नाम आलिया तबस्सुम एवं जन्मतिथि 5.12.1999 करने हेतु यह शपथ पत्र है।

# बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ गोपगुट का प्रदर्शन संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ,गोपगुट के बैनर तले एक विशाल प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ की अध्यक्षा उषा देवी जिला सचिव जूली कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शन सदर अस्पताल के मुख्य गेट से प्रारंभ होकर सिविल सर्जन के समक्ष पहुंचा। वे सभी अपनी मांगों के समर्थन में सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे।

संघ की जिला सचिव जुली कुमारी ने कहा कि सरकार अविलंब पारितोषिक को बदल कर कम से कम 10000 रुपए मासिक मानदेय भुगतान करे, बकाए राशि का भुगतान करे, आशा फेसीलेटर को संपूर्ण माह का 500 रुपए की दर से भ्रमण भत्ता भुगतान करे, सबों को सरकारी सेवक घोषित करें। महासंघ गोपगुट के नेता सतीश प्रसाद सतीश ,जिला संयोजक रंजन कुमार ने अविलंब इनकी मांगो की पूर्ति करने की मांग सरकार से किया। अंत में मुख्य मंत्री,स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित 9 सूत्री मांग पत्र सिविल सर्जन को सोपा। ज्ञापन में कहा गया है की समय रहते सरकार हमारी मांगों की पूर्ति करे अन्यथा हम दिनांक 12 जुलाई से अनिश्चित कालीन हड़ताल में जाने के लिए बाध्य होगी जिसकी सारी जबाबदेही राज्य सरकार की होगी। प्रदर्शन को रंजना कुमारी, रूबी कुमारी, सुनीता कुमारी, मधु कुमारी, शबनम कुमारी, मेहरूननिशा, फूलवती कुमारी, मीना सरकार, प्रेमलता कुमारी, उषा किरण के अलावे चिकित्सा संघ की नेत्री गीता देवी आदि ने संबोधित किया।

# महीनो से बीमार चल रहे शिक्षक की इलाज के दौरान मौत

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू च :** प्रखंड के करमवा रघुनाथपुर पंचायत के रघुनाथपुर बाजार निवासी शिक्षक नेमी लाल साह की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। वे रामगढ़वा प्रखंड के मुड़लाउत्क्रमित उच्च विद्यालय में पदस्थापित थे।उनके मृदुल और कुशल व्यवहारों के सभी कायल थे। बताया गया कि शिक्षक श्री साह पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। जिनका इलाज चल रहा था। मृत्यु के दिन बुधवार को भी वह मोतिहारी इलाज कराने गए थे जहां इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया। शिक्षक के दो पुत्र और एक पुत्री है। बताया गया कि शिक्षक ने बीमारी की जंग से जूझते हुए अपनी अंतिम सांस बुधवार को मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में ली। उनके आकस्मिक निधन पर शिक्षक वर्ग शोकाकुल है। उनके निधन पर मुडला उत्क्रमित उच्च विद्यालय के शिक्षक और छात्रों ने एक शोक सभा कर मृत शिक्षक के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की है। वही शिक्षक के निधन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एजाजुल हक, शिक्षक मदन मोहन कुमार, पन्नालाल चौधरी, रौशन रजक, शहजादी खातून, अजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार सहनी, रविंद्र ठाकुर, विनोद चौधरी, योगेंद्र प्रसाद, सीता देवी, पिंकी कुमारी सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों ने उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## सेवानिवृत्त पदाधिकारियों को पेंशन की राशि काटकर ही वेतन भुगतान करें : प्रोफेसर

**पटना :** उच्च शिक्षा निदेशालय, बिहार सरकार, पटना की निदेशक प्रोफेसर रेखा कुमारी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक की गई। न्यायालयीन मामलों की दैनिक आधार पर मॉनिटरिंग की गयी। विभाग की ओर से मो. शाहनवाज ने मगध, टीएमबीयू, वीकेएसयू, पाटलिपुत्र, जेपी, एलएनएमयू विश्वविद्यालयों में सीडब्ल्यूजेसी और एमजेसी के मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिदिन भेजी जाने वाली उपस्थिति के संबंध में उपनिदेशक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट समय पर भेजी जाये। निदेशक प्रोफेसर रेखा कुमारी से जब पेंशन-वेतन के संदर्भ में पूछा गया कि वित्त सलाहकार एवं वित्त पदाधिकारी के संबंध में क्या निर्देश है। इस पर उन्होंने कहा कि जो लोग सेवानिवृत्ति के बाद विश्वविद्यालय सेवा में किसी भी पद पर कार्यरत हैं, उन्हें पेंशन की कटौती के बाद ही वेतन का भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि गलती से किताब में देय पेंशन दुबारा लिखा गया है। उन्होंने कहा कि हम 1990 गजट की सत्यापित मूल प्रति की फोटोकॉपी मांग रहे हैं। इसके बाद विभाग की ओर से एक पत्र जारी किया जायेगा, जिसमें सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को पेंशन की राशि काटकर वेतन भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति ने पत्र भेजकर लिखा है कि वे नियमित रूप से पेंशन और वेतन ले रहे हैं। इस पर निदेशक ने कहा कि मूल प्रति मिलने के बाद हम पत्र का जवाब देंगे। बैठक में रजिस्ट्रार डॉ. घनश्याम राय, प्रोफेसर अजय कुमार पंडित, प्रोफेसर मिहिर ठाकुर, प्रोफेसर रंजीत कुमार, प्रोफेसर खगेंद्र कुमार, प्रोफेसर समीर शर्मा, कर्नल कमेश कुमार, प्रोफेसर गिरीश नंदन कुमार, प्रोफेसर शालिनी, विधि पदाधिकारी डॉ. सोनी सिंह, डॉ. मुकेश कुमार राय, डॉ. सुमन सागर आदि मौजूद थे।

## लोजपा संस्थापक रामविलास पासवान की जयंती सम्पन्न

**बेतिया :** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के पश्चिम चम्पारण जिला कार्यालय बेतिया में जिला, नगर तथा विभिन्न प्रखंड के दर्जनों कार्यकताओं ने रामविलास पासवान की जयंती बड़े धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता रवींद्र कुमार ठाकुर, नगर अध्यक्ष संजय पटेल, विश्वजीत कुमार, विजय कृष्ण सिंह, गामा पासवान, राजू पासवान व दर्जनों कार्यकताओं ने दिवंगत नेता की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तदुपरान्त दीप प्रज्वलित कर केक काटा। उपर्युक्त जयंती समारोह में जिला उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार ठाकुर ने कहा कि रामविलास पासवान एक सरल साधारण और जमीनी नेता रहे। जिन्होंने अपना जीवन दलित, पिछड़ों और सामान्य लोगों के उत्थान में लगा दिया। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर और उनके अधूरे सपनों को साकार करने के लिए बिना भेदभाव के ईमानदारी से समाज हित में कार्य करना चाहिए। इस जयंती समारोह के उपरांत ग्रामीण क्षेत्र से पहुंची दर्जनों महिला कार्यकताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। उनमें बेदामी देवी, सावित्री देवी, राजू चौधरी, वीणा देवी मुख्य है।

# सराहनीय पहल : वन कर्मियों के बीच मानसूनी फील्ड किट का वितरण

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** बाल्मीकि टाइगर रिजर्व के जंगल व वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर मानसून गश्ती के मद्देनजर वन विभाग ने वनकमीर्यो स्मार्ट स्टिक के साथ फिल्ड किट उपलब्ध कराई जा रही हैं। वन प्रमंडल-2 के मदनपुर वन प्रक्षेत्र के 50 वन कर्मियों को मानसून गश्ती के मद्देनजर वन व वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर फील्ड किट सौंपी गई। जिसमें जंगल में मानसून गश्ती के लिए रेनकोट, स्मार्ट स्टिक, बैग, एलईडी सर्च लाईट, लौंग बूट, एलईडी टार्च, सोलर लालटेन, वाटर प्यूरीफायर एवं फस्टएड किट वितरित की गई। इस बाबत मदनपुर वन प्रक्षेत्र के प्रभारी वन प्रक्षेत्र अधिकारी अवधेश प्रसाद सिंह ने बताया कि मदनपुर के वनपाल राजेश रौशन के नेतृत्व जंगल में संवेदनशील स्थानों पर तैनात टीटी, पीपी, एपीसी, नाकारक्षी, कैम्प लेबर, वायरलेस आपरेटर आदि को फील्ड कीट सौंपी गई है। वनपाल राजेश रौशन ने कहा कि बरसात के मौसम में जंगल के रास्तों पर कीचड़ और जलभराव हो जाने के कारण गश्त करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे समय में वनअपराधी सक्रिय हो जाते, हैं और वे इस स्थिति का फायदा उठाकर शिकार और अवैध पातन को अंजाम देते हैं। ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग द्वारा इस बार मानसून पेट्रोलिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है. पेट्रोलिंग टीमों को रेनकोट, स्मार्ट स्टिक, बैग, सर्च लाईट, लांग बूट, सोलर वाटर एलईडी टार्च ,प्यूरीफायर, मेडिकल बाक्स किट वन कर्मियों को दिया गया है। बरसात के समय यह किट वनकमीर्यो को जंगलों में अधिक कुशलता से गश्त करने में मदद करेगी।

## एमडीएम जांच करने जा रही पदाधिकारी की कार कीचड़ भरी सड़क में फंसी

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू चः** विकास को मुंह चिढ़ाता प्रखंड के दक्षिणी मनसिंघा पंचायत में बुधवार को देखने को मिला। जब शिक्षा विभाग के प्रखंड मध्याह्न भोजन प्रभारी अनिता कुमारी विद्यालय का निरीक्षण करने जा रही थी। तभी रौशनपुर सपहा गांव में कीचड़ भरी सड़क में उनकी कार फंस गई। जहां घंटो अथक प्रयास करने के बाद भी उनकी कार कीचड़ से बाहर निकली। तब, विद्यालय का निरीक्षण किया गया। गौरतलब हो कि प्रखंड के दक्षिणी मनसिंघा पंचायत के वार्ड संख्या 6 में सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। उसी रास्ते होकर मध्याहन भोजन प्रभारी रौशनपुर सपहा विद्यालय का निरीक्षण करने जा रही थी। स्थानीय समाजसेवी धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक, विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सहित अन्य ग्रामीण अपनी ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचे और कार को कीचड़ से खिंचवा कर बाहर निकलवाया। यह सड़क सरकार के विकास की ढोल पीटने वाली बातों का पोल खोलता है।जहां आज भी लोग कीचड़ भरे सड़कों से आने-जाने को मजबूर हैं। जहां के प्रतिनिधि कान में तेल डाल आंख बंद कर सोये हुए हैं।

## लौरिया मेला सैरात की भुमि पर सरकारी संरक्षण में अतिक्रमण करने का मामला

**लौरिया :** नगर पंचायत लौरिया मेला सैरात की भुमि पर सरकारी संरक्षण में अतिक्रमण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में लौरिया निवासी राम बाबु साह ने जिला पदाधिकारी पश्चिम चंपारण बेतिया को लिखीत आवेदन देकर बताया है कि मेला सैरात की भुमि जिसका रकबा सात बिगहा चौदह धुर है खाता आठ खेसरा 634,359,660,635,पर मेला सैरात के नाम से खतियान में दर्ज है इस जमीन का डाक प्रत्येक वर्ष होता है जिससे लाखों का राजस्व प्राप्त होता है।इस जमीन पर नगर पंचायत द्वारा सब्जी दुकान बनाने हेतु कार्य कराये जा रहे हैं दुकान आवंटित के नाम पर तथाकथित लाभार्थियों से अवैध उगाही की जा रही है जब की लौरिया बाजार में सैरात की भुमि दस कट्ठा बारह धुर जमीन है जिस में सब्जी दुकान लगते थे वर्तमान में बाजार का जमीन अतिक्रमण का शिकार हो चुका है इस मामले में जांचकर रोक लगाने की गुहार लगाई गई है वहीं इस संबंध में पत्र भुमि सुधार एवं राजस्व विभाग के प्रधान सचिव सहित आयुक्त तिरहुत प्रमंडल सहित अन्य अधिकारी को पत्र लिखकर इस संबंध में ध्यान आकृष्ट कराते हुए रोक लगाने की मांग की है।

## देवराज के बगही में विवाहिता हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**लौरिया :** स्थानीय पुलिस ने बगही गांव में युवती हत्यारोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार सरताज का कहना है कि उसने कोई हत्या नहीं की है। हालाकि सरताज ने पूर्व में नजराना से प्रेम प्रसंग की बात से इनकार नहीं किया है। अलबत्ता उसकी हत्या से कोई लेना देना नहीं बताया है। उधर मृतका के पिता शमशूदीन अंसारी ने एफआईआर में ग्रामीण सरताज को आरोपी बनाया है। लौरिया पुलिस फिलहाल कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। युवती नजराना की हत्या क्यों, कैसे और कहां की गई, यह गूढ़ अनुसंधान का विषय है। कहीं हत्या का कोई अन्य कारण तो नहीं या आरोपी झूठ तो नहीं बोल रहा। पुलिस अनुसंधान कर रही है। हत्या में कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं, क्योंकि युवती की हत्या केवल एक व्यक्ति अकेले कैसे कर सकता है? यह भी जांच कर रही है कि उसकी हत्या अन्यत्र कर-के शव को गन्ना के खेत के में कब और किस समय फेंका गया। इधर पुलिस कुछ भी बताने से परहेज कर रही है।

उसका कहना है कि अभी किसी पर आरोप लगाना या गिरफ्तार करना शीघ्रता होगी। लौरिया थानाध्यक्ष कैलाश कुमार मृतका की मां और पिता को थाना में बुलाकर पूछताछ कर रहे हैं। थानाध्यक्ष लौरिया ने कहा कि जल्द ही हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# वीटीआर से निकला अजगर गांव में पहुंचा तो मची अफरा-तफरी

### डब्लूटीआई ने अजगर का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/वाल्मीकिनगर :** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व क्षेत्र से अजगर व अन्य वन्य जीवों के निकलने का क्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी दौरान बुधवार को वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर- रमपुरवा पंचायत के हरिजन टोली गांव के ग्रामीण एक अजगर निकलने की खबर पर घंटों परेशान रहे। ग्रामीणों में घंटों अफरा तफरी का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने अजगर निकलने की सूचना डब्ल्यूटीआई कार्यालय को दिया। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए डब्ल्यूटीआई के फील्ड ऑफिसर पावेल घोष के नेतृत्व में डब्लूटीआई के फील्ड असिस्टेंट सुनील कुमार एवं उनके सहयोगी घटनास्थल पर पहुंचकर अजगर को पकड़कर वीटीआर के कक्ष संख्या 26 के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। इसकी पुष्टि डब्ल्यूटीआई के फील्ड ऑफिसर पावेल ने की है। उन्होंने बताया कि अजगर की लंबाई लगभग 12 फीट और मोटाई लगभग 2 फीट का पाया गया।

## मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रीगा :** थाना क्षेत्र के सहबाजपुर पंचायत के महारानी स्थान निवासी राजेंद्र सिंह के पुत्र कपिल देव सिंह ने मारपीट कर घर गिरा देने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिये आवेदन में ग्रामीण जय किशोर महतो, सुरेंद्र महतो, मुकेश महतो, चुल्हिया देवी, विकास कुमार, संतोष कुमार, को आरोपित किया है। उन्होंने बताया कि आरोपित लोग लोहे की खंती जैसे औजार लेकर आया, साथ ही मकान को गिरा दिया। मेरी पत्नी ललिता देवी जब रोकने आई, तो सभी आरोपित लोग मिलकर उसे भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। साथ ही आरोपित लोग दरवाजे पर लगा हुआ पैशन प्रो बाइक एवं नगद तीस हजार रुपए लेकर चला गया। अगल-बगल के लोगों के आने के बाद हम लोगों की जान बची। आवेदक कपिल देव सिंह ने लिखा है कि पूरा परिवार डरे और सहमे हुए हैं ये लोग काफी दबंग एवं बदमाश प्रवृत्ति के लोग हैं। थानाध्यक्ष राम एकवाल प्रसाद ने कपिल देव सिंह के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है, दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## जदयू नेता के गुंडागर्दी दहशत में हैं लोग, पीटने के बाद भी पुलिस बनी मूकदर्शक

**पटना :** राजधानी में जदयू नेता की सरेआम गुंडागर्दी की चर्चा जोरों पर है। दरअसल, जदयू नेता नागेश्वर स्वराज एक अपार्टमेंट का जबरन ताला तोड़ रहे थे। उन्हें इसके मना करने पर वे थाना के मुंशी और पुलिस कर्मियों पर अपने गुर्गो के साथ हमला बोल डाला। इस घटना में मुंशी सहित तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। पीड़ित सभी जान बचाकर थाने पहुंचे। जहां से अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया गया। लेकिन घटना के 5 दिन बीतने के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे आम लोगों का विश्वास पुलिस से उठ गया है। इधर जदयू नेता नागेश्वर स्वराज पीड़ित को धमकी पर धमकी दे रहा है, जिससे पीड़ित का पूरा परिवार दहशत में है। उक्त मामला सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसकी पुष्टि राष्ट्रीय खबर नहीं करता। लोगों ने कहा कि सच्चाई इंसाफ मांगने के लिये अपनी सर पटक रही है, यह कैसा सुशासन ।

## मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल पर कांग्रेस ने उठाया सवाल

**बगहा/पिपरासी :** प्रखंड के परसौनी गांव में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष चंद्रप्रताप यादव उर्फ साधु की अध्यक्षता में भाजपा सरकार की नौ साल बेमिसाल को लेकर बैठक कर पोल खोली गई। बैठक का संचालन इब्राहिम अंसारी तथा मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि विवेक यदुवंशी सरपंच दिनेश्वर तिवारी रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई बेरोजगारी भाजपा के 9 साल देश बदहाल में है। मोदी सरकार के भ्रष्टाचार से युवा बेरोजगार है। अग्नि वीर के माध्यम से युवाओं को धोखा भाजपा सरकार दे रही है। महंगाई के कारण गरीबों के थाली से दाल और सब्जी गायब हो रहा है । आज भाजपा के मोदी सरकार के ने गैस सिलेंडर 1250 से 1300 रुपया बेची जा रही है। कांग्रेस के जमाने में 400 गैस सिलेंडर मिलता था। भाजपा सरकार ने बालू, गिट्टी, छोड़, आदि में भारी वृद्धि किया है। यह सब कांग्रेस सरकार आधे और सस्ते दर पर मिलता था। देश को बड़े-बड़े पुंजीपतीयो जैसे अडानी, अंबानी को भाजपा सरकार गिरवी रख दिया है। हवाई जहाज, ट्रेन, बीएसएनल आदि को बेची जा रही है । मौके पर पंचायत अध्यक्ष मुकेश चौधरी ,मातम शर्मा शंभू कुशवाहा, कैलाश गुप्ता ,उपेंद्र मिश्रा ,प्रदीप साहनी राम नरेश शर्मा मौजूद थे ।

# कृषि सचिव ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पटना के शोध का किया अवलोकन

### कृषि विकास के लिए एक गांव का गोद लें वैज्ञानिक : अग्रवाल

राष्ट्रीय खबर




**पटना :** कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल भाप्रसे ने बिहार सरकार ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान के सभी वैज्ञानिकों को कम से कम एक गांव को गोद लेने और किसानों के खेत में विभिन्न कृषि प्रौद्योगिकियों और अच्छी कृषि पद्धतियों को लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने कृषक समुदाय की उत्थान के लिए इन गतिविधियों के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय और अन्य सहायता प्रदान करने का भी आश्वासन दिया। संस्थान के वैज्ञानिकों ने बातचीत के दौरान कृषक समुदाय की समस्याओं और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ अंजनी कुमार, निदेशक, अटारी, पटना के साथ बिहार के कृषि विज्ञान केन्द्रों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई.` डॉ. कुमार ने कृषि विज्ञान केन्द्र में कर्मियों की कमी और उनके अतिरिक्त कार्य भार पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य सरकार और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के बेहतर समन्वय और मिलकर कार्य करने का भी सुझाव दिया। इससे पूर्व, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉ. अनुप दास ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया एवं इस संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया । श्री अग्रवाल ने संस्थान के मुख्य फार्म और प्रायोगिक प्रयोगशालाओं का दौरा किया और संस्थान में चल रही अनुसंधान गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत संस्थान में नव निर्मित रेन आउट शेल्टर सुविधा का भी दौरा किया और प्रक्षेत्र में चल रही परीक्षणों को देखा। उनके साथ बामेती, पटना के निदेशक श्री आभांशु सी जैन भी मौजूद थे।

## धनहा के पूर्व विधायक की मनाई गई 34वी पुण्यतिथि

**मधुबनी/पिपरासीः** पिपरासी थाना क्षेत्र के परसौनी पंचायत भवन पर धनहा के पूर्व पूर्व विधायक स्वर्गीय राम नगीना प्रसाद की 34वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया । इनके तैल चित्र पर सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दिया । सरपंच दिनेश्वर तिवारी कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष चंद्रप्रताप यादव उर्फ साधु यादव ने कहा कि 5 जुलाई 1989 को अपराधियों ने अपहरण करके उनकी हत्या कर दिया । श्री यादव 15 वर्ष ब्लॉक प्रमुख रहे । पिपरासी पंचायत के 20 साल तक निर्विरोध मुखिया रहे। वर्ष 1981 में कांग्रेस के टिकट पर धनहा से विधायक निर्वाचित हुए थे । बीएचयू बनारस से डबल एम ए की डिग्री हासिल किया था । और नौकरी छोड़ राजनीति में प्रवेश कर लोगों की सेवा किया । 34 साल से लगातार उनकी पुण्यतिथि मनाई जाती है। इनके पुत्र सुमंत कुमार,पोता विवेक,आयुष,मिंटू आदि ने भी दुख प्रकट करते हुए इनके तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित किया। उधर धनहा थाना के दहवा बांसी में इनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है । मौके पर पिपरासी सरपंच संघ के अध्यक्ष दिनेश्वर तिवारी, रामनरेश शर्मा, दिग्विजय यादव, उपेन्द्र मिश्र, उमेश यादव आदि उपस्थित रहें ।

## जल जमाव से निजात दिलाने को नगर परिषद द्वारा पंप सेट संचालित

**नरकटियागंज :** नगर परिषद के वार्ड संख्या 01, 03 एवं 07 में वर्षा का पानी सड़क पर जमा है। हालांकि पिछले दो दिनों में तेज वर्षा नहीं होने के कारण सड़कों पर पानी की मात्रा कुछ कम हुई है। लेकिन अभी सड़कों पर लोगों का चलना मुश्किल है। उपर्युक्त तीनों वार्डों में जल जमाव की समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। नगर परिषद ने पंपसेट और इलेक्ट्रिक पंप के माध्यम से जल निकासी की व्यवस्था का कार्य कराया जाता रहा है। वार्ड सात में बुधवार को पंप सेट से जल निकासी कराया जा रहा है।

## रंग लाई अभिनेता राजन की कोशिश, अनिल काशी मुरारका द्वारा जल्द होगा बैकुंठधाम का उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर / टेटिया बंब :** स्वर्गीय मीना देवी के मुरारका बैकुंठधाम न्यास ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन संपन्न हो गया। जिसके अंतर्गत अब उनकी याद में बैकुंठधाम का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। और, बहुत जल्द ही इसका श्रीगणेश किया जाएगा। निबंधन कार्यालय हवेली खड़गपुर में महिला रजिस्ट्रार अपर्णा शिवा के हाथों इस ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन हुआ। डॉ अनिल काशी मुरारका के हाथों मुंगेर में इस बैकुंठधाम का उद्घाटन होगा। किसी शमशान भूमि से सम्बंधित ट्रस्ट का यह पहला रजिस्ट्रेशन है, जिसके लिए टीम ने महिला रजिस्ट्रार का धन्यवाद किया है। शिक्षाविद व रिटायर्ड प्रधानाध्यापक रमन कुमार रंजन ने राजन कुमार और उनकी टीम को बधाई दी है। टेटिया बम्बर की 60 हजार आबादी के अलावा आसपास के इलाके भी इससे लाभान्वित हो सकेंगे। इस बैकुंठधाम के अंतिम चरण की तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। अभिनेता राजन का मानना है कि भारत आज भी गांवों में बसता है और गांववासियों को हर प्रकार की सुविधाएं, नई तकनीक मिलनी चाहिये। उन्होंने समाजसेवी और परोपकारी अनिल काशी मुरारका के माताजी की याद में उनके नाम पर बैकुंठधाम के निर्माण की कल्पना की। वे अनिल काशी मुरारका के नजरिये, उनकी सोच, उनके परोपकारी विचार के कायल हैं और दुःख के लम्हों में परिजनों को और तकलीफ न हो इसी दिशा में लगातार कार्य करते आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस बैकुंठधाम में हमारी कोशिश होगी कि लकड़ी से लेकर तमाम व्यवस्थाओं का मुफ्त प्रबंध किया जाए। एम्बुलेंस की सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। गौरतलब है कि स्वर्गीय मीना काशी मुरारका की याद में बैकुंठधाम नई तकनीक व सुविधाओं से लैस होगा। इसके जमीन दाता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने इस कार्य को परोपकारी बताया है।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

**शहर >> अपडेट**

### वज्रपात से एक गाय की मौत

वेस्ट बोकारो (घाटो) : मांडू प्रखंड क्षेत्र के सारूबेड़ा में आसमानी बिजली गिरने से किसान गौतम कुमार की गाय की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर को भारी बारिश के साथ वज्रपात होने से आरा दक्षिणी पंचायत के स्थानीय सारूबेड़ा के गौतम कुमार की एक गाय की मौत हो गई। गौतम कुमार के पिता चंद्रिका प्रसाद मेहता तीस गायों को सरजू महतो के खेत के आसपास चराने गये थे।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### दो वाहनों की टक्कर में दो लोगों की हुई मौत

गोला : गोला थाना क्षेत्र के चोपादारु में दो वाहनों की आमने सामने की टक्कर हो गई इसमें दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पेटरवार की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो (बीआर 06 डीए9843) की सीधी टक्कर गोला के तरफ जा रही मालवाहक वाहन टाटा मैजिक से हो गई जिसमें मालवाहक वाहन में सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई।

### रोमी गांव में हुई कार दुर्घटना अत्यंत दुःखद :राजेश

बेरमो: भाजपा झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि हजारीबाग जिले के पदमा ओपी क्षेत्र के रोमी गांव में हुई कार दुर्घटना में जनहानि की क्षति अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना है। हजारीबाग जिले के पदमा प्रखंड स्थित रोमी गांव के पास एक अनियंत्रित सुमो विक्टा गाड़ी सड़क के किनारे कुएं में जा गिरी। हादसे में एक बच्ची और महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई है। साथ ही चार लोग घायल का ईलाज जारी है।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### बाबूलाल मरांडी को प्रकाश कुमार सिंह ने दी बधाई

बेरमो: झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा नेता सह अध्यक्ष शांति श्याम फाउंडेशन प्रकाश कुमार सिह ने बधाई दी है। उन्होने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व मे अगामी 2024 चुनाव मे भाजपा राज्य के सभी14 संसदीय क्षेत्र के साथ साथ राज्य विघान सभा क्षेत्र के दो तिहाई सीट भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा।

### क्षेत्रिय सचिव गजेंद्र प्रसाद सिंह को दिया गया सम्मान

बेरमो : सीसीएल बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत करगली गेट स्थित कल्याण मंडल में सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए राकोमयु (एचएमएस) के क्षेत्रीय सचिव गजेंद्र प्रसाद सिंह को यूनियन के तरफ से सभा आयोजित कर सम्मान दिया गया। सभा की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील सिंह ने की। इसमें मुख्य रूप से राकोमयू के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य राजेश सिंह उपस्थित रहे। राजेश सिंह ने सेवानिवृत गजेंद्र प्रसाद सिंह को पुष्पमाला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर तथा उपहार देकर सम्मानित किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इसके बाद अन्य उपस्थित गजेन्द्र प्रसाद सिंह के साथ सेवानिवृत्त किशोर कुमार को भी सम्मानित किया। महामंत्री राजेश सिंह ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि गजेंद्र प्रसाद सिंह सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए, यूनियन से नहीं। वो जिस तरह से आप लोगों की सेवा में लगे रहते है, वो आगे भी अपना सहयोग परस्पर देंगे। आप लोगों के हक और अधिकार की लड़ाई में भी यूनियन के क्षेत्रीय सचिव रहते हुए लड़ते रहेंगे। अपने पद पर बने रहकर और मजदूरों की सेवा करते रहेंगे।

**अपराध** एक लाख 60 हजार मूल्य की दो बैटरी रांची के कबाड़ी से किया गया बरामद

# लोहरदगा से दो कथित अपराधियों को पुलिस ने लिया हिरासत में

राष्ट्रीय खबर



गिद्दी: थाना क्षेत्र के रेलीगढ़ा स्टैंड और गिद्दी सी फुटबॉल ग्राउंड के समीप अवस्थित जीयो टावर से 5-5 बैटरी की चोरी अज्ञात अपराधियों द्वारा चोरी कर ली गयी थी। जिसका खुलासा गिद्दी पुलिस ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देते हुए बताया कि उक्त घटना में संलिप्त 2 कथित अपराधियो और दो बैटरी रांची के रिंगरोड स्थित ग्राम टुण्डुल के एक कबाड़ी दुकान से अपराधियों की निशानदेही पर बरामद की गई है। छापामारी दल में खुद थाना प्रभारी गिद्दी सुधीर प्रसाद साहू, एसआई गौतम कुमार, पुलिस रिजर्व गार्ड व हजारीबाग जिला की विशेष टीम शामिल थी। इस संबंध में पुलिस गिद्दी ने बताया कि बीते 22/23 जून की रात्रि में रेलीगढ़ा एवं गिद्दी सी स्थित जियो टावर से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसकी 24 जून 23 को कांड संख्या 88/23 दर्ज कर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तथा अनुमंडल पुलिस अधिकारी बड़कागांव के निर्देश पर जांच पड़ताल की गयी। जिसमें रामगढ़, बोकारो, गुमला जिला से भी टावर की बैटरी चोरी मामला सामने आया था।

टावरों के समीप सीसीटीवी की जांच पड़ताल के बाद लोहरदगा जिला के कैरो थाना गाराडीह गाँव में छापामारी कर बाबर अंसारी और मुस्ताक अंसारी को गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर प्रयुक्त सफेद रंग की हुंडई आई 20 जेएच 01बीएल 8067 कार भी बरामद की गई। जबकि रांची रिंगरोड ग्राम टुण्डुल के एक कबाड़ी के यहाँ से दो बैटरी भी बरामद किए गए। दोनों कथित अभियुक्त दूसरे राज्य के टावर कंपनी में काम किया करते थे। बीते फरवरी 2023 को वापस लौटे थे. इसके बाद जून महीना से मोबाइल टावरों की बैटरी चोरी और बेचने का काम करने लगे। क्योंकि उन्हें पता था कि टावरों की बैटरी काफी महंगा मिलता है। गिद्दी पुलिस ने 15 इंच की एक बैटरी, साढ़े 17 इंच की एक बैटरी, एक हुंडई सफेद कार, दो एंड्राइड मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। बताया जाता है कि दोनों रेलीगढ़ा-गिद्दी सी टावर से 5-5 बैटरी कुल तकरीबन आठ लाख मूल्य की बैटरी चोरी हुई थी। जबकि छापामारी के बाद सिर्फ एक लाख 60 हजार के दो बैटरी बरामद कर गिद्दी पुलिस अपना पीठ खुद थपथपाने में लगी है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल मरांडी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

गिद्दी :डाड़ी प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल मरांडी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी को भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर डाडी.भाजपा मंडल की ओर से बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।बधाई देते हुए कार्यकर्ताओं ने कहाकि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा और मजबूत होगी. बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जिला मंत्री सेवालाल महतो,मंडल अध्यक्ष वकील महतो,भाजपा नेता पुरुषोत्तम पांडेय, राकेश सिंह, मंडल महामंत्री गुलचंद महतो,सर्वेश कुमार सिंह, नमीता देवी, रीमा कुमारी, बंसत सिन्हा, बसंत प्रजापति, राजदीप प्रसाद, नंदकिशोर साहु, अमित कुमार, शिवनंदन गोप, प्रमोद महतो,रतिलाल मरांडी,नकुल महतो,भोला महतो,सुरेश, नंदकिशोर महतो,नंदकुमार महतो,सतीश सिंह, प्रितलाल महतो,बिहारी प्रजापति, गणेश साहु, उमेशप्रकाश सिंह, चंदन सिंह, गुंजन साव,नारायण महतो,हसनैन अंसारी, मंगलदेव महतो,पिंटू साव,हुकुमनाथ महतो,दीपक झा,बृजकिशोर पाठक, मुन्ना त्रिपाठी, प्रवीण सिंह,तुलसी महतो,रॉकी सिंह, खेमलाल यादव, प्रभात कुमार, सुदीप चौधरी, ईश्वर गंझू, चंद्रिका भोक्ता, चंदेश्वर महतो,संदीप मुंडा, लखी महतो,उमेश बेदिया, रमाशंकर प्रसाद, सुदर्शन महतो,बिहारी महतो,किशोर राम,बालदेव राम,दिवाकर महतो,देवकुमार महतो,विक्रम महतो,सुदय कुमार, गुलशन साव,रवि वर्मा, रंजीत सिंह, त्रिभुवन महतो,मुरली राम,मंगल मुंडा, छोटू सोरेन,रोहित महतो,कालेश्वर महतो शामिल है।

## सैकड़ों वाहन जाम में फंसे, हजारों यात्री परेशान



कुजू : ओल चिकी लिपि भाषा की उपेक्षा कर देवनागरी भाषा में पुस्तक छापने के विरोध में भारत जकात मांझी परगना महल के लोगों द्वारा रामगढ़ जिला के कुजू नया मोड़ फोरलेन को सुबह से ही बुरी तरह जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई । सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन इस जाम में फंस गए और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा । जाम इतनी बुरी तरह से लगी थी कि कई एंबुलेंस भी इस जाम में फंस गए और मरीजों के परिजन गिड़गिड़ाते देखे गए । इस मौके पर परगना महल रामगढ़ जिला अध्यक्ष महादेव मांझी ने बताया कि सरकार के समक्ष हम लोगों ने 4 सूत्री मांग को लेकर 27 जून तक समय दिया था। जिसमें संथाली भाषा का ऑल चिकी लिपि के पुस्तक का मुद्रण एवं पठन-पाठन को प्रारंभ करने संथाली शिक्षक बहाली करना संथाली भाषा को पंचम राजभाषा का दर्जा देना और संथाली भाषा अकादमी का गठन करने जैसी मांगो को रखा गया था। जिसको लेकर आज 4 जुलाई को बंद का आह्वान किया गया है । और आगे हम लोगों की मांग को पूरा नहीं किया जाता है तो चरणबद्ध होकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे । बंद के दौरान कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार दल बल के साथ बंद कर्मियों को समझाने का प्रयास कर रहे थे परंतु बंद कर्मियों ने कहा कि हम लोगों ने 12 घंटे का बंद का आह्वान किया है इसे पूरा करने के बाद ही हम लोग सड़क से हट पाएंगे। अधिकारियों के बहुत समझाने बुझाने के बाद आंदोलनकारी 3 घंटे के बाद सड़क से हटे और प्रशासन ने जाम खुलवाया। तब जाकर आवागमन प्रारंभ हुआ। बंदी में सोहराय किस्कू, मानाराम हेंब्रम, मोतीराम सोरेन, मोती मरांडी , संझूल किस्कू, मनोज हेंब्रम, मथुरा मरांडी, अरेश हेंब्रम, सुखदेव सोरेन, मांगरा सोरेन, रामसिंह मरांडी, बीरबल हंसदा, दिनेश हंसदा, जीतन हंसदा, रस्क हेंब्रम, सुनील किस्कू, धनु टुडू, सुनील बसके, सुखराम टुडू, पूसू सोरेन, कर्मा हेंब्रम, बलदेव मरांडी, कृष्णा किस्कू, प्रिया मुर्मू, रामकुमार मुर्मू, सीमा मुर्मू, पूनम टुडू, सोनिया टुडू, पुष्पा टुडू, विजय हेंब्रम, विवेक टुडू, संजय टुडू, विशाल टुडू, पंकज टुडू, पिंटू सोरेन, विकाश सोरेन, संजय कुमार मुर्मू, विजय मुर्मू सहित काफी संख्या में संथाल समाज के लोग मौजूद थे।

## बेबी देवी को मंत्री बनाए जाने पर दुग्दा में जश्न का माहौल



राष्ट्रीय खबर

चंद्रपुरा: झारखंड मुक्ति मोर्चा दुग्दा शाखा के कार्यकर्ताओं में दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की धर्म पत्नी बेबी देवी की झारखंड के राज भवन मद्य निषेध मंत्री का शपथ ग्रहण लेते ही पूरा दुग्दा क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। जहां विनोद बिहारी चौक दुग्दा गुलाई में, जमकर पटाखों की आतिशबाजी और मिठाई बांटते हुए देखने को मिला। जहां मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बि रू महतो, भीम लाल महतो, सुधीर केवट, बिरसा महतो, खेलू महतो, अशोक यादव, मनोज रवानी, राजू केवट चिकन हाउस, अर्जुन केवट, स्वर्गीय मोहनलाल के सुपुत्र युवा नेता दामोदर महतो, लखींदर नाग, बैजू महतो, लालू यादव, रूपलाल ठाकुर समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बाबूलाल मरांडी जी के नेतृत्व में

## पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी बहुत ही मजबूत होगी : सतीश मोहन मिश्रा





राष्ट्रीय खबर

भुरकुंडा/ गोला : भुरकुंडा मंडल के अध्यक्ष सह युवा नेता सतीश मोहन मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल की ओर से राष्ट्रीय नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को वह शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद दिया है। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के नवनियुक्त झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी जी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार मिश्रा ने कहा आदरणीय बाबूलाल मरांडी जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी बहुत ही मजबूत होगी और उनके अनुभव व कुशल नेतृत्व का मार्गदर्शन हम सबों को बराबर मिलता रहेगा। बधाई देने वालों में जगतार सिंह, योगेश दांगी, अमितेश सिंह, अमरेश सिंह, अनिता राय शंकर प्रसाद अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, ज्योति सिंह अजय पासवान, गीता श्रीवास्तव, जुगल नायक, कन्हैया सिंह, सुभाष दास, शिव कुमार सिंह, अखिलेश टोप्पो, संतन सिंह बाबूलाल नायक, देव कुमार सिंह, रीना देवी, जनार्दन सिंह विनोद सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल थे। इधर गोला प्रखंड क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने भी बाबूलाल मरांडी को बधाई दी है। सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, पंचम चौधरी, बबलू साव, जितेंद्र साहू, प्रदीप ठाकुर ने बधाई देते हुए कहा है कि बाबूलाल मरांडी जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सशक्त होगा।

## बाइक चोर गिरोह के 4 अभियुक्तों से 6 बाइक जब्त



राष्ट्रीय खबर

बासल : पतरातू व आसपास के थाना क्षेत्रों में बीते कई वर्षों से लगातार मोटरसाइकिल चोर गिरोह सक्रिय होता हुआ नजर आ रहा था। ऐसे में पतरातू पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। जहां पर बाइक चोरी करने वाले चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए उन्होंने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही उनके कब्जे से 6 बाइक को जब्त किया है। वही पूरे मामले को लेकर पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि बीते सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर पतरातू थाना द्वारा पतरातू खलारी रोड में ग्राम टेरपा मोड़ के पास सरना उच्च विद्यालय से आगे वाहन चेकिंग के क्रम में बुढ़मू रांची के बिना नंबर के मोटरसाइकिल पर आ रहे दो व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर वे भागने लगे। जिसे पुलिस बल द्वारा खदेड़कर पकड़ा गया और उनसे नाम पता पूछने पर वे अपना नाम सोहेब मल्लिक पिता करीम मल्लिक ग्राम ईचापिड़ी थाना बुढ़मू जिला रांची बताया। दूसरा पकड़ा गया युवक शिव शंकर कुमार प्रजापति पिता भीकू प्रजापति ग्राम टेरपा थाना पतरातु जिला रामगढ़ बताया। उनसे कागजात मांगने पर कोई वैध कागज प्रस्तुत नहीं कर पाया और ना ही कोई संतोषजनक जवाब दिया। तत्पश्चात पकड़े गए उक्त दोनों व्यक्तियों से मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ किया तो उन लोगों के द्वारा बताया गया कि यह मोटरसाइकिल चोरी का है जिसे कुछ दिन पहले मांडर थाना रांची क्षेत्र से चोरी किया गया था। और इसे बेचने के लिए पतरातू की तरफ जा रहे थे।

चोरी के बाबत गहन पूछताछ में आगे बताया कि हम दोनों के अलावे ग्राम टेरपा गांव के शिवम कुमार साव और आनंद कुमार साव के साथ मिलकर रांची एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में मोटरसाइकिल की चोरी करके बेचने के लिए ग्राम टेरपा में शंकर प्रजापति के घर में तीन मोटरसाइकिल, शिवम कुमार साव के घर में एक और आनंद साव के घर में एक मोटरसाइकिल कुल 5 मोटरसाइकिल को छुपा कर रखें है। वही पतरातू पुलिस के द्वारा अभियुक्तों की निशानदेही पर छापेमारी के दौरान सभी पांचों मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार किया गया। इस संबंध में मंगलवार को पतरातू थाना कांड संख्या 121/2023 धारा 414/34 भादवि के तहत मामला पंजीकृत कर कार्रवाई की गई। साथ ही गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर बताए गए अन्य दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश किया गया। वही छापामारी दल में शामिल पुअनि रघुनाथ सिंह थाना प्रभारी पतरातू, पुअनि अभय कृष्ण गिरी, पुअनि निर्मल उरांव व पतरातू तैनात सशस्त्र बल शामिल थे।

### बीडीओ ने की मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक

कुडू : प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में बीडीओ मनोरंजन कुमार ने मंगलवार 4 जुलाई को मनरेगा योजनाओ की समीक्षा बैठक की। बैठक में बीपीओ अरबिंद रौशन के अलावे रोजगार सेवक आदि कर्मी मौजूद थे। बैठक मे फेज 1आम बागवानी के लिए कल तक ऑर्डर करने, खुदाई का प्रतिवेदन कल सुबह तक भेजना सुनिश्चित करने, फेज 2 में अपने अपने पंचायत का लक्ष्य के अनुसार एंट्री के साथ गड्ढा खुदाई पूर्ण कने, मानव दिवस सृजन आगामी 7 जुलाई तक 65% ब्लॉक को करना है इसलिए रेड जोन पंचायत अधिक से अधिक डिमांड कर पिडी 65% पूरा करने, 15 दिनों के अंदर सभी रोजगार सेवकों को जिओ टैग करने, प्रत्येक राजस्व ग्राम में पोटोहो खेल मैदान का निर्माण कराने हेतु अस्थल चयन करते हुए 2 दिनों के अंदर प्रतिवेदन जमा करने साथ ही साथ पूर्व से चल रहे हैं पोटो हो खेल मैदान को पूर्ण कराते हुए अगले सोमवार तक सभी को एमआईएस में बंद करने का निर्देश दिया।

## क्षेत्रिय सचिव गजेंद्र प्रसाद सिंह को दिया गया सम्मान

बेरमो : सीसीएल बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत करगली गेट स्थित कल्याण मंडल में सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए राकोमयु (एचएमएस) के क्षेत्रीय सचिव गजेंद्र प्रसाद सिंह को यूनियन के तरफ से सभा आयोजित कर सम्मान दिया गया। सभा की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील सिंह ने की। इसमें मुख्य रूप से राकोमयू के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य राजेश सिंह उपस्थित रहे। राजेश सिंह ने सेवानिवृत गजेंद्र प्रसाद सिंह को पुष्पमाला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर तथा उपहार देकर सम्मानित किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इसके बाद अन्य उपस्थित गजेन्द्र प्रसाद सिंह के साथ सेवानिवृत्त किशोर कुमार को भी सम्मानित किया। महामंत्री राजेश सिंह ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि गजेंद्र प्रसाद सिंह सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए, यूनियन से नहीं। वो जिस तरह से आप लोगों की सेवा में लगे रहते है, वो आगे भी अपना सहयोग परस्पर देंगे। आप लोगों के हक और अधिकार की लड़ाई में भी यूनियन के क्षेत्रीय सचिव रहते हुए लड़ते रहेंगे। अपने पद पर बने रहकर और मजदूरों की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने गजेंद्र सिंह की उज्जवल भविष्य की कामना की। क्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील सिंह ने कहा कि गजेंद्र प्रसाद सिंह एक जुझारू, निर्भीक और मजदूर हितों के लिए समर्पित होकर काम करने वाले है। इनके कारण राकोमयू काफी मजबूती से आगे बढ़ रहा है। गजेंद्र सिंह ने कहा कि मैं हमेशा मजदूरों की सेवा में तत्पर्य रहूंगा। पहले मैं सीसीएल कर्मी होकर काम कर रहा था अब स्वतंत्र होकर काम कर पाऊंगा। मजदूरों के लिए ज्यादा समय दे पाऊंगा। मजदूरों की हक और अधिकार के लिए हमेशा प्रबधन के साथ वार्ता तथा उसके विरुद्ध आंदोलन करता रहूंगा।

## बोकारो जिला डेकोरेटर एसोसिएशन ने राधे श्याम गौशाला में किया पौधारोपण



बेरमो : बोकारो जिला डेकोरेटर एसोसिएशन बेरमो जोन 7 के पदाधिकारियों द्वारा अंगवाली स्थित राधे श्याम गौशाला में किया पौधारोपण इस कार्यक्रम में डेकोरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष मदन कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक हम लोगों के एसोसिएशन के द्वारा पर्यावरण को देखते हुए साल के इस महीने में प्रत्येक दिन कहीं ना कहीं हम लोग पौधा रोपण करते हैं। और आज राधे श्याम गौशाला में पौधारोपण करके बहुत ही अच्छा लगा वहीं भाजपा नेत्री एवं राधेश्याम गौशाला के संचालक डॉ उषा सिंह ने भी इन लोगों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने के लिए एवं पर्यावरण से मिलने वाली जानकारी सभी लोगों के बीच दी और बताया कि पर्यावरण हम लोगों के जीवन में एक बहुत ही महत्वपूर्ण चीज है पर्यावरण को हमेशा हम लोगों को बढ़ावा देना चाहिए मौके पर उपस्थित डेकोरेटर एसोसिएशन के सचिव पिंटू कुमार, कोषाध्यक्ष इजराहुल हक, सलाहकार लखेश्वर प्रसाद महतो, सत्येंद्र शर्मा, संतोष महतो, बैजू मालाकार, मनोज रजक, उमा शंकर केवट, मनोज गिरी , प्रेम रवानी, मुकुंद महतो आदि उपस्थित थे।

# एलपी ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा,हुई मौत

राष्ट्रीय खबर



बासल : पतरातू डैम स्थित शंकर ढाबा से महज कुछ दूरी पर पतरातु रांची मुख्य मार्ग सड़क किनारे होटल ग्रीन वैली के संचालक नरेश सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष पिता स्वर्गीय मोगो सिंह ग्राम पंचायत तालाटांड़ ग्राम उचरिंगा, थाना पतरातू निवासी अपने होटल से साइकिल लेकर सड़क पर निकले ही थे कि रांची की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एलपी 10 चक्का ट्रक एम एच 40 ए के 7127 साइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे साइकिल सवार समेत साइकिल ट्रक के अगले हिस्से में फंस गई और ट्रक साइकिल को घसीटते हुए लगभग 100 मीटर आगे जाकर राहगीरों के हल्ला करने पर रुकी।

वही ट्रक दुर्घटना में मौके पर ही साइकिल सवार की मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी पतरातू पुलिस को मिली पतरातू पुलिस अविलंब दुर्घटना स्थल पर पहुंची जहां ट्रक चालक और उप चालक को अपने कब्जे में लेकर पतरातू थाना ले जाया गया। वहीं दुर्घटना में हुई मौत पर उचरिंगा गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने पतरातु रांची मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों द्वारा दुर्घटना में हुई मौत पर उचित मुआवजा की मांग की जा रही थी। ऐसी स्थिति में कोई अप्रिय घटना ना हो जाए इस लिए पतरातू पुलिस थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, एएसआई दिनेश तिवारी व पतरातू थाना सशस्त्र बल उपस्थित रहे।

इस दुर्घटना पर आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा बीडीओ एवं सीओ को घटनास्थल पर बुलाए जाने की मांग की गई। ताकि दुर्घटना में मृत युवक के परिजनों को उचित मुआवजा मिल सके। विदित हो कि उक्त दुर्घटना स्थल पर जब से सड़क चौड़ीकरण हुई है तब से अभी तक सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे में ग्रामीण उक्त दुर्घटना स्थल पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की भी मांग कर रहे हैं।

संपादकीय

# महाराष्ट्र का खेल अगले चुनाव तक जारी रहेगा

महीनों तक चली राजनीतिक साजिशों के एक नाटकीय अंत में, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार ने अपने चाचा और एनसीपी संरक्षक, शरद पवार से अलग होकर आखिरकार महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिला लिया है। . एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद में जूनियर पवार ने दूसरे उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, लेकिन राज्य की राजनीति में चल रहे नाटक में यह शायद ही अंतिम कार्य है। श्री शिंदे ने पिछले साल उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से अलग होने और उनकी जगह मुख्यमंत्री बनने के लिए इसी तरह की पटकथा रची थी। दलबदल विरोधी कानून के तहत उनके खिलाफ अयोग्यता याचिका पर महाराष्ट्र अध्यक्ष द्वारा कभी भी फैसला किया जाना है, और शीर्ष पद रिक्त होने की स्थिति में, पवार जूनियर ऐसा कर सकते हैं। एनसीपी में विवाद कारण कई नेता चाचा और भतीजे के बीच में हैं। पितृपुरुष ने दलबदलुओं को कड़ी चुनौती देने और लोकप्रिय समर्थन के साथ एनसीपी का पुनर्निर्माण करने की कसम खाई है, लेकिन 82 साल की उम्र में यह उनकी क्षमता की परीक्षा होगी।



अलग हुए समूह ने दावा किया है कि उसे पार्टी में सभी का आशीर्वाद प्राप्त है, जो पार्टी संस्थापक के साथ एक मौन सहमति दर्शाता है। यह एक धुआं और दर्पण का खेल है जिसमें वास्तविकता और धारणा को अलग करना आसान नहीं है। राकांपा के दलबदलुओं को गले लगाकर भाजपा ने राज्य में एक और करतब दिखाया है। भाजपा ने राकांपा और उसके नेताओं पर वंशवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। जो लोग भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें से कई लोग विभिन्न जांचों का सामना कर रहे हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद अपने लंबे समय से सहयोगी, शिवसेना के साथ गठबंधन से स्तब्ध भाजपा को अजीत पवार के रूप में एक आसान साथी मिला, और वह भाजपा के देवेंद्र फड़नवीस के नेतृत्व वाली अल्पकालिक सरकार में उप मुख्यमंत्री थे। उसके बाद बनी कांग्रेस-शिवसेना-एनसीपी सरकार में पवार जूनियर फिर से उपमुख्यमंत्री बने। एक ही विधानसभा के भीतर तीसरे राजनीतिक विन्यास के तहत उपमुख्यमंत्री का पद ग्रहण करके उन्होंने अवसरवाद की असीमित संभावनाओं का प्रदर्शन किया है। रविवार को उनके साथ शपथ लेने वाले नये मंत्री राज्य के विभिन्न सामाजिक समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं। राकांपा के मातृ गुट ने अलग हुए समूह के विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही शुरू कर दी है, जो बदले में वरिष्ठ पवार के दो वफादार विधायकों जयंत पाटिल और जितेंद्र अव्हाड को विधानसभा से अयोग्य घोषित करने की मांग कर रही है। राकांपा के बिखरने से राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता पर असर पड़ रहा है, जिसके वरिष्ठ पवार समर्थक रहे हैं। यह सत्ता बरकरार रखने के लिए भाजपा की रणनीति में अंतहीन योजनाओं को भी दर्शाता है, और भाजपा और सेना के शिंदे गुट के बीच मौजूदा गठबंधन में ताजा तनाव जोड़ता है। ठीक एक साल पहले, जब एकनाथ शिंदे ने तख्तापलट की योजना बनाई और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को विभाजित कर दिया, तो पार्टी और उसके सहयोगियों के भीतर कई लोग हैरान रह गए। झटका इसलिए नहीं था क्योंकि पार्टी में विभाजन अप्रत्याशित था, बल्कि इसलिए था क्योंकि पार्टी के एक वफादार ने ऐसा किया था। शिंदे सेना के 55 में से 40 से अधिक विधायकों के साथ चले गए; उन्होंने नए गठबंधन में अपने लिए सर्वश्रेष्ठ पद के लिए बातचीत की और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी बने। अजीत पवार के इस घटनाक्रम के बाद अब एकनाथ शिंदे प्रमुख खिलाड़ी नहीं रहे। भारतीय जनता पार्टी, जिसने तख्तापलट की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, को विद्रोही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेताओं में एक नया अपराध में भागीदार मिल गया है। अजित पवार सहित उनमें से नौ लोग 2 जुलाई को मौजूदा एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फड़नवीस सरकार में शामिल हो गए। लेकिन इससे सरकार में शिंदे की स्थिति अनिश्चित हो गई है। 2019 में, भाजपा ने विधानसभा की 288 सीटों में से 105 सीटें जीतीं, जिससे वह राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बन गई। इसलिए, जब शिंदे 2022 में 40 विधायकों के साथ आए, तो उन्होंने भाजपा को राज्य में फिर से शासन करने का मौका दिया। उनके पास सौदेबाजी की ताकत थी और उन्होंने फडणवीस को पिछली सीट पर धकेल कर मुख्यमंत्री की कुर्सी ले ली। स्पीकर और चुनाव आयोग दोनों ने शिंदे को अनुकूल मंजूरी दे दी, जिससे उन्हें सरकार में बने रहने की अनुमति मिल गई। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को कहा कि वह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी सरकार को बहाल नहीं कर सकता, लेकिन शिंदे और अन्य के खिलाफ उद्धव की अयोग्यता याचिकाओं को निर्धारित करने का निर्णय स्पीकर को सौंप दिया, और कहा कि उन्हें उचित अवधि के भीतर अयोग्यता पर निर्णय लेना होगा। अब चुनाव तक सत्ता अपने हाथ में रखने के लिए भाजपा को कुछ न कुछ तो करना था। इसमें एनसीपी के भीतर अजीत पवार ही कमजोर कड़ी साबित हुए।

# राजनैतिक दलों को तोड़ती विरासत की दावेदारी

राजनैतिक विरासत की दावेदारी को लेकर पारिवारिक घमासान की खबरें तो स्वतंत्रता के बाद ही उसी समय आनी शुरू हो चुकी थीं जबकि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू अपने साथ अपनी इकलौती बेटी इंदिरा प्रियदर्शिनी को साथ लेकर देश विदेश की यात्राओं पर जाया करते थे। वे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के नेताओं व राष्ट्राध्यक्षों से उनका परिचय कराते और उन्हें राजनीति के दांव पेच सिखाते। नेहरू जी ऐसा इसीलिये करते थे ताकि उनकी राजनैतिक विरासत उनकी इकलौती बेटी इंद्रा संभाल सके। परन्तु उसी समय नेहरू की बहन व स्वतंत्रता सेनानी विजय लक्ष्मी पंडित के अंतर्मन में भी नेहरू की विरासत संभालने की मनोकामना पनप रही थी। नेहरू के बाद इंदिरा व उनकी बुआ विजय लक्ष्मी पंडित के परस्पर मतभेदों के भी कई किस्से सामने आते रहते थे। परन्तु चूंकि यह देश का सर्वोच्च राजनैतिक घराना था



निर्मल रानी
स्तंभकार

इसलिये अपनी सूझ बूझ से इस पारिवारिक मतभेद को उसने ज्यादा उभरने नहीं दिया। और विजय लक्ष्मी पंडित को कभी राज्यपाल, कभी राजदूत तो कभी संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष जैसे पदों पर नियुक्त कर कराकर पारिवारिक मतभेदों को ज्यादा उभरने का मौका नहीं दिया। परन्तु यही परिवार राजनैतिक विरासत की दावेदारी को लेकर उस समय बिखर गया जब इंदिरा गांधी द्वारा अपने राजनैतिक उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किये जा रहे उनके छोटे बेटे संजय गांधी की विमान हादसे में मृत्यु हो गयी। और जब संजय गांधी की जगह दूसरा वारिस तलाश करने का समय आया तो इंदिरा गाँधी ने अपने बड़े बेटे राजीव गाँधी को आगे किया। उस समय संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी यह आस लगाये बैठी थीं कि शायद वे संजय गांधी की उत्तराधिकारी बनाई जाएंगी। परन्तु जब ऐसा नहीं हुआ तो उन्होंने अंत्तोगत्वा पार्टी व परिवार दोनों से विद्रोह का रास्ता अख़्तियार किया। अभी तक मेनका गांधी कांग्रेस पार्टी और अपने गाँधी नेहरू परिवार से अलग अपनी पहचान बनाकर राजनीति में सक्रिय हैं।

पिछले दिनों महाराष्ट्र में शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में हुआ विभाजन भी दरअसल पार्टी विरासत को लेकर उभरे मतभेदों परिणाम नजर आ रहा है। शरद पवार भी अपनी पार्टी की विरासत को अन्य नेताओं की ही तरह अपनी बेटी सांसद सुप्रिया सुले को ही सौंपना चाहते थे। इसीलिये गत माह जून में सुप्रिया सुले को एनसीपी का कार्यकारी अध्यक्ष बना कर उनके आगे आने का रास्ता साफ किया गया। जाहिर है यह बात उनके भतीजे व वरिष्ठ एन सी पी नेता अजित पवार जोकि महाराष्ट्र में विपक्ष के नेता से लेकर प्रदेश के कई बार उपमख्यमंत्री तक के पदों पर रह चुके हैं उन्हें रास नहीं आयी। और आखिरकार पिछले दिनों लंबे समय से एन सी पी में धधक रही बगावत की यह चिंगारी उस समय धधक उठी जब महाराष्ट्र की भाजपा-शिवसेना सरकार में अजित पवार उपमुख्यमंत्री के तौर पर शामिल हो गए और पार्टी के नौ विधायकों के साथ पार्टी से अलग हो गये।

महाराष्ट्र में ही इससे पहले बाल ठाकरे की विरासत की दावेदारी को लेकर शिवसेना बल ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे व भतीजे राज ठाकरे के बीच विभाजित हो चुकी है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के मुलायम सिंह यादव परिवार में अखिलेश यादव व शिवपाल यादव यानी चाचा भतीजे के बीच मतभेद उभरते रहे हैं। हरियाणा में चौधरी देवीलाल परिवार में या फिर उनके बाद ओम प्रकाश चौटाला के बेटों अजय व अभय चौटाला के बीच विरासत की रस्साकशी होती देखी गयी । दशकों पूर्व आंध्र प्रदेश में एन टी रामाराव की विरासत को लेकर बेटी दामाद के बीच विरासत की जंग हो चुकी है। लालू यादव परिवार में भी तेजस्वी यादव को उनके बड़े भाई तेज प्रताप यादव अक्सर आँखें दिखाते रहते हैं। बिहार में ही जिस लोक जनशक्ति पार्टी का जनाधार बड़ी मुश्किल और मेहनत से राम विलास पासवान ने तैयार किया था, उनकी मृत्यु के कुछ ही दिनों बाद उनके भाई पशुपति कुमार पारस ने भाजपा की चाल में आकर केंद्रीय मंत्री पद की लालच में उनकी विरासत पर जबरन कब्जा कर लिया और लोजपा का विभाजन कर दिया। जबकि राम विलास अपने बेटे चिराग पासवान को अपना राजनैतिक वारिस के रूप में तैय्यार कर रहे थे।

दूसरी तरफ कश्मीर में गोविन्द बल्लभ पंत परिवार, जगजीवन राम,शेख अब्दुलाह व फारूक अब्दुल्लाह परिवार या मुफ़्ती सईद परिवार अथवा हिमाचल के प्रेम कुमार धूमल परिवार में या फिर पंजाब के प्रकाश सिंह बादल परिवार,राजेश पायलट परिवार या चौधरी चरण सिंह जैसे दर्जनों परिवार ऐसे भी हैं जहाँ नेताओं की राजनैतिक विरासत शांतिपूर्ण तरीके से उनके वारिसान को हस्तानांतरित हुई है। इसका कारण यही था कि या तो राजनैतिक वारिस के रूप में नेताओं के सामने उनकी इकलौती संतान थी या फिर परिवार के अन्य सदस्यों की राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं थी।अन्यथा क्या भाई तो क्या पत्नी या बेटी या दामाद अथवा भतीजे सभी रिश्ते राजनैतिक विरासत संभालने के मुद्दे पर कई बार तार तार होते दिखाई दिये हैं। हाँ पिछले कुछ वर्षों से भारतीय जनता पार्टी द्वारा जहां मंत्री अथवा अन्य उच्च पदों की लालच देकर क्षेत्रीय पार्टियों को समाप्त या कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं, जैसे बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के साथ की गयी उसी तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों का भय दिखाकर भी भ्रष्टाचार के आरोपी अनेक नेताओं को भी भाजपा द्वारा अपने साथ जोड़ा जा रहा है। कुछ ही दिन पहले स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि -'एनसीपी सबसे भ्रष्ट पार्टियों में से एक है और उनके नाम 73,000 करोड़ का घोटाला है'। परन्तु अब एनसीपी के उन्हीं कथित भ्रष्ट नेताओं से हाथ मिला लिया गया है। जिन नेताओं को भ्रष्ट बताया गया था, उन्हीं के साथ केवल हाथ ही नहीं मिलाया गया बल्कि उन्हें मंत्रिमंडल में भी शामिल कर लिया गया है ? इस समय अजित पवार सहित प्रफुल पटेल,छगन भुजबल,आदित्य सुनील तटकरे व हसन मुशरीफ जैसे एन सी पी छोड़ने व भाजपा सरकार से हाथ मिलाने वाले नेता ऐसे हैं जिनपर भ्रष्टाचार विरोधी मामले चल रहे हैं या वे ई डी के निशाने पर हैं। पहले भी भाजपा ने नारद स्टिंग कांड में सुवेंदु अधिकारी को कैमरे पर पैसे लेते देखे जाने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। गोया राजनैतिक दलों को जहां विरासत की दावेदारी तोड़ रही है वहीं नयी 'भ्रष्टाचारियों को राहत ' योजना के तहत भी या तो पार्टियां तोड़ी जा रही हैं या भ्रष्टाचारी नेताओं को अपने साथ जोड़ा जा रहा है।

# दर्जी की सीख

प्रेरक -प्रसंग

एक दिन स्कूल में छुट्टी की घोषणा होने के कारण, एक दर्जी का बेटा, अपने पापा की दुकान पर चला गया । वहां जाकर वह बड़े ध्यान से अपने पापा को काम करते हुए देखने लगा । उसने देखा कि उसके पापा कैंची से कपड़े को काटते हैं और कैंची को पैर के पास टांग से दबा कर रख देते हैं । फिर सुई से उसको सीते हैं और सीने के बाद सुई को अपनी टोपी पर लगा लेते हैं । जब उसने इसी क्रिया को चार-पांच बार देखा तो उससे रहा नहीं गया, तो उसने अपने पापा से कहा कि वह एक बात उनसे पूछना चाहता है ?



पापा ने कहा- बेटा बोलो क्या पूछना चाहते हो ? बेटा बोला- पापा मैं बड़ी देर से आपको देख रहा हूं, आप जब भी कपड़ा काटते हैं, उसके बाद कैंची को पैर के नीचे दबा देते हैं, और सुई से कपड़ा सीने के बाद, उसे टोपी पर लगा लेते हैं, ऐसा क्यों ? इसका जो उत्तर पापा ने दिया- उन दो पंक्तियाँ में मानों उसने ज़िन्दगी का सार समझा दिया ।

उत्तर था- बेटा, कैंची काटने का काम करती है, और सुई जोड़ने का काम करती है, और काटने वाले की जगह हमेशा नीची होती है परन्तु जोड़ने वाले की जगह हमेशा ऊपर होती है । यही कारण है कि मैं सुई को टोपी पर लगाता हूं और कैंची को पैर के नीचे रखता हूं ।

साहित्य

# युवा सपनों की उड़ान 'ग्राम ज्ञानालय'



प्रभुनाथ शुक्ल
पत्रकार

कल्पनाएं जब सजती और संवरती हैं तो उम्मीदों को पंख लग जाते हैं। इरादे और हौसले मजबूत हो जाते हैं। मंजिल खुद-ब-खुद तय हो जाती है। पूर्वांचल के भदोही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ग्रामीण विकास की सोच जमीन पर उतरती दिखती है। भदोही कालीन का हब है यहां कालीन तैयार होते हैं। देश के नए संसद भवन में भदोही की कालीन बिछाई गयीं है। पूर्वांचल में वैसे अच्छे खासे शैक्षिक संस्थान। काशी हिंदू विश्वविद्यालय और संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय यहां की शैक्षणिक और सांस्कृतिक धरोहर है। लेकिन पूर्वांचल की 70 फीसदी आबादी कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। यहां पलायन अधिक है। आर्थिक विपन्नता की वजह से युवाओं के प्रतियोगी स्पर्धा के सपने अधूरे रह जाते हैं।

**पूर्वांचल में वैसे अच्छे खासे शैक्षिक संस्थान। काशी हिंदू विश्वविद्यालय और संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय यहां की शैक्षणिक और सांस्कृतिक धरोहर है।**

लेकिन उन सपनों को पूरा करने के लिए भदोही जनपद से शुरू हुई एक नवाचार की पहल उत्तर प्रदेश और देश के लिए एक मिसाल बनती दिखती है। भदोही के युवा जिला कलैक्टर गौरांग राठी की एक अनूठी पहल पूरे उत्तर प्रदेश और देश की सोच बदल सकती है। भदोही को शहर -ए -कालीन भी कहा जाता है। दुनिया भर से यहां कालीन निर्यात होता है।हालांकि शैक्षिक विकास को लेकर यहां बहुत कुछ नहीं हुआ है। लेकिन गावों में नवाचार के तहत 'ग्राम ज्ञानालय' की स्थापना कर युवाओं को नई दिशा देने की पहल शुरू की गयीं है। इस तरह ग्रामीण अंचलों में स्थापित किए जा रहे ग्राम ज्ञानालय में युवाओं के लिए एकेडमिक स्तर की सारी सुविधाएं उपलब्ध है। जनपद के 546 ग्राम पंचायतों में आधुनिक 'ग्राम ज्ञानालय' की स्थापना की तरफ बड़ी तेजी से कदम बढ़ रहे हैं।
भदोही जनपद में तकरीबन 150 गांव में इसकी शुरूवात हो गयीं है। शुरूआती दौर में ही जॉब की तैयारी करने और पढ़ने वाले करीबन 4000 युवा और छात्र-छात्राएं इससे जुड़कर उच्च गुणवत्ता परक शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। जिसकी वजह से उनके शैक्षिक विकास का आधार बेहद मजबूत हो रहा है। पूरे देश में अपनी तरह का आधुनिक सोच को प्रदर्शित करने वाला यह 'ग्राम ज्ञानालय' युवाओं को तेजी से आकर्षित कर रहा है। योगी सरकार के जनप्रतिनिधि इसमें बढ़चढ़ कर सहभागिता करते दिखते हैं। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में विकास प्राथमिकता के कार्यक्रमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पीपीटी के माध्यम से 'ग्राम ज्ञानालय' के विजन से शासन को अवगत कराया है। मुख्य सचिव नवाचार की इस अनूठी पहल को देखकर इतने प्रभावित हो गए कि उन्होंने जिलाधिकारी की खूब प्रशंसा किया और कहा कि इस रिपोर्ट को भारत सरकार को भेजा जाएगा। इस तरह की सुविधा पूरे उत्तर प्रदेश और देश में उपलब्ध करायी जानी चाहिए।
युवाओं में शैक्षणिक विकास और प्रतियोगी स्पर्धा पैदा करने के लिए यह नवाचार अपने तरह का अकल्पनीय है। युवाओं के सपनों को आयाम देने के लिए ग्राम पंचायतों में इस तरह के ज्ञानालय यानी वाचनालय की स्थापना की जा रही है। वाचनालय में भरपूर पुस्तक, फर्नीचर, सीसीटीवी, स्मार्ट टीवी और ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधाएं उपलब्ध है। इसके अलावा अभ्युदय योजना के तहत रिटायर्ड शिक्षक, प्रवक्ता और दूसरे विषय के विशेषज्ञ इन छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

जानकारी

# लाल टिब्बा



स्थानीय भाषा में लाल टिब्बा का मतलब लाल पहाड़ी होता है। इसे मसूरी का सबसे पुराना और सबसे अधिक आबादी वाला स्थान कहा जाता है।
यह स्थान अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए सुखद सूर्योदय और सूर्यास्त के लिए जाना जाता है जो आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देता है।

**गन हिल प्वाइंट**

मसूरी की दूसरी सबसे ऊंची चोटी, गन हिल पॉइंट इस क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय नजारों में से एक है। माल रोड से 1.7 किमी की दूरी पर स्थित, इस नजारे तक 20 मिनट की चढ़ाई पर पहुंचा जा सकता है। शहर और दून घाटी के अन्य हिस्सों के 360-डिग्री दृश्य के अलावा, आप यहां से बंदरपंच, श्रीकांत, गंगोत्री और पिथवाड़ा हिमालय पर्वतमाला के दृश्य भी ले सकते हो।

**कंपनी गार्डन**

कंपनी गार्डन मसूरी में एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है, जो मुख्य माल रोड से लगभग 3 किमी दूर स्थित है। ऊंचे हिमालय के बीच बसा यह जीवंत बगीचा हरे-भरे हरियाली और खूबसूरत फूलों के बीच अपने परिवार और दोस्तों के साथ पूरा दिन बिताने के लिए एक सुंदर जगह है। यहाँ पर मानव निर्मित झरनों के साथ नौका विहार के लिए एक कृत्रिम तालाब भी है।

# Harley-Davidson X440 की शुरू हुई बुकिंग

नई दिल्ली : दुनिया भर में पावरफुल मोटरसाइकिल्स के लिए लोकप्रिय Harley-Davidson की 440 की भारत में 4 जुलाई से बुकिंग शुरू हो गई है। देश में Harley-Davidson की पार्टनर Hero MotoCorp ने बताया कि इसकी बुकिंग के लिए 5,000 रुपये का भुगतान करना होगा। Harley-Davidson की सभी डीलरशिप्स, हीरो मोटोकॉर्प के चुनिंदा आउटलेट्स के साथ ही ऑनलाइन भी बुकिंग कराई जा सकती है।



Harley-Davidson X440 के प्राइस 2.29 लाख रुपये से 2.69 लाख रुपये के बीच हैं। इसे तीन वेरिएंट्स - Denim, Vivid और S में उपलब्ध कराया गया है। इसका डिजाइन विशेषतौर पर देश की स्थितियों के अनुसार बनाया गया है। इसमें कंपनी के पिछले मॉडल्स से भी बहुत से स्टाइलिंग के एलिमेंट लिए गए हैं। इसमें राउंड हेडलैम्प, LED लाइटिंग और LCD इंस्ट्रूमेंट कंट्रोल दिया गया है। इसमें हाल ही में डिवेलप किया गया 398 cc सिंगल सिलेंडर और एयर कूल्ड मोटर है, जिससे 27 bhp की पावर और 38 ठे का पीक टॉर्क जेनरेट होता है। इसके साथ ही सिक्स स्पीड गियरबॉक्स, इनवर्टेड फ्रंट फोर्क्स और रियर में ट्विन शॉक एब्जॉर्बर हैं।

इस पावर मोटरसाइकिल में ब्रेकिंग को बेहतर बनाया गया है। यह Harley-Davidson की सबसे कम प्राइस वाली मोटरसाइकिल है। इसे राजस्थान के जयपुर में हीरो सेंटर फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी (CIT) में लॉन्च किया गया था। इस मोटरसाइकिल की मैन्युफैक्चरिंग हीरो मोटोकॉर्प की राजस्थान के नीमराना की फैक्टरी में होगी। यह दोनों कंपनियों के बीच पार्टनरशिप में डिवेलप की गई पहली मोटरसाइकिल है। इस पार्टनरशिप के तहत देश में हार्ले डेविडसन की मोटरसाइकिल्स की हीरो मोटोकॉर्प मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग करेगी।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

" भाजपा राज में आदिवासी भाइयों और बहनों पर अत्याचार बढ़ते ही जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में एक भाजपा नेता के अमानवीय अपराध से सारी इंसानियत शर्मसार हुई है। उन्होंने कहा कि ये भाजपा का आदिवासियों और दलितों के प्रति नफ़रत का घिनौना चेहरा और असली चरित्र है।"

राहुल गांधी
कांग्रेस नेता





"वायुसेना के बहादुर पायलट के सम्मान में फिल्म तेजस 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। "

कंगना
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## स्थाई निदान जरूरी

बेरोजगारी देश की एक स्थाई समस्या बन चुकी है। जब-जब इसके समाधान के प्रयास किए जाते हैं इसका स्वरूप विकराल होता जाता है। चुनाव के समय राजनीतिक दल इस मुद्दे पर बड़े-बड़े वादे तो करते हैं मगर वे सब हवाई समाधान साबित होते हैं। जून माह में बेरोजगारी ने जो छलांग लगाई है उसको लेकर फिर चिंता बढ़ती है। 6 माह में बेरोजगारी की तीसरी छलांग जताती है कि अभी इस दिशा में बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। बेरोजगारी से बुरा हाल ग्रामीण क्षेत्रों का है जहां रोजगार के अवसर मौसमी होते हैं। शहरों में रोजगार के विकल्प और बड़ी तादाद में अवसर होने से वहां भले ही बेरोजगारी कम रही हो मगर सीमित अवसरों के चलते गांव की चिंता स्वाभाविक ही है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी प्राइवेट लिमिटेड ने बेरोजगारी की दर को जून में 7.68 से बढ़कर 8.45 बताया है। गांवों में पिछले 2 सालों में बेरोजगारी ने जो छलांग लगाई है वह सबसे अधिक 8.73 फीसद है।वैसे भी गांव प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता और उसके निकट और सहज ही उपलब्ध होने के बावजूद उन पर आधारित उद्योग उसे वंचित है। ऐसे में सारा कच्चा माल गांव से निकलकर शहरों को पहुंच जाता है इस अवधि में जितने दिन लोगों को रोजगार मिल जाता है उतने में ही काम चलाने की उनकी मजबूरी है।शहर और गांव के बीच बेरोजगारी के अंतर को पाटने के लिए सरकार को गांवों में उपलब्ध उत्पादों से उत्पादन की प्रक्रिया आधारित उद्योगों को लगाना होगा तभी कम लागत में अधिक उत्पादन के साथ ही बेरोजगारी पर भी काबू पाया जा सकेगा।

अमृतलाल मारू 'रवि'
इन्दौर मप्र

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### कॉविड उलंघन करने के आरोप में दो युवकों को भेजा गया जेल

**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस ने कांड संख्या 102 /21 के अभियुक्त डोका टांड़ निवासी रोहन कुमार पिता निर्मल साव एवं दीपक कुमार पिता कार्तिक साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। गया इन पर झारखंड राज्य महामारी कोविड बिरोध गैरकानूनी सभा किए जाने एवं लॉक डॉन उलंघन किये जाने का आरोप है।16 अप्रैल 2021 को दोनों युवकों पर कांड संख्या 102/2021 के तहत धारा 147,, 307,504 तथा धारा 2 ,3 4 झारखंड राज्य अधिङ्ग के प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

## सिटी अपडेट्स >>

### जिला फुटबॉल लीग मैच का हुआ शुभारंभ

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के कंचन ग्राउंड में नवभारत फाउंडेशन एवं हजारीबाग एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा जिला फुटबॉल लीग मैच का शुभारंभ हुआ। जिसको लेकर उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में खेल पदाधिकारी सुनील राम,शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, बटेश्वर मेहता, सच्चिदानंद पांडे, शेख तैयब, विवेकानंद सिंह, किशोर सावंत, महेंद्र ठाकुर सहित कई अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। हजारीबाग एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोरी राणा एवं सचिव मुरारी सिन्हा ने फूलों का गुलदस्ता एवं शॉल देकर स्वागत किया वहीं अन्य अतिथियों को हजारीबाग एथलेटिक्स एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला अफजाई किया जिसके बाद समस्त अतिथियों ने संयुक्त रूप से फुटबॉल को किक मारकर मैच को विधिवत रूप से प्रारंभ किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का कांग्रेसियो ने किया पुतला दहन

**हजारीबाग :** हजारीबाग झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में झंडा मध्यप्रदेश राज्य के भाजपा शासन में सत्ता के नशे में चुर अहंकारी भाजपा कार्यकताओं द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने के विरोध में झंडा चौक पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि आदिवासी युवक पर पेशाब करना भाजपा और आर एस एस की ओछी मानसिकता का परिचय है भाजपा शासन में देश की आदिवासी, दलित एंव वांछित समाज के लोगों को प्रताड़ित एंव अपमानित करने का चरम सीमा है । यह घटना ने पूरे देश को शर्मशार किया है। मीडिया प्रभारी निसार खान ने बताया कि कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, मिथिलेश दूबे, गोविंद राम, राजू, चौरसिया, लाल बिहारी सिंह, बिनोद सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह , ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रकाश कुमार यादव, कृष्णा किशोर प्रसाद, मनीषा टोप्पो, परवेज अहमद, उपेन्द्र कुमार राय, दिलीप कुमार रवि, सलीम रजा, सरयु यादव, राम जन्म राय, मो. वारिस, नरसिंह प्रजापति, सदरूल होदा, विश्वास पासवान, मो. मेराज, आशीष श्रीवास्तव, इन्द्रेव कुमार, सुरेन्द्र कुमार सिंह, चन्द्र शेखर आजाद, कमरूउद्दीन, मो. मुस्ताक, मीना महतो, गोपाल यादव, गौतम मेहता, संजय कुमार यादव, विकास कुमार यादव, इकबाल रजा, तारिक रजा, माशूक अंसारी, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी आदि शामिल थे।

बधाई

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर नेताओं ने दी बधाई

# बाबूलाल के माध्यम से भाजपा साध रही निशाना

- 1994 में संयुक्त बिहार प्रदेश के मंत्री एवं वनांचल प्रदेश के अध्यक्ष बने
- झारखंड के लिए कुछ बेहतर कर गुजरने की अपार क्षमता विद्यमान है



राष्ट्रीय खबर:

**हजरीबाग :** हजारीबाग भारतीय जनता पार्टी ने मिशन 2024 को लेकर हैट्रिक जीत की तैयारी के लिए अपने फामूर्ले के अनुरूप धरातल पर कार्य शुरू कर दिया है। एक और जहां संगठनात्मक कार्यक्रमों के जरिए कार्यकर्ता को सक्रिय किया जा रहा है। तो दूसरी ओर जनता से भाजपा नेता सीधे संवाद कर रहे हैं। संगठनात्मक पदाधिकारियों में भी फेरबदल करते हुए लक्ष्य की पूर्ति को ध्यान में रखकर काबिल लोगों को दायित्व सौंपा जा रहा है। मंगलवार को भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के रुप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को नियुक्त किया गया। बाबूलाल मरांडी झारखंड के एक बहुत ही सुलझे हुए शांत, स्वभाव और मजे हुए लोकप्रिय राजनेता हैं। उनमें झारखंड के लिए कुछ बेहतर कर गुजरने की अपार क्षमता विद्यमान है। बाबूलाल मरांडी झारखंड के सर्वमान्य चेहरा है। और ना सिर्फ आदिवासी बल्कि अन्य समुदाय के लोगों के बीच में बेहद लोकप्रिय हैं । बाबूलाल मरांडी का जन्म 11 जनवरी 1958 को झारखंड के गिरिडीह जिलांतर्गत तिसरी प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव कोदाईबांक में हुआ। 1982-83 तक इन्होंने गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड स्थित महतोधरान प्राथमिक विद्यालय में बतौर शिक्षक कार्य किए। बाबूलाल मरांडी विद्यार्थी जीवन में में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और संघ के तृतीय वर्ष प्रशिक्षित स्वयंसेवक हैं। साल 1984 में विश्व हिंदू परिषद में पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने कार्य प्रारंभ किया। साल 1989 में शिला पूजन के लिए संथाल परगना के प्रमुख बनाए गए। 1990 में भाजपा संथाल परगना के संगठन मंत्री बने। 1994 में संयुक्त बिहार प्रदेश के मंत्री एवं वनांचल प्रदेश के अध्यक्ष बने। 1998 में बाबूलाल मरांडी ने शिबू सोरेन को हराकर नासिर पुर का रिकॉर्ड तोड़ा बल्कि पहली बार लोकसभा पहुंचे एवं श्रद्धा अटल बिहारी बाजपेई के सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री के दायित्व का निर्वहन इन्होंने किया। 1999 में रूपी सोरेन को हराकर दोबारा लोकसभा पहुंचे एवं फिर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के सरकार में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री के दायित्व को इन्होंने संभाला। साल 2000 में भाजपा नेता के रूप में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बनने का भी गौरव बाबूलाल मरांडी ने प्राप्त किया। 2001 में रामगढ़ विधानसभा के विधायक बने और बतौर झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में इनका कार्यकाल झारखंड के लिए सबसे स्वर्णिम काल माना जाता है। राज्य के सर्वांगीण विकास की नीव बाबूलाल मरांडी ने रखी। सड़कों के क्षेत्र में इन्होंने जो कार्य किया उस पर आज भी ग्रामीण क्षेत्र की जनता दौड़ रही है। झारखंड में मॉडल सड़क निर्माण की शुरूआत करके इन्होंने इतिहास रचा। 2004 - 2014 तक बाबूलाल मरांडी कोडरमा लोकसभा के सदस्य रहे।

## डाडीघाघर के पुरंपनिया में फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र डाडीघाघर पंचायत के दुर्गम गांव पुरंपनिया में बनहे बाबा युवा क्लब पुरंपनिया के द्वारा 5 दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया नंदकिशोर कुमार ने फीता काटकर एवं किक मारकर किया। मुख्य अतिथि मुखिया श्री कुमार ने कहा कि हमारा पंचायत प्रखण्ड के सबसे दुर्गम पंचायत है। बावजूद यहां के युवकों ने जो साहस और हौसला दिखाई है। काबिले तारीफ है। उन्होंने खिलाड़ियों और आयोजको को हौसला बुलंद करते हुए कहा कि आपलोग खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ें हम हमेशा आप लोगों के साथ हैं। मैच को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष देव कुमार बास्के, सचिव मनोज हांसदा, कोषाध्यक्ष मुकेश हांसदा समेत क्लब के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। मौके गंगेश्वर प्रसाद मेहता, संतोष सोनी, रीतलाल हांसदा, बाबूराम मांझी, महादेव मांझी, मोहन मांझी, लालो मांझी, केशो मांझी समेत दर्जनों लोग शामिल।

### कल्पतरू समेत चार कटहल, पांच मौल श्री,दो पुत्रजीवा के पौधे लगाए गए

# समाहरणालय भवन परिसर में डीडीसी ने किया वृक्षारोपण



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में आज नया समाहरणालय परिसर में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ प्रेरणा दीक्षित,उप विकास आयुक्त के द्वारा किया गया। उप विकास आयुक्त ने कल्पतरू का पौधा लगाकर इसकी शुरूआत की। इस अवसर पर पांच पीपल, चार कटहल, पांच मौल श्री, दो पुत्रजीवा के पौधों का रोपण किया गया। डीडीसी ने बताया कि पर्यावरण के संरक्षण सह ग्लोबल वार्मिंग के दुष्परिणामों से बचाव के लिए हर व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग से हजारीबाग के जिला परिषद् चौक से विनोबा भावे विश्वविद्यालय तक एन.एच.के दोनो किनारो में देवतरु पीपल के पौधों का रोपण किया जा रहा है, साथ इन पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड की भी व्यवस्था की जा रही है। पांच जून से वृक्षा रोपण अभियान के तहत से अबतक 95 पीपल के पौधों का रोपण किया गया है। साथ ही शहर का प्रमुख स्थल झील न.04 के चारों तरफ भी आम ,जामुन ,कटहल,पीपल के सैकड़ों पौधों का रोपण किया गया है। आज के समारोह में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, मिथिलेश कुमार सिंह, डा0.मनोज कुमार, शंकर दूबे, अरविंद पाठक, अभिमन्यु कुमार,परमानंदम,साक्षी कृष्ण, राकेश चंद्र सहाय, अनुज पाण्डेय, संतोष कुमार, तरुण कुमार एवं समाहरणालय कमीर्यों की सहभागिता रही। आशा की जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव ने दिया।

## एनटीपीसी कोयला खनन के कार्यपालक अधिकारियों ने काला बिल्ला लगाकर कर विरोध जताया



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग एनटीपीसी कोयला खनन कार्यपालक अधिकारियों ने अपनी मांग को लेकर काला बिल्ला लगाकर विरोध किया सबस्टेशन पकरी बरवाडीह में काला फीता बांध कर केन्द्रीय प्रबंधक के खिलाफ बिरोध प्रगट करेंगे। हमारे एनटीपीसी के कार्यपालक अधिकारीयों को समय पर पन्नोति नहीं देकर दमन कारी नीति अपना रही हैं। कार्य करने के बदले में हम सभी अधिकारियों को साल के अंत में यह उम्मीद रहती है कि इस बार हमारा ग्रैंड में बदलाव आएंगे। लेकिन प्रबंधन में तानाशाही रवैया से हम सभी प्रसान हो चुकें हैं। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी के सभी अधिकारियों ने निश्चय किया हैं कि मैं कभी भी हार मानने के लिए तैयार नहीं है। यदि हमारे एनटीपीसी के अधिकारी कार्य करतें हैं तो कार्य के बदले प्रोत्साहित करना होगा।दिन रात हमारे एनटीपीसी के अधिकारी एनटीपीसी के विकास के साथ देशवासियों को किसी प्रकार का परेशानी ना हो निरन्तर बिजली मिलती रहे।देश को भी बिजली मिलती रहे। हमारे एनटीपीसी के केंद्रीय नेतृत्व का एकमात्र डिमांड है कि हमारे अधिकारियों को सम्मान मिलते रहना चाहिए और प्रमोशन पोलिशी में सुधार होना चाहिए।काम करने वाले सभी लोगों को प्रोमोशन मिलता रहना चाहिए। कोयला खनन परियोजना में कार्य करने वाले अधिकारियों दिन रात मेहनत कर कोयला खनन का कार्य करते हैं। एवं आवश्यकता अनुसार देश के सभी परियोजनाओं में कोयला का टासपोटिंग करते है जिससे देश को बिजली मिलती रहे। देश के लोगों को परेशानी नहीं है। हम सभी निरन्तर कार्य करते हैं इससे जो प्रोफिट होता है उसका लाभांश को भी देव के विकास में लगाया जाता है। यदि केन्द्रीय प्रबंधन ने हमारे अधिकारियों को मांग को पूरा नहीं पूरा नहीं हो रहा है।

## राजद के प्रखंड अध्यक्ष बने प्रदीप मेहता कई समाजसेवियों ने दिया बधाई



राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक राजद के 27 वॉ स्थापना दिवस के अवसर पर इचाक प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मेहता पिता युगल किशोर मेहता ग्राम गुंजा निवासी का मनोनयन किया गया। मनोनयन प्रदेश राजद उपाध्यक्ष सह बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्यासी राजकुमार यादव ने दर्जनों कार्यकताओं के मौजूदगी में माला पहना कर किया। प्रदीप मेहता ने कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ हमें पार्टी अध्यक्ष बनाने का काम किया है, मैं उस पर खरा उतरने का कार्य करूंगा। श्री मेहता ने यह भी कहा कि पार्टी के लिए दिए गए कार्यो के धरातल पर उतारकर विकास की बुलंदीयो पर पहुंचाने का मेरा पहला प्राथमिकता होगा।

कार्यक्रम में राजद जिला प्रवक्ता प्रो.राजेन्द्र यादव, राजद जिला महासचिव बसंत नारायण मेहता,राजद युवा प्रदेश महासचिव रघुनाथ राणा, जिला राजद अध्यक्ष अनुसूचित प्रकोष्ठ हजारीबाग शत्रुघ्न राम, मुस्ताक अंसारी, सलाहउद्दीन अंसारी, असरफ अंसारी, मोती पासवान, बालेश्वर प्रसाद मेहता,कमला मेहता बधाई दिया व उपस्थित थे।

विकास

### सामाजिक गतिशीलता एवं संस्था निर्माण

# स्वरोजगार से जोड़ ग्रामीणों का हो रहा आर्थिक उत्थान



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को संगठित कर स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सखी मण्डलध/स्वयं सहायता समूहों का वित्तीय पोषण किया जा रहा है। इस क्रम में जिले के सभी 16 प्रखण्ड के 1093 गांवों में 17136 सखी मण्डल संचालित है। जिनमें 1046 ग्राम संगठन एवं 52 कलस्टर फेडरेशन शामिल है।

30 जून 2023 तक 16116 सखी मण्डल को प्रति सखी मण्डल 25 करोड 30 लाख रू का रिवाल्विंग फंडए वहीं 14407 सखी मंडल को प्रति सखी मंडल 50000 रु की दर से 71 करोड 83 लाख रु कम्यूनिटी इन्वेस्टमेंट फंड से अच्छादित किया गया है। वहीं 13975 समूह का प्रथम लिंकेज व इन्हांस लिंकेज समेत कुल 26142 स्वयं सहायता समूह का बैंक कैशध्क्रेडिट लिंकेज किया गया है।

**पलाश, कियोस्कब्ध**

जेएसएलपीएस के अंतर्गत जिले के 15 प्रखण्डों में एक-एक पलाश कियोस्क के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं द्वारा उत्पादित जीवनयापी सामग्रियों का बिक्री कर आर्थिक उपार्जन किया जा रहा है। इन पलाश कियोस्क में हल्दी पावडरए रेड चिल्ली पावडरए गेन्हूं का आटाए मडुआ का आटाए अरहर दालए सरसो तेलए नींबू का आचारए आम का आचारए हैंड वाशए सेनेटाइजरए टॉलेट क्लीनरए जामून सिरकाए पापडए तुलसी तेलए डीश वाश समेत 27 प्रकार के सामान बनाये जाते है। इन सभी सामग्रियों का उत्पादन स्वयं समूह की दीदियों के द्वारा देशी तरीके से बनाया जाता है।

**फूलो झानो आशीर्वाद योजना**

जेएसएलपीएस के तत्वावधान में जिले के 16 प्रखण्डों प्रथम चरण में 346 एवं द्वितीय चरण में 329 एवं तृतीय चरण में 282 लोगों को इस योजना के तहत अच्छादित कर जीविकोपार्जन के लिए वैकल्पिक रोजगार हेतु प्रति लाभुक को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

**दीन दयाल उपाध्याय,ग्रामीण कौशल योजना**

इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के युवा बेरोजगारों को स्वरोजगार हेतु कौशल उन्नयन का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत चालू वित्तीय वर्ष में 864 युवकध्युवतियों को ट्रेनिंग देते हुए नौकरी ऑफर दिया गया है जिनमें 187 युवकध्युवतियां नियोजित किये गये है।

## न्यूज फटाफट

### डीवीसी पेंशनर का कोनार डैम में एक दिवसीय प्रदर्शन



**विष्णुगढ़ :** बिष्णुगढ़ डीवीसी कर्मचारियों को 1972 से पेंशन दिया जा रहा है अचानक 28अप्रैल 23 को प्रबंधन पेंशन भुगतान को सीपीपीसी के तहत एसबीआई और पीएनबी को दे दिया जबकि डीवीसी पेंशनर्स को नौ बैंकों से पेंशन दिया जाता था। इस पर डीवीसी पेंशनर्स ने कहा कि बिना कोर्ट के आदेश अथवा किसी यूनियन के सलाह के अचानक इस तरह का निर्णय किसी सरकारी संस्था के लिए उचित नहीं है। प्रबंधन ने 24 मई को इस पर रोक का आदेश जारी किया था बावजूद इसे लागू किया जा रहा है जिसके विरुद्ध डीवीसी पेंशनर्स कोनार डैम परियोजना कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय प्रदर्शन के साथ ही अपनी मांगों को परियोजना प्रमुख के हाथों प्रबंधन को दिया।इस दौरान पेंशनर्स फोरम कोनार यूनिट के सचिव रघुनाथ प्रसाद, सह सचिव डेगलाल साव, कोषाध्यक्ष गुलाब प्रसाद वर्मा, जानकी महतो एवं अन्य कर्मचारी संघ, श्रमिक संघ व अन्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### मटवारी चौक पर एसएसआरपी ट्रेड मार्ट को विधायक मनीष जायसवाल ने किया लांच

**हजारीबाग :** हजारीबाग बुधवार को हजारीबाग शहर के मटवारी चौक एसबीआई पीबीबी के बगल में एसएसआरपी ट्रेड मार्ट का लांचिंग प्रोग्राम संपन्न हुआ। इसका लॉन्चिंग बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने फीता काटकर, कंपनी के नेम प्लेट का अनावरण कर और दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया। कंपनी के अधिकारियों ने विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर और अंग-वस्त्र भेंटकर स्वागत और सम्मान किया। एसएसआरपी ट्रेड मार्ट का मुख्य कार्य नेपाल से आए युवक युवतियों को फैशन डिजाइनिंग का कार्स सिखाना और उसके बिजनेस से अवगत कराना है। इस कंपनी का संचालन भी नेपाल के ही संचालन समूहों द्वारा किया जा रहा है। संचालन समूह में सुनील, शिव, रोशन, पार्वती, संत, नंद तथा सुमन हैं। उद्घाटन के पश्चात नेपाल से आए प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में हुनरमंद होना बेहद जरूरी है। हुनर जहां आपको सम्मान दिलाता है वहीं आपको आर्थिक स्वाबलंबी बनाने में भी सहयोगी होता है। नेपाल के लोगों द्वारा नेपाल से आए हुए प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देना और उन्हें बाजार में बेचने का अनुभव प्रदान करना वाकई जा प्रशिक्षणार्थियों के सपने को साकार करेगा वहीं भारत-नेपाल के मैत्रीपूर्ण संबंध को भी ओर प्रगाढ़ बनेगा। उद्घाटन के अवसर पर विशेष रुप से स्थानीय समाजसेवी रिंकू वर्मा, असीम चटर्जी, उत्तम कुमार, शंभू बक्शी, रूबी, अधिवक्ता मीरा, प्रशांत प्रियदर्शी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### चिकित्सा सुविधा आपके द्वार



**पीरटांड़ :** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन की संस्था श्रीसेवायतन की ओर से बुधवार को बगदाहा में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 35 मरीजों का इलाज किया गया। इसके पूर्व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन खुखरा पंचायत में किया गया था। जिसमें 42 मरीजों का इलाज किया गया। मानव सेवा में समर्पित संस्था श्रीसेवायतन, मधुबन की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरो का आयोजन निरंतर जारी है। मुनि प्रमाण सागर जी महाराज की पावन प्रेरणा से राजकुमार अजमेरा (अध्यक्ष) विजय पांड्या (महामंत्री) के मार्गदर्शन में श्रीसेवायतन, मधुबन के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पिछले दिनों कई एक गांवों में किया गया, जिसमें सैकड़ों मरीजों का इलाज किया गया। शिविर में निःशुल्क परीक्षण एवं जांच एक्स-रे की सुविधा सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर में निम्नलिखित डॉक्टरों की टोली काम कर रही है। जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर सुभाष बुद्रुक, डॉ विजया बुद्रुक - पुणे, डॉक्टर मोहित जैन - इंदौर, डॉक्टर तरुण लोधी, डॉक्टर आरती पटेल जबलपुर शामिल हैं।

### जन्म-मृत्यु सर्वेक्षण प्रतिवेदन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड सभागार की दूसरी पाली की बैठक जन्म-मृत्यु सूचक प्रतिवेदन को लेकर प्रखंड के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सेविका एवं स्वास्थ्य सहिया के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रमुख फुलवा देवी एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने किया। कार्यशाला में कोविड-19 महामारी के दौरान एवं उसके बाद हुई मृत्यु एवं जन्म का सर्वेक्षण कर प्रतिवेदित करने के लिए प्रथम सूचक सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी सेविका एवं स्वास्थ सहिया को प्रतिनियुक्त करते हुए विशेष अभियान के तहत प्रतिवेदित करने का विधि विधान बताया गया। यह विशेष अभियान 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक सरकार द्वारा चलाई गई है। कार्यशाला में कई पंचायत के पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

### झुंड से बिछड़े हाथी ने टाटीझरिया में मचा रहा उत्पात



**टाटीझरिया :** टाटीझरिया प्रखंड के खैरा गांव मे मंलवार को शाम 6 बजे सृजन फाउंडेशन मॉडल में एक हाथी घुस गया जिसमें काफी छती पहुंचाया तीन दरवाजा, दो खिड़की, 14 आम का पेड़ एंव 200 मिटर तार बाउंड्री को तहस नहस कर दिया, हाथी 06 बजे घुसा एंव 9 बजे बाहर निकला 3 घण्टा मॉडल में लगे फसल एंव दरवाजा, खिड़की बाउंड्री तहस नहस हो गया, दयाल प्रसाद बताए कि हाथी मॉडल में घुसा समय मॉडल में थे बाउंड्री थोड़ कर घुस ही रहा था कि देख कर निकल गए एंव गांव में हल्ला कर लड़कों को बुलाकर भगाने का प्रयास किए, अभी तक बन बिभाग ने कोई। सूधि नही लिया है।

## प्रदेश >> अपडेट

### मतदाता सूची के विरुद्ध दावा आपत्ति की हुई सुनवाई

**पाकुड़ :** नगर पालिका आम निर्वाचन की निर्गत 19 जून को प्रारूप प्रकाशित किए गए मतदाता सूची के विरुद्ध स्थानीय मतदाता द्वारा प्रस्तुत लिखित दावा आपत्ति की सुनवाई 5 जुलाई 2023 को नगर परिषद पाकुड़ के सभागार में की गई ।सभी दावा आपत्ति कर्ता को सूचित किया गया था की जो कोई भी आपत्ति होगी अपनी आपत्ति दावा सूची के साथ संगलन कर आवश्यक सुधार हेतु प्रस्तुत करें।

एसडीएम ज्योति मौर्या की खबर जानकर डर गये हैं कई पति

# पिंटू कुमार सिंह और खुशबू का विवाद थाना तक पहुंचा

- ▶▶ शादी के बाद पत्नी को पढ़ा रहा था पति
- ▶▶ ज्योति मौर्या प्रकरण के बाद वापस बुलाया
- ▶▶ पत्नी ने कहा हर लड़की ज्योति नहीं होती है

राष्ट्रीय खबर

**पटना:** जब से सोशल मीडिया पर यूपी की एसडीएम ज्योति मौर्या की खबर वायरल हुई है, उसके बाद से पतियों में अजीब घबराहट है। कई जगहों से ये खबर वायरल होने लगी कि पति पत्नियों की पढ़ाई छुड़वा रहे हैं। यूपी में महिला अधिकारी ज्योति मौर्या के तथाकथित रूप से बेवफा होने का मसला पूरे देश में ट्रेंड पर है और हर तरफ इस प्रकरण की चर्चा हो रही है। अपने पति के आरोपों के बाद ज्योति मौर्या ट्रेंड में क्या आईं पूरे देश में कई पुरुष अपनी पत्नियों को संदेह की निगाह से देखने लगे हैं। हाल ही में खबर आई थी कि प्रयागराज में पीसीएस की तैयारी कर रही कई महिलाओं को उनके पतियों के द्वारा घर बुला लिया गया है, अब ऐसा ही एक मामला बिहार से भी सामने आया है। इसे लेकर पूरे बिहार में खबर फैल गयी है और कई अन्य स्थानों से भी ऐसी ही सूचनाएं आयी हैं पर उनकी पुष्टि नहीं हो पायी है।

बक्सर के एक पति ने प्रयागराज में रहकर प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना बुन रही और सिविल सेवा की तैयारी कर रही अपनी



पत्नी खुशबू को एक झटके में वापस गांव बुला लिया है। शादी के बाद उसने ग्रेजुएशन किया फिर बीपीएससी की तैयारी में लग गई। महिला का एक बार बीपीएससी 7-8 नंबर चूक गया था। तब उसके पति ने ही उसकी हिम्मत बढ़ाई और पढ़ाई जारी रखने में पूरा सहयोग किया। लेकिन जब पति पिंटू ने यूपी की महिला अधिकारी ज्योति मौर्य की खबर देखी, वो डर गया। आरोप है कि इसके बाद पिंटू अपनी पत्नी खुशबू पर पढ़ाई रोकने का दबाव बनाने लगा।

महिला ने थाने में कहा कि हमारे पति को शक है कि मैं भी ज्योति मौर्या की तरह न बन जाउं, लेकिन ऐसा नहीं होगा। सब महिलाएं एक जैसी नहीं होती हैं। वहीं अब मजबूरन पत्नी थाने में पहुंची और पुलिस के समक्ष आवेदन देकर न्याय और पढ़ाई जारी रखने के लिये गुहार लगाई है। घटना बक्सर जिले के मुरार थाना का है। मामला थाने में पहुंचा तो थानाध्यक्ष ने भी पति को समझाया कि हर पत्नी एक जैसी नहीं होती, लेकिन पति उसकी बात मानने को तैयार नहीं। पत्नी भी बार-बार यह कर रही है कि ऐसा नहीं है कि किसी एक पत्नी ने कोई गलत कदम उठा लिया तो देश की और पत्नी ऐसा ही करेगी। बताया जा रहा है कि मुरार थाना क्षेत्र के चौगाई गांव निवासी पिंटू कुमार सिंह की शादी वर्ष 2010 में हुई थी। उसी वक्त से उनकी पत्नी को वो प्रयागराज में रखकर बीपीएससी की तैयारी करा रहे थे लेकिन पिछले दिनों ज्योति मौर्य नामक महिला के अधिकारी बनने के बाद उसके पति आलोक मौर्या की हालत देखकर उन्होंने सख्त कदम उठाया और पत्नी को वापस बुला लिया है। पूरे जिले में ये मामला चर्चा का केंद्र बन गया है। फिलहाल पति को लोग समझाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन पति अपनी पत्नी को वापस प्रयागराज न भेजने की जिद पर अड़ा हुआ है। पति का कहना है मेरी भी शादी 2010 में हुई थी जिस तरह से आलोक मौर्या की हुई थी, ऐसे में मैं अब अपनी पत्नी को पढ़ाने और अधिकारी बनाने का रिस्क नहीं ले सकता हूं। मामला थाना तक पहुंचा तो पुलिस ने समझाकर दोनों के बीच सुलह करायी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### जदयू पार्टी ने मनाया 27 वां स्थापना दिवस

**मेदिनीनगर:** राष्ट्रीय जनता दल पलामू की ओर से पार्टी का 27 वां स्थापना दिवस समारोह धूम- धाम से पलामू क्लब डालटनगंज में मनाया गया। इस अवसर पर पलामू क्लब डालटनगंज के प्रांगण में जिला अध्यक्ष श्री मोहन विश्वकर्मा जी के द्वारा स्थापना दिवस समारोह के पावन अवसर पर झंडोतोलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर गगन भेदी नारे लगाये गये तथा स्थापना दिवस समारोह के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा के द्वारा अध्यक्षता एवं युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश राम उर्फ राहील राज के द्वारा संचालन किया गया ।साथ ही इस कार्यक्रम में इखढ छोड़कर पूर्व सांसद मनोज भुइयां के सगी बहन , रूबी ऋषि ने जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा से प्रभावित होकर राजद में ज्वाइन की । कार्यक्रम में मुख्यरुप एससी प्रकोष्ट प्रदेश के अध्यक्ष धनन्जय पासवान जी,पिछड़ा प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ चन्द्रवंशी ,प्रदेश महासचिव नरेश सिह , ओम प्रकाश प्रसाद साव (प्रखंड अध्यक्ष युवा राजद पाटन) , संतोष यादव , अशोक भुइयां, रविन्द्र यादव , हंसराज यादवद्व शकील अंसारी , रंजीत कुमार पासवान, उपेन्द्र यादव ,उमा कुमार यादव तथा राजेन्द्र प्रसाद यादव, राजनन्दन यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**प्रदर्शन**

भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन

# कांग्रेस ने किया मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक पर अमानवीय घटना को लेकर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में स्थानीय छः मुहान चौक पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया एवं भाजपा सरकार के विरोध जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया कांग्रेस जनों ने भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा सरकार शर्म करो और गद्दी छोड़ो लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य के भाजपा शासन में सत्ता के नशे में चूर अहंकारी भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने



की घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है।

यह घटना भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित एवं अपमानित करने की चरम सीमा है। भाजपा के आदिवासियों के प्रति निकृष्ट मानसिकता को उजागर करते हुए उनके झूठे आदिवासी प्रेम का पदार्फाश करना अत्यंत आवश्यक है। अभी अभी जब चुनाव सर पर है तब उन्हें झारखंड में भी आदिवासी प्रेम उमड़ रहा है प्रदेश अध्यक्ष के रूप में आदिवासी को आगे कर इन्हें साधने की कोशिश किया जा रहा है जहां इनकी सरकार है वहां पर आदिवासियों के साथ कैसे-कैसे हरकत हो रहे हैं यह सभी के सामने है जब रघुवर दास का सरकार था उस समय इनका आदिवासी प्रेम कहां गया था जो अब आदिवासी को आगे कर इन्हें छलने का कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं।

झारखंड के आदिवासी इनके जाल में फसने वाले नहीं है अच्छे से जानते हैं आदिवासियों का अगर कोई हित चाहता है तो वह सिर्फ कांग्रेस पार्टी है आदिवासियों के लिए जितने भी योजना है वह कांग्रेस पार्टी की देन है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ,शमीम अहमद राइन, ओमप्रकाश अमन, ईश्वरी प्रसाद सिंह भिकारी राम हसन जैदी अरविंद पासवान अशोक पासवान विश्राम दुबे रिजवान खान नसीम खान नफीस खान सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता नसीम हैदर जितेंद्र कमलापुरी विद्याश्री चेरो मिथिलेश कुमार सिंह विजय अग्रवाल हर्ष साहनी शेरखान सुरेंद्र सिंह उर्फ छोटू देवान शुक्ला अमुक प्रियदर्शी साकेत सिंह नगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया अनिल सिंह अनवर अहमद संतोष गुप्ता सुरेंद्र कुमार गणेश रवि रंजीत पासवान रमेश प्रसाद शैलेश मेहता काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### बाबूलाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर बधाई



**पलामू :** झारखंड के पहले मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी को बीजेपी झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष बनने पर हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने उन्हें दिल से बधाई दी है। साथ ही इसके लिए उन्होंने बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के प्रति आभार भी व्यक्त किया है। इसकी जानकारी पत्रकारों को देते हुए उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि श्री मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से झारखंड में बीजेपी संगठन को काफी मजबूती मिलेगी। जिसका लाभ आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जरूर मिलेगा। जिनके मार्गदर्शन में संगठन और सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि श्री मरांडी राजनीति के अच्छे ज्ञाता के साथ ही साथ ईमानदार , मृदुभाषी और कर्मठ व्यक्ति हैं। यही कारण है कि वे प्रदेश के सभी जिले और प्रखण्ड के नेताओं ,कार्यकताओं के साथ ही जन जन में लोकप्रिय हैं। उन्होंने कहा कि इनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से कार्यकताओं में फिर से उत्साह बढ़ा है।

### कॉलेल प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करे प्रशासन: शत्रुघ्न



**मेदिनीनगर:** झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक केन्द्रीय अध्यक्ष सह अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने मेदिनीनगर में प्रेस बयान जारी कर आरक्षी अधीक्षक पलामू से सड़मा छत्तरपुर स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य श्री जितेन्द्र कुमार व प्रबन्धन के अन्य पदाधिकारियों पर दलित महिला फेंकनी देवी व उसके परिजनों द्वारा अपने जमीन खाता सं० 1, प्लॉट नं०-761, रकबा 37.5 डी० पर ट्रैक्टर द्वारा खेत जोतवाने के क्रम में अभद्रतापूर्ण व्यवहार कर रोकने के खिलाफ अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग किया है ।जारी बयान में उन्होंने कहा है कि अभी पिछले दिनों छत्तरपुर अंचलाधिकारी के निर्देश पर सी०आई०, कर्मचारी व अमीन ने उक्त जमीन का स्थलीय निरीक्षण कर कागजात दिखलाने का निर्देश दिया था, लेकिन कॉलेज प्रबन्धन ने उक्त जमीन का पिछले 7 वर्षों से भोला चन्द्रवंशी जैसे कई फर्जी दावेदार खड़ा कर फेंकनी देवी व उसके परिजनों को भीषण मार-पीट कर प्रताड़ित किया है ।इस संदर्भ में पिछले साल फेंकनी व उसके पुत्री पर जानलेवा हमले व इज्जत लूटने के प्रयास का भीडीओ भी वायरल हुआ था, लेकिन पलामू एस०पी० के निर्देश के बावजूद भी कोई प्राथमिकी छत्तरपुर पुलिस ने दर्ज नहीं किया,जो निंदनीय है ।बयान में झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक ने कहा है कि अभी हाल ही में मंच के केन्द्रीय कमिटी के पदाधिकारियों ने छत्तरपुर अंचलाधिकारी से मिलकर उक्त जमीन पर स्थलीय जांच कर भूमि मापी व कागजातों की जांच कर विवाद समाप्त करते हुए लम्बित मोटेशन की प्रक्रिया को पूरा करने का आग्रह किया था ।ज्ञातव्य है कि सन 2016 में फेंकनी देवी पति रामप्रवेश राम सड़मा ने प्रमोद कुमार अग्रवाल से खाता सं०-1,प्लॉट सं०-755,रकबा-37.5डी० एवं दूसरे खाता सं-1,प्लॉट सं०-761,रकबा-37.5 डी० की खरीद की थी,उक्त जमीन के मोटेशन के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता छत्तरपुर व उपायुक्त पलामू के निर्देश के बावजूद भी कॉलेज प्रबन्धन की हड़प नीति व दबंगता की वजह से आज तक फेंकनी देवी की जमीन का मोटेशन नहीं होने दिया,जो गंभीर चिंता का विषय है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### टॉपर्स को किया जायेगा सम्मानित: अंगद

**पलामू :** आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन जपला द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय टाऊन हाल में रविवार होगा। इसे लेकर जगमोहन कुटीर में बुधवार को फाउंडेशन की एक बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष अंगद किशोर व संचालन कोषाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल ने किया। इस दौरान फाउंडेशन के अध्यक्ष अंगद किशोर व सचिव आलोक कुमार ने बताया कि आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन द्वारा हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के मैट्रिक व इंटर के एक सौ टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। चयनित टॉपर्स को एडमिट कार्ड व मार्कशीट साथ मे लाना अनिवार्य होगा। संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रेश्वर प्रसाद, कमलेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### 45 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महेशपुर (पाकुड़):** थाना क्षेत्र के सीलमपुर गांव में बुधवार को गांव के ही एक 45 वर्षीय व्यक्ति गोल्डेन सोरेन ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था। घटना की जानकारी मिलते ही जेएसआइ ब्रजकिशोर सिंह पुलिस बल के साथ घटना की छानबीन करते हुए आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया। इस संबंध में जेएसआइ ने बताया कि मृतक के स्वजनों के द्वारा बताया गया कि उक्त व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त था। कई सालों से उसका इलाज चल रहा था। आज सुबह अपना ही घर में गमछा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना को लेकर यूडी कांड दर्ज किया जाएगा।

## दो गैंगस्टर हुये एक साथ, पुलिस के हाथ लगे पुख्ता



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू झारखंड के दो अपराधी गिरोह सुजीत सिन्हा और अमन साव एक साथ हो गए हैं। सुजीत सिन्हा खूंटी जेल में है। जबकि अमन साव चाईबासा जेल में है। दोनों आपराधिक गिरोह बीच की कड़ी हरि तिवारी नामक शूटर बना है। हरि तिवारी फिलहाल हजारीबाग के केंद्रीय कारा में बंद है। पुलिस को जांच के दौरान कुछ तथ्य मिले हैं इसी आधार पर बात कही जा रही है कि सुजीत सिन्हा और अमन साव एकजुट हुए हैं।दरसल पलामू में नेशनल हाइवे 98 की कंस्ट्रक्शन कंपनी शिवालया पर 28 जून को हमला हुआ था। इस हमले में ठेकेदार शिवजी दास को पैर में गोली लगी थी। घटना के बाद पुलिस ने सुजीत सिन्हा गिरोह के खिलाफ अभियान की शुरूआत की थी। इसी क्रम में रांची से एक अपराधी जीशान शेख उर्फ रिक्की खान पकड़ा गया था। रिक्की खान के मोबाइल से पुलिस को कई जानकारी मिली है। जिसमें सुजीत सिन्हा और अमन साव के बारे में भी जानकारी है। पुलिस की जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि शिवालया पर हुए हमले में हरि तिवारी की भूमिका है।

## कलामुद्दीन अंसारी बने मुहर्रम एकता कमिटी के अध्यक्ष



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बाना में मुहर्रम पर्व को लेकर मुहर्रम एकता कमेटी की बैठक किया गया । जिसमें रबदा , कंडा, तुकबेरा, पंचायत के साथ कई पंचायत के लोगो ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया की मुहर्रम पर्व प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष में धूमधाम के साथ पूरे शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जायेगा। बैठक में सर्वसम्मति से मोहम्मद कलामुद्दीन अंसारी को मुहर्रम एकता कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। जबकि उपाध्यक्ष सत्यानंद मेहता, संजीवन राम , मोहम्मद गुलाम नबी , मोहम्मद फहीम सिद्दीकी , महासचिव कृष्णा दुबे , मनोज प्रसाद गुप्ता, राजबली महारा , रविंद्र पासवान , सचिव- कपिल देव ठाकुर, वीरेंद्र विश्वकर्मा , अजय मेहता , डॉ नंदू , खलील अंसारी , अशर्फी पासवान , कोषाध्यक्ष - सद्दाम अंसारी, उपकोषाध्यक्ष - जहांगीर अंसारी , मीडिया प्रभारी नसीब खलीफा, योगेंद्र विश्वकर्मा का चयन किया गया । कमिटी का संरक्षक के रूप में राजन मेहता, मुमताज आलम, अलाउद्दीन शाह, जटेश्वर मेहता को चुना गया । साथ ही कार्यकारणी सदस्य का भी चयन किया गया।

कमिटी के अध्यक्ष बनने पर कलामुद्दीन अंसारी को लोगो बधाई दिए। कलामुद्दीम अंसारी ने बताया कि मुहर्रम पर्व बहुत धूमधाम और शांतिपूर्ण के साथ मनाया जाएगा। जिसमें कमिटी की ओर से बहुत ही सुंदर और आकर्षक ताजिया का निर्माण किया जाएगा। बसपा प्रदेश अध्यक्ष और कमिटी संरक्षक राजन मेहता ने कहा मुहर्रम एकता कमिटी भाईचारे का एक मिसाल कायम किया है, जिसमें हिंदू मुस्लिम सभी मिलकर मुहर्रम पर्व मनाते है।

### एमके डीएवी के प्राचार्य को सीबीएसई ने किया सम्मानित



**पलामू :** डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान ,आर्य रत्न.पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉक्टर जे.पी. शूर डायरेक्टर पीएस-1 के आशीष की छत्रछाया में संचालित एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज के प्राचार्य, सीबीएसइ के गढ़वा - पलामू के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ जीएन खान को सीबीएसई पटना क्षेत्र के द्वारा सम्मानित किया गया। चार जुलाई को सीबीएसई पटना क्षेत्र के सम्बद्ध विद्यालयों की प्राचार्यो की मीटिंग डीपीएस रांची में आयोजित थी । इसमें रांची, लोहरदगा,हजारीबाग, खूंटी, गढ़वा, पलामू, लातेहार के विद्यालयों के प्राचार्य सम्मिलित हुए। इस मीटिंग में नई शिक्षा नीति 2020 के प्रारूप, क्रियान्वयन, चुनौतियों एवं आने वाली कठिनाइयों पर गहन चर्चा हुई । तत्पश्चात सीबीएसई पटना क्षेत्र के क्षेत्रीय अधिकारी श्री अरविंद कुमार मिश्रा ने सी.बी.एस.ई की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षा 2022-2023 के सफल एवं बाधारहित संचालन, त्वरित मूल्यांकन एवं शीघ्र परीक्षा फल प्रकाशन हेतु सभी सिटी कोऑर्डिनेटर को सम्मानित किया। गढ़वा एवं पलामू के सिटी कोआर्डिनेटर सह डी.ए.वी के प्राचार्य डॉ जीएन खान को उनके आउटस्टैंडिंग लीडरशिप एवं बाधा रहित परीक्षा संचालन हेतु एक प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर अरविंद कुमार मिश्रा क्षेत्रीय अधिकारी सीबीएसई पटना क्षेत्र ने सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ जीएन खान ने गढ़वा एवं पलामू जिले के सीबीएसई संबद्ध सभी विद्यालयों के प्राचार्यो को धन्यवाद कहा। उन्होंने बताया कि दोनों जिलों के सभी विद्यालयों के प्राचार्यो ने भरपूर सहयोग देकर मेरी नेतृत्व क्षमता का संवर्धन किया तथा मुझे इस सम्मान के योग्य बनाया।

**चेतावनी**

बाजार में सब्जी के थोक एवं खुदरा विक्रेताओं की बैठक

# व्यवसायियों के साथ सौतेला व्यवहार न करें नगर आयुक्त : रूचिर तिवारी

राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** सब्जी बाजार में सब्जी के थोक एवं खुदरा विक्रेताओं की बैठक गौस मोहम्मद के अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी एवं न सीम राइन उपस्थित थे। बैठक 50 सो लोग आलू - प्याज सब्जी फल के थोक एवं खुदरा व्यवसाय ने नगर आयुक्त और जिला प्रशासन के द्वारा अमन चैन पसंद ना करने वाले कुछ लोगों के कहने पर सुबह के समय में लगने वाले थोक व्यवसाई को नहीं लगाने की करवाई की निंदा की है। भारतीय



कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव ने लोगों की समस्याओं से अवगत हुआ और यह पाया कि कोरोना के समय से ही थोक एवं खुदरा व्यवसाय बाजार में सुबह 6 बजे से 8:00 तक बिना सड़क जाम किए बीचो-बीच सड़क के दोनों किनारे तरफ जो लकीर खींचा गया है वहां पर अपना व्यवसाय करते हैं और सामान बेचते और उसने करोड़ों रुपया नगर निगम को टैक्स देते हैं लेकिन नगर निगम के द्वारा आनन-फानन में बिना जांच पड़ताल किए एकतरफा आदेश कर देना कि शहर में थोक मंडी नहीं लगेगा सरकारी बस डिपो भेजना, व्यवसायियों के पेट पर लात मारने के समान है। वही सभी व्यवसायियों ने और आज के अध्यक्षता कर रहे गौस मोहम्मद ने नगर आयुक्त एवं जिला प्रशासन से मांग किया है कि नगर निगम बाजार समिति में दुकान बनाकर हम व्यवसायियों को आवंटित करें हम सभी व्यवसाई गन उसका भी नियम टैक्स देने को तैयार है। और ऐसा नहीं करने की स्थिति में तब तक बाजार क्षेत्र में ही थोक एवं खुदरा व्यवसाय सड़क के किनारे करने का अनुमति प्रदान करें हम प्रशासन के बातों को मारने के लिए वचनबद्ध है लेकिन जब सवाल हमारे पेट पर उठता है तो इसमें जो बाजार के लोग विरोध कर रहे हैं उनको भी हमारी भावनाओं पर ध्यान रखना चाहिए। बैठक में मोहम्मद आजाद मोहम्मद असलम लड्डू राईन, समीर अंसारी कुर्बान अंसारी नसीम खान, अरमान राइन, समीर अली, विक्की खलीफा, मोहम्मद अशफाक मोहम्मद इकरार मोहम्मद कासिम राजेंद्र प्रसाद रहीम राइम, बिहारी अनवर अंसारी आरिफ अली सहित पचासो लोग उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**कोडरमा:** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के पीपचो में मंगलवार की देर रात को एक सड़क दुर्घटना में 2 लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान बेकोबार निवासी जाविद अंसारी (उम्र 22 वर्ष, पिता रहमत अली) और मंटू अंसारी (उम्र 18 वर्ष, पिता मुख्तार अंसारी) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों एक बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान पीपचो के समीप बाइक अनियंत्रित होने से दोनों दुर्घटना के शिकार हो गए।

## सिटी अपडेट्स >>

### वज्रपात की चपेट में आने से दो मासूम बच्चो की हुई मौत

चतरा: किसुनपुर स्थित सियानी गांव मे वज्रपात की चपेट में आने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना निमृत बच्चों की पहचान किशनपुर गांव निवासी स्वर्गीय गोकुल महतो की 18 वर्षीय पुत्री रंजू कुमारी व हजारीबाग जिले के गरी कला गांव निवासी 11 वर्षीय रिंकू कुमार के रूप में की गई है जबकि एक अन्य घायल मासूम बच्ची की पहचान 12 वर्षीय सुलेखा कुमारी के रूप में की गई है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार आंधी के साथ हो रही हल्की बारिश में सभी बच्चे पास के ही आम के पेड़ के समीप आम चुनने के लिए गए हुए थे इसी दौरान वज्रपात में तीनों चपेट में आ गए थे जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई जबकि एक अन्य का इलाज हजारीबाग अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना के बाद परिवार समेत पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### लकराही मोड़ के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

चतरा: जिले के सिमरिया मुख्य पथ पर स्थित लकराही मोड़ के समीप तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक 3 माह की दूधमुही बच्ची व उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार टंडवा थाना क्षेत्र बड़गांव निवासी प्रदीप महतो अपने मोटरसाइकिल से अपनी पुत्री चांदनी कुमारी व उसकी तीन माह की दुधमुंही बच्ची को अपने साथ लेकर चतरा इलाज करवाने गए थे जहां से इलाज करवा कर भी वापस बड़गांव लौट रहे थे। इसी दौरान लकराही मोड़ के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया जिससे प्रदीप महतो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों और पुलिस की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से बच्चे और उसकी मां की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर सीओ विजय दास ने बताया कि मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष से मुआवजा राशि दिलाई जाएगी।

### 12 पंचायत सचिवों ने अपना योगदान प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष दिया

पेटरवार : पेटरवार प्रखंड कार्यालय में नवनियुक्त 12 पंचायत सचिव ने अपना योगदान प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया के समक्ष दिया जबकि एक पंचायत सचिव ने अभी तक प्रखंड कार्यालय में योगदान नही दिया है। जिन नवनियुक्त पंचायत सचिवों ने प्रखंड कार्यालय में योगदान दिया है उनमें राजेश कुमार गुप्ता, मो। रईस कौशर, कुमारी संगीता, राहुल कुमार, प्रेरणा सुमन, उत्तम कुमार मोदी, राधा रानी लिंडा, नूपुर कुमारी, सुषमा गाड़ी, रूपा कुमारी, मेघनाथ महतो व प्रेम कुमार नायक के नाम शामिल है जबकि एक नवनियुक्त पंचायत सचिव संगीता गाड़ी ने बुधवार तक प्रखंड कार्यालय में योगदान नही दी है।

**कार्यक्रम** > शत प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन देने का निर्देश

# डीएमएफटी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**गुमला:** आज बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में डीएमएफटी अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई।बैठक में डीएमएफटी अंतर्गत जिला के खनन प्रभावित इलाकों में बुनियादी स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्र, खेल मैदान आदि। का आधुनिकीकरण के संदर्भ में चयनित योजनाओं के लिए प्रस्तावित प्रक्कलन की समीक्षा की गई।



डीएमएफटी अंतर्गत लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा जारी एवं चैनपुर प्रखंड के13 पंचायतों में पोटो हो खेल मैदान निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें से 4 स्थानों का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष बचे मैदानों का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। खेल मैदान के अलावा पीसीसी रोड निर्माण डीप बोरिंग आंगनवाड़ी केंद्र की मरम्मती विद्यालयों का चहारदीवारी निर्माण जैसे कुल 47 योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत कुल 37 योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा 6 योजनाओं पीएचईडी विभाग अंतर्गत 13 ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा 79 एवं भवन निर्माण प्रमंडल द्वारा कुल 8 योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने विभागवार सभी योजनाओं की समीक्षा की एवं लंबित कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया एनआरइपी द्वारा निर्मित सभी पोटो हो खेल मैदान का उद्घाटन अविलंब करवाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी निमार्णाधीन भवनों एवं पूर्ण हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट की मांग की उन्होंने कहा कि गुणवत्ता जांच रिपोर्ट के आधार पर ही योजनाओं के विरुद्ध पेमेंट दिया जाएगा अन्यथा भुगतान राशि में कटौती की जाएगी। उपायुक्त ने विद्युत विभाग को शत प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में बिजली कनेक्शन करने का निर्देश दिया। उन्होंने एडीएफ हेल्थ फेलो को सदर अस्पताल में हुए कार्यों की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट देने की बात कही ।

इसके अलावा उन्होंने अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपविकास आयुक्त हेमंत सती सहित संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## मारपीट मामले में थाना प्रभारी और एसआई से एसपी ने स्पष्टीकरण मांगा

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** जिला के तिलैया थाना के पास गत 2 जुलाई को एक विवाहिता की सरेआम पिटाई और पुलिस द्वारा मामले में संज्ञान नहीं लिए जाने पर एसपी कुमार गौरव ने थाना प्रभारी विनोद कुमार समेत थाना में पदस्थापित दो एसआई से स्पष्टीकरण मांगा है। मामले में सही जवाब नहीं मिलता है तो थाना प्रभारी सहित दो एसआई के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि 2 जुलाई को तिलैया थाना में पारिवारिक विवाद की शिकायत लेकर नव विवाहिता पहुंची थी। तिलैया थाना में प्रभारी मौजूद थे पर कोई सुनवायी नहीं हुई थी। वहीं थाना परिसर के बाहर ही ससुराल वालों ने महिला के साथ पिटाई की थी। जिस समय महिला की पिटाई की जा रही थी उस दौरान थाना परिसर में थाना प्रभारी विनोद कुमार व अन्य पुलिसकर्मी चाय की चुस्की ले रहे थे। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया था लेकिन पुलिस आराम से बैठी रही। मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्ष जब दोबारा थाना परिसर पहुंचे तो एसआई सुमित कुमार ने विवाहिता के पिता को ही थप्पड़ जड़ दिया। यह मामला अगले दिन मीडिया में सुर्खियों में रहा। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने इस मामले को संज्ञान में लिया। पुलिस अधीक्षक ने तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार के साथ ही घटना के समय वहां मौजूद एसआई से स्पष्टीकरण की मांग की है। यह भी बताया जाता है कि इस मामले की जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय के साथ ही मानवाधिकार आयोग को भी भेजी गयी है।

## रोजगार मेला में 85 बेरोजगारो को मिला रोजगार

राष्ट्रीय खबर



**चतरा :** सदर प्रखंड कार्यालय स्थित एससी छात्रावास परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला का आयोजन श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में जिला नियोजनालय द्वारा किया गया।

मेला की शुरूआत जिला नियोजन पदाधिकारी मनु कुमार ने किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडो से काफी संख्या में बेरोजगार युवक-युवती पहुंचे थे। मेला में 16 विभिन्न कंपनियां भर्ती के लिए शामिल हुई थी। जिसमें 85 बेरोजगारो को विभिन्न कंपनियों में रोजगार मिला।

वहीं 87 बेरोजगारो को शॉर्ट लिस्टेड किया गया हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारो के नियोजन अधिनियम 2021 के तहत रोजगार मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें अधिकांश स्थानीय कंपनी भाग ली थी। उन्होंने बताया कि समय-समय पर रोजगार मेला का आयोजन किया जाता हैं, जिसमें बेरोजगारो को विभिन्न कंपनियों में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलता हैं।इस कार्य के शुरू होने से जिला में बेरोजगारी घटी है । और रोजगार मिलने से लोगों में खुशहाली आई है।

## नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति में कई मामलों पर चर्चा

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** जिला विशेषकर झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र के जनसमस्याओं के निदान हेतु नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति द्वारा हरेक माह के पहले मंगलवार को बैठक आयोजित की जाती है। बैठक का संचालन करते हुए समिति के महासचिव मनोज सहाय पिंकू ने विगत माह झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र के दो असहाय विधवाओं के आर्थिक मदद हेतु किए गए सहयोग के प्रति नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति के पदाधिकारियों का धन्यवाद दिया। अध्यक्ष सहित समिति के वरिष्ठ सदस्य अनूप सरकार उर्फ कालटू, अमरजीत सिंह छाबड़ा एवं समाजसेवी संजय शर्मा ने बताया कि जिला में शवदाह वाहन, डेड बॉडी फ्रीजर एवं पशुओं के सुविधा हेतु हाइड्रोलिक पशु एंबुलेंस की मांग जिले के उपायुक्त को मांगपत्र सौंपकर किया गया है। वरिष्ठ सदस्य अवनींद्र सिंह एवं मनीष सूद ने जिले वासियों को बिजली एवं पानी की निर्बाध आपूर्ति हेतु संबंधित पदाधिकारियों पर दबाव बनाने की बात कही, जबकि नगर क्षेत्र में मुख्य सड़क सहित गली मोहल्ला में नालियों के टूटे पड़े स्लैब के निर्माण हेतु नगर परिषद प्रशासक को ज्ञापन सौंपने की बात हुई। बैठक में मुख्य रूप से शशीकांत सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, विनोद कुमार, राजेश सिन्हा उपस्थित हुए ।

## बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने से भाजपाइयों में हर्ष





राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड निवासी प्रदेश भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी ने झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में भाजपा नई ऊंचाइयों को छुएगी। अलग राज्य बनने के पश्चात झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बनाए गए, उसके पूर्व वनांचल प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कार्य किया। बाबूलाल जी के पास काफी लंबा अनुभव रहा है जिसका लाभ भारतीय जनता पार्टी प्रदेश को मिलेगा। वहीं भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, जयनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी उपाध्यक्ष सदानंद सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, महामंत्री यमुना यादव ने कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को मनोनीत करने से भाजपा में मजबूती और आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा का परचम लहराएगा। बाबूलाल मरांडी एक सुलझे हुए और लोकप्रिय नेता हैं। इनका सुंदर व्यक्तित्व और मधुर वाणी से कोई भी खींचे चले आते हैं। झारखंड में बाबूलाल मरांडी से भाजपा संगठन में बेहतर मजबूती आएगी। बधाई देने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, जिला मंत्री सुधीर सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री चंदन कुमार, परसाबाद मंडल अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील सिंह, विजय यादव, महामंत्री महेश रजक, महावीर यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विवेक साव, विजय राणा, राजू साव, घनश्याम रजक, अशोक रजक, विजय यादव, राजेंद्र राम, सदानंद मोदी, रामदेव विश्वकर्मा, गजाधर राणा, विनय सिंह, राजकुमार सिंह शामिल हैं। इन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया।

**अभियान** > प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग टाउन के रास्ते रांची से कोडरमा का तीसरा विकल्प

# 15 जुलाई तक कोडरमा के रास्ते गिरिडीह रांची से दौड़ेगी ट्रेन

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** अभ्रकनगरी, गिरिडीह और कोडरमा के रास्ते कोयलांचल हजारीबाग टाउन रामगढ होते हुए रांची के लिए संभावित 15 जुलाई तक इन्टरसीटी एक्सप्रेस का परिचालन होने की कवायद शुरू हो गयी है और रेलवे बोर्ड की हरी झंडी मिलते ही यह ट्रेन पटरी पर दौडने लगेगी। कोडरमा हजारीबाग टाउन रांची रेल पर ग्रीन सिंग्नल का इंतजार है और गिरिडीह से रांची तक रेल सेवा शुरू होने से हजारों यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। रेलवे बोर्ड ने इसके लिए समय सारणी भी जारी कर दी है। इसके तहत न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन से उक्त ट्रेन 14.00 बजे खुलेगी और कोडरमा 16:10 मिनट पर पहुंचेगी। कोडरमा रेलवे स्टेशन पर 30 मिनट का ठहराव होगा। 16:40 मिनट पर यह ट्रेन कोडरमा से खुलेगी और बडकाकाना 19:10 मिनट पर पहुंचेगी। बडकाकाना से 16:15 मिनट ट्रेन खुलकर टाटी सिलवा रेलवे स्टेशन 21:05 मिनट पर और यहां



से 21:07 बजे खुलकर रांची रेलवे स्टेशन 21:30 बजे पहुंचेगी। वहीं रांची से यह ट्रेन प्रातः 6:10 बजे खुलेगी और टाटी सिलवा 06:28 बजे पहुंचेगी। दो मिनट के ठहराव के बाद यह ट्रेन खुलकर बडकाकाना 08:05 मिनट पर और 5 मिनट के ठहराव के बाद 08:10 मिनट पर यह खुलकर कोडरमा रेलवे स्टेशन 10:30 बजे पहुंचेगी। कोडरमा से यह ट्रेन 11 बजे खुलेगी और 13:10 मिनट पर नयी गिरिडीह रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। मालूम हो कि उक्त ट्रेन का सफर गिरिडीह से रांची तक का साढे सात घंटे का होगा। बताते चले कि प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग टाउन के रास्ते रांची से कोडरमा का तीसरा विकल्प भी मिला है। इसी प्रकार अब गिरिडीह से रांची के लिए शुरू होने वाली इन्टरसिटी यात्रियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी।

## न्यूज फटाफट

### गिरिडीह से पटना के लिए कोडरमा के रास्ते होगी सीधी ट्रेन सेवा

**कोडरमा :** झारखण्ड की महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं की वजह से देश के मानचित्र में कोडरमा आने वाले दिनों में एक नया इतिहास रचेगा। वर्तमान में कोडरमा के रास्ते रांची के लिए दो रूट मिल गये है। पहला रूट कोडरमा से नेता जी सुभाषचंद्र बोस गोमो बोाकरों मुरी के रास्ते रांची जा रहा है। इस रूट में ट्रेफिक का दबाव कम करने के लिए रेलवे ने सार्थक पहल की है। इसी के तहत हजारीबाग टाउन के रास्ते बानादाह साइडिंग से कोयला की ट्रेनों को कोडरमा के रास्ते देश के विभिन्न राज्यों में एनटीपीसी के कोयलों को भेजने का कार्य कर रही है। इधर एक्स्प्रेस ट्रेनों को भी नये विकल्प हजारीबाग टाउन के रास्ते चला रही है। वर्तमान हटिया पटना एक्सप्रेस 13 घंटे में रांची पहुंचती है। हालांकि पटना रांची जनशताब्दी 8 घंटे में ही कोडरमा बोकारों के रास्ते रांची पहुंच रही है और अब वंदे भारत एक्स्प्रेस कोडरमा हजारीबाग टाउन के रास्ते 6 घंटे में दुरी पूरी कर रही है। इधर अब पटना के लिए कोडरमा के रास्ते गिरिडीह से सीधे सेवा जुड जायेगी। पूर्व रेलवे की ओर से चलने वाली ट्रेन संख्या 13131 कोलकता एक्सप्रेस भाया नई गिरिडीह होकर कोडरमा के रास्ते चलायी जायेगी। इसकी स्वीकृति रेलवे बोर्ड से मिल गयी है। इससे गिरिडीह और कोडरमा और पटना के लोगों को काफी फायदा होगा। मालूम हो कि यह ट्रेन कोलकता से आसनसोल होते हुए मधुपुर तक जायेगी। यहॉ से न्यू गिरिडीह होकर महेशमुडा कोडरमा होते हुए भाया गया होकर पटना जंक्शन पहुंचेगी। अभी यह ट्रेन कोलकता से आसनासोल होते सीधे पटना पहुंचती है और फिर गया तक जाती है।

### उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**गुमला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुशांत गौरव ने ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया। साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों, छत, परिसर, सीसीटीवी कैमरा आदि की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में ईवीएम मशीन के रख-रखाव सुरक्षा तंत्र सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम समदानी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा लोकतंत्र में ईवीएम की विश्वसनीयता में किसी भी प्रकार का संदेह न रहे, इसे निमित्त वेयर हाउस जहां ईवीएम रखी जाती है। समय-समय पर उसकी रख-रखाव और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान नोडल पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता गुमला सुश्री सुषमा निलम सोरेन उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री गुलाम सामदानी राजनीतिक दल से श्री चैतु उराव / श्री अकिल रहमान / श्री रामनिवास प्रसाद (कांग्रेस), श्री विकास सिंह (भाजपा) श्री अशोक शर्मा (रा०क०पा० ) श्री रविन्द्र बड़ाईक (रा०ज० द०) एवं रंजीत सरदार (झा०मु०मो०) से उपस्थित थे तथा मौके पर जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान लिपिक श्री अजीत कुमार चौधरी कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री सौरभ गुप्ता, श्री राजेश कुमार, मंगल तिर्की, हेल्पडेस्क मैनेजर श्री प्रमोद साहु श्री शेखर कुमार गुप्ता एवं श्री शशिकान्त भारती मौजूद थे।

### मयूरी कॉलेज में एडमिशन प्रक्रिया जारी

**गुमला :** मयूरी कॉलेज में बीएड, इंटर व बीए एडमिशन प्रक्रिया जारी गुमला। मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड द्वारा संचालित मयूरी चैताली कॉलेज गुमला लक्ष्मणनगर में इंटर एडमिशन शुरू कर दिया गया है। इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। यह जानकारी कॉलेज के निर्देशक बसंत कुमार गुप्ता ने दी। श्री गुप्ता ने शैक्षणिक सत्र 2023-25 के लिए इंटर साइंस, कॉमर्स,आट्‌र्स,तथा बीएड के साथ ही बीए? ,बीएससी पर नामांकन कराने की अपील की है।

### सांप के काटने से युवक घायल

**पेटरवार/कसमार :** सांप के काटने से घायल युवक इलाज के लिए बुधवार को शाम 4:30 बजे पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ज्योत्सना सिन्हा ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया।

क्या है मामला:- बताया जाता है कि कसमार थाना क्षेत्र के चरक पखना गांव निवासी भीखन महतो का पुत्र धनंजय महतो बुधवार को अपने गांव में ही मनरेगा कूप के निर्माण में मजदूरी का काम कर रहा था इसी दौरान जब वह इंट उठा रहा था तब एक सांप ने उसके दाहिने पैर में काट दिया जिसके कारण वह घायल हो गया। कौन सांप काटा था यह बताने में वह असमर्थ था। घटना की खबर पाकर पहुंची 108 एम्बुलेंस से घायल युवक को पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार कर उसे सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया।

### नकाबपोश अपराधियों ने की मारपीट



**चतरा :** शहर के छठ तालाब के समीप अज्ञात नकाबपोश अपराधियो ने एक युवक के साथ मारपीट की। जिससे युवक गंभीर रूप घायल हो गया। युवक छठ तालाब निवासी टुनटुन कुमार हैं। परिजन व मुहल्ले के लोगो ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जहां ईलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार टुनटुन छठ तालाब से पास में स्थित घर जा रहा था। इस दौरान दो बाइक पर छह नकाबपोश अपराधी आए और उसे पकड़कर जमीन का कारोबार करने की बात कहकर मारपीट करने लगे। उसकी आवाज से लोगो को आता देख अपराधी भागने में सफल रहा। इसकी जानकारी सदर पुलिस को दी गयी। पुलिस मामले की जांच मे जुट गयी। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने कहा कि अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ हैं। आवेदन प्राप्त होते ही कार्रवाई की जायेगी।

### पीपचो में सड़क दुर्घटना, दो युवक घायल

**कोडरमा :** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के पीपचो में मंगलवार की देर रात को एक सड़क दुर्घटना में 2 लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान बेकोबार निवासी जाविद अंसारी (उम्र 22 वर्ष, पिता रहमत अली) और मंटू अंसारी (उम्र 18 वर्ष, पिता मुख्तार अंसारी) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों एक बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान पीपचो के समीप बाइक अनियंत्रित होने से दोनों दुर्घटना के शिकार हो गए।

## न्यूज फटाफट

### मैतेई ध्वज के जरिये मणिपुर की ओर ध्यान लाना चाहता था : जैकसन

बेंगलुरु : सैफ चैंपियनशिप फाइनल में भारत की जीत के बाद मैतेई ध्वज ओढ़े नज़र आये जैकसन सिंह ने अपने कृत्य पर सफाई देते हुए बुधवार को कहा कि वह सिर्फ मणिपुर में घट रही घटनाओं की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहते थे। भारत ने मंगलवार रात खेले गये फाइनल में कुवैत को शूटआउट में 5-4 से मात दी। जीत के बाद भारतीय फुटबॉलर जैकसन ने मणिपुर के सजातीय समूह मैतेई का सात रंगों वाला ध्वज ओढ़कर पदक स्वीकार किया, जिसने सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान आकर्षित कर लिया। जैकसन ने स्पष्टिकरण देते हुए ट्वीट किया, '' प्रिय प्रशंसकों, इस ध्वज में जश्न मनाकर मैं किसी की भावनाओं को आहत नहीं करना चाहता था। मैं उन समस्याओं की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहता था जिनसे मेरा राज्य मणिपुर इस समय जूझ रहा है। '' उन्होंने कहा, '' आज की यह जीत सभी भारतीयों को समर्पित है। मैं उम्मीद करता हूं कि मेरे गृह राज्य मणिपुर में शांति लौट आये। आज स्टेडियम आकर टीम का समर्थन करने के लिये सभी प्रशंसकों का शुक्रिया। '' इससे पूर्व, जैकसन ने मैच समाप्त होने के बाद मीडिया से कहा था, '' यह मेरे मणिपुर का ध्वज है। मैं सिर्फ अपने राज्य में घट रही घटनाओं की ओर लोगों का ध्यान लाना चाहता हूं। मैं भारत और मणिपुर में लोगों को बताना चाहता हूं कि वे लड़ें नहीं और शांति के साथ रहें। '' ईएसपीएन के अनुसार, उन्होंने कहा था, '' मैं शांति चाहता हूं। दो महीने हो चुके हैं और लड़ाई अब भी जारी है। मैं इस तरह की घटनाएं और नहीं चाहता। मैं सिर्फ सरकार और अन्य लोगों का ध्यान शांति की ओर लाना चाहता हूं। मेरा परिवार सुरक्षित है लेकिन कई सारे परिवार हैं, जिन्हें परेशानी सहनी पड़ी है और जिन्होंने अपना घर तक खो दिया है। '' उल्लेखनीय है कि मणिपुर मई 2023 से हिंसा के कारण झुलस रहा है। यह हिंसा प्रमुख रूप से मैतेई और कुकी समुदाय के बीच हो रही है।

### विंबलडन 2023 में पहुंचा नाटू-नाटू का क्रेज,जोकोविच और अल्कराज का दिखा अलग अंदाज



नई दिल्ली: टेनिस के प्रतिष्ठित टूनार्मेंट की शुरूआत हो गई है। इस टूनार्मेंट में दो दिग्गज खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज और नोवाक जोकोविच भारत के ऑस्कर विनिंग गाने पर थिरकते हुए दिखाई दिए है। यानी ऑस्कर विनिंग सॉन्ग नाटू-नाटू का जलवा ऑस्कर के बाद अब विंबलडन में भी दिखाई दे रहा है।अब विंबलडन के अकाउंट से सोशल मीडिया पर एक फोटो पोस्ट की गई है। इसमें वर्ल्ड नंबर-1 और नंबर-2 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज और नोवाक जोकोविच डांस करते हुए पोज दे रहे है। दोनों पोज दे रहे हैं जिसमें वो नाटू नाटू का हुक स्टेप करते दिख रहे है। दोनों खिलाड़ियों की इस तस्वीर को ऐसे दशार्या गया है, जिसमें लग रहा है कि वो ऑस्कर विनिंग गाने का हुक स्टेप कर रहे है।

**एंडी मरे ने हासिल की जीत**

बारिश और खराब मौसम के बीच विम्बलडन में अधिकांश मैच या तो शुरू नहीं हो सके या पूरे नहीं हो पाये लेकिन रोजर फेडरर और एंडी मर्रे आकर्षण का केंद्र रहे। बीस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन फेडरर भले ही टेनिस को अलविदा कह चुके हों लेकिन उनका जलवा अभी भी बरकरार है।वह रॉयल बॉक्स में आगे की पंक्ति में वेल्स की राजकुमारी केट के साथ बैठे थे। मैच से पहले करीब डेढ मिनट तक दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। ब्रिटेन के मर्रे ने वाइल्ड कार्डधारी हमवतन रियान पेनिस्टन को 6-3, 6-0, 6-1 से हराया। वहीं नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज ने जेरेमी चार्डी को 6-0, 6-2, 7-5 से मात दी। गत चैम्पियन एलेना रिबाकिना ने अमेरिका की शेल्बी रोजर्स को 4-6, 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। वहीं ओंस जबाउर ने मेगडालेना फ्रेच को 6-3, 6-3 से हराया और एरिना सबालेंका ने पन्ना उडवार्डी को 6-3, 6-1 से मात दी।

**फुटबॉल** ममता बनर्जी और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी भारतीय टीम को बधाई दी

# प्रधानमंत्री मोदी ने सैफ चैंपियनशिप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई दी

- कुवैत को हराकर नौ बार इसे जीतने का रिकॉर्ड बनाया!
- आठवीं बार सैफ चैंपियनशिप जीतने के लिये ब्लू टाइगर्स को बधाई

एजेंसियां






नयी दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिकॉर्ड नौंवी बार सैफ चैंपियनशिप जीतने पर भारतीय फुटबॉल टीम को बुधवार को बधाई दी। श्री मोदी ने ट्वीट किया, ''भारत एक बार फिर चैंपियन बना! ब्लू टाइगर्स ने सैफ चैंपियनशिप 2023 में सर्वोच्च स्थान हासिल किया! हमारे खिलाड़ियों को बधाई।'' ट्वीट में कहा गया, इन एथलीटों के दृढ़ संकल्प और दृढ़ता से संचालित भारतीय टीम की उल्लेखनीय यात्रा, आगामी खिलाड़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी भारतीय टीम को बधाई दी। सुश्री बनर्जी ने ट्वीट किया, ''सैफ चैंपियनशिप खिताब 2023 जीतने के लिये भारतीय फुटबॉल टीम को बधाई। उन्होंने कुवैत को हराकर नौ बार इसे जीतने का रिकॉर्ड बनाया! हमारे विजयी खिलाड़ियों को बधाई।'' केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीट किया, ''हमने एक बार फिर कर दिखाया! फाइनल में कुवैत के साथ इतने रोमांचक मुकाबले में धैर्य बनाए रखने और शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड आठवीं बार सैफ चैंपियनशिप जीतने के लिये ब्लू टाइगर्स को बधाई। आपकी जीत पर रोमांचित हूं, चमकते रहिए!'' उल्लेखनीय है कि मंगलवार रात बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में भारतीय टीम ने पेनल्टी पर कुवैत को 5-4 से हराकर नौंवी बार दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैंपियनशिप जीती। अब तक की सबसे बड़ी और सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी सैफ चैंपियनशिप के शिखर मुकाबले में 120 मिनट खत्म होने के बाद खेल 1-1 पर समाप्त हुआ, लेकिन पेनल्टी शूटआउट में गुरप्रीत सिंह संधू के विजयी बचाव ने भारत को नौंवा उपमहाद्वीप खिताब जिताया।

## लॉर्ड्स में ख्वाजा को दुर्व्यवहार का निशाना बनाया गया : रिपोर्ट

एजेंसियां



लंदन: लॉर्ड्स के लॉन्ग रूम की नवीनतम वीडियो ने खुलासा किया है कि दूसरे एशेज़ टेस्ट के पांचवें दिन रविवार को लंच के लिये जाते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ उस्मान ख्वाजा को लगातार दुर्व्यवहार का निशाना बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के विवादित रनआउट के बाद लंच के लिये पवेलियन लौटते ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के खिलाफ मेरिलबोर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के सदस्यों द्वारा नारेबाज़ी की गयी।

एक वीडियो में एमसीसी सदस्य को ख्वाजा को विशेष रूप से कुछ बोलते हुए देखा गया। ऑस्ट्रेलियाई अखबार द एज द्वारा प्राप्त एक नयी वीडियो में देखा जा सकता है कि एमसीसी के एक सदस्य द्वारा बार-बार कुछ कहे जाने के बाद पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी ख्वाजा ने एमसीसी के प्रबंधक और टीम के सुरक्षा अधिकारी फ्रैंक डिमासी को उस सदस्य के बारे में जानकारी दी। उस सदस्य ने ख्वाजा से क्या कहा, इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। द एज की रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के करीबी सूत्रों ने इस बात से इंकार किया है कि एमसीसी द्वारा की जा रही जांच नस्लीय दुर्व्यवहार से संबंधित है। द एज ने जिन गवाहों से बात की उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि वे लॉन्ग रूम में सभी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों और विशेष रूप से ख्वाजा के खिलाफ इस्तेमाल की गयी भाषा से घृणित और 'हैरान' थे। ख्वाजा ने लॉर्ड्स टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 43 रन की जीत के बाद कहा था, ''(एमसीसी) सदस्यों के मुंह से जो बातें निकल रही थीं वे बहुत निराशाजनक थीं। मैं चुपचाप खड़े रहकर सब कुछ सुनने वाला नहीं था। मैंने उनमें से कुछ से बात की, वे बहुत बड़े-बड़े आरोप लगा रहे थे। सच कहूं तो यह बहुत अपमानजनक था। मुझे सदस्यों से बेहतर बर्ताव की उम्मीद है। '' कुछ सहकर्मियों के व्यवहार से स्तब्ध एमसीसी के अन्य सदस्य लॉन्ग रूम घटना की जांच में सहायता कर रहे हैं। इनमें से कुछ ने क्लब को गवाहों के बयान उपलब्ध कराये हैं। तीन सदस्यों को पहले ही आगे की जांच होने तक निलंबित कर दिया गया है।

## भारत शृंखला की तैयारी के लिये स्वदेश लौटे जोसेफ़, होल्डर

एजेंसियां




डॉमिनिका: वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाज अल्ज़ारी जोसेफ़ और जेसन होल्डर भारत के विरुद्ध 12 जुलाई से शुरू होने वाली टेस्ट शृंखला की तैयारी के लिये विश्व कप क्वालीफायर छोड़कर स्वदेश लौटेंगे। क्रिकेट वेस्ट इंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीडब्ल्यूआई ने ट्वीट किया, जेसन होल्डर और अल्ज़ारी जोसेफ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर से जल्दी प्रस्थान करेंगे। कैरेबियन लौटने पर वे आखिरी दो सुपर सिक्स मैच नहीं खेल पाएंगे। यह फैसला भारत के विरुद्ध टेस्ट सीरीज़ से पहले उनके कार्यभार को प्रबंधित करने की दृष्टि से लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि वेस्ट इंडीज भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप की दौड़ से बाहर हो चुकी है, लेकिन ओमान (05 जुलाई) और श्रीलंका (सात जुलाई) के खिलाफ उसके मुकाबले बाकी हैं। जोसेफ़ क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में आठ विकेट के साथ वेस्टइंडीज के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं, जबकि होल्डर ने छह विकेट लेने के साथ-साथ 144 रन भी बनाये हैं। वेस्टइंडीज पुरुष टीम के मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने एक बयान में कहा, जेसन और अल्ज़ारी सभी प्रारूपों में हमारे दो प्रमुख गेंदबाज हैं। हमारे पास भारत के खिलाफ आगामी शृंखला के लिये एक पूरा कार्यक्रम है, जहां हम नयी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप शुरू करेंगे। उसके बाद वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे। हेन्स ने कहा, इस समय यह महसूस किया गया कि सबसे अच्छा कदम यह है कि हमारे दो प्रमुख गेंदबाज जिम्बाब्वे से जल्दी लौट आयें। वेस्ट इंडीज़ को 12 जुलाई को शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की शृंखला के बाद तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी भारत की मेज़बानी करनी है।

## काजोल को लेकर दो पत्ती का निर्माण करेंगी कृति सैनन

एजेंसियां



मुंबई : बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन, काजोल को लेकर फिल्म दो पत्ती बनाने जा रही है। कृति सैनन अब निर्माता बन गयी है। कृति सैनन ने सोशल मीडिया पर अपनी पहली फिल्म दो पत्ती की घोषणा कर दी है। दो पत्ती में काजोल की अहम भूमिका होगी। कृति 'दिलवाले' के आठ साल बाद काजोल के साथ 'दो पत्ती' में काम करेंगी। कृति सैनन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म दो पत्ती की पहली तस्वीर साझा की, जिसमें उनके और काजोल के साथ और दो महिलाएं नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम हैंडल पर काजोल के साथ तस्वीर साझा करते हुए कृति सैनन ने लिखा, 'दो पत्ती की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हूं! तीन बेहद मजबूत इरादों वाली, प्रेरक और बेहद प्रतिभाशाली महिलाओं साथ यह फिल्म और भी ज्यादा मनोरंजक बनेगी। हमें इस कहानी को बताने के लिए नेटफ्लिक्स से बेहतर मंच नहीं मिल सकता था। आठ साल बाद काजोल मैम के साथ फिर से काम करने के लिए सुपर डुपर उत्साहित हूं!

## 20 अक्टूबर को रिलीज होगी कंगना रनौत की फिल्म तेजस

एजेंसियां



मुंबाई: बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म तेजस, 20 अक्टूबर को रिलीज होगी। कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म 'तेजस' से अपना लुक जारी किया है। फोटो में कंगना वायुसेना के पायलट के रूप में नजर आ रही हैं।

रॉनी स्क्रूवाला के आरएसवीपी मूवीज के बैनर के तहत बनी फिल्म तेजस का निर्देशन सर्वेश मेवाड़ा ने किया है। कंगना ने सोशल मीडिया पर अपने नए लुक को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'वायुसेना के बहादुर पायलट के सम्मान में फिल्म तेजस 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कंगना की फिल्म तेजस एयरफोर्स की पायलट तेजस गिल पर आधारित है। फिल्म तेजस भारतीय में वायु सेना की महिला पायलट की कहानी को दिखाया जाएगा। कंगना इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन दिखाती नजर आएंगी। कंगना के अलावा फिल्म तेजस में अंशुल चौहान, वरुण मित्रा और पंकज त्रिपाठी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## वरूण धवन की फिल्म बवाल का टीजर रिलीज



मुंबई : बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म बवाल का टीजर रिलीज हो गया है। नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म ह्यबवालव्ह के टीजर में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की लव स्टोरी दिखाई गई है। एक- दूसरे को डेट करने की बीच दोनों अलग हो जाते हैं। कुछ दिन पहले ही बवाल का फर्स्ट पोस्टर रिलीज किया गया था, जिसमें जाह्नवी और वरुण के बीच की केमिस्ट्री लोगों को काफी पसंद आई थी। फिल्म 'बवाल' के टीज़र में अजय (वरुण धवन) और निशा (जान्हवी कपूर) के बीच प्यार और उभरते रोमांस की झलक दिखाई देती है। साजिद नाडियाडवाला निर्मित बवाल प्राइम वीडियो पर 21 जुलाई 2023 को रिलीज होगी।

## नीतू परिवार ने अपने परिवार के बच्चों की तस्वीर शेयर की

एजेंसियां



मुंबई: बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू कपूर ने अपने परिवार के बच्चों की अनदेखी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। नीतू कपूर सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। नीतू अक्सर अपनी और फैमिली से जुड़ी तस्वीरें और यादें फैन्स से शेयर किया करती हैं। नीतू कपूर ने अपने परिवार के बच्चों की तस्वीर शेयर की है, जिसमें करीना से लेकर करिश्मा कपूर के अलावा कुछ और बच्चे दिख रहे हैं। नीतू कपूर ने लिखा है कि इस फोटो में कौन-कौन हैं। इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किए पोस्ट में नीतू कपूर ने उन बच्चों को टैग भी किया है जो इसमें दिख रहे हैं। उन्होंने बताया है कि इस तस्वीर में करिश्मा कपूर, करीना कपूर हैं। करीना इस फोटो में छोटे बालों में पहचान में नहीं आ रही हैं। इन दोनों के अलावा ऋतु नंदा के बच्चे निखिल नंदा और बेटी निताशा नंदा नजर आ रही हैं। ये चारों बच्चे एक छोटे बेबी के साथ पोज देते दिख रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ये बच्चा कोई और नहीं बल्कि रणबीर कपूर हैं।

### फिल्म बवाल पर नाज करते हैं साजिद नाडियाडवाला

मुंबई : बॉलीवुड फिल्मकार साजिद नाडयिाडवाला का कहना है कि उन्हें अपनी फिल्म बवाल पर नाज है। नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'बवाल' में वरूण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका है। निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने कहा, बवाल एक ऐसी फिल्म है जिस पर मुझे बेहद नाज़ है, क्योंकि मेरे खयाल से यह फिल्म हमेशा मेरे लिए सबसे खास और यादगार प्रोजेक्ट्स में से एक रहेगी। हमें शुरू से ही इस बात का यकीन था कि 'बवाल' को दुनिया भर के दर्शकों की तारीफ मिलेगी और वे इस फिल्म का भरपूर आनंद लेंगे। जहां तक प्राइम वीडियो के साथ साझेदारी की बात है, तो ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्रीमियर के जरिए हम दुनिया के हर कोने में दर्शकों तक पहुंच सकते हैं।

## राजकुमार हिरानी के साथ फिर काम करेंगे आमिर खान!

एजेंसियां



मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान , निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ फिर काम करते नजर आ सकते हैं। आमिर खान ने राजकुमार हिरानी की 3 इडियट्स और पीके जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। चर्चा है कि आमिर फिर से राजकुमार हिरानी की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि राजकुमार हिरानी और आमिर खान की जोड़ी एक बायोपिक में नजर आने वाली है। कहा जा रहा है कि राजकुमार हिरानी ,आमिर खान को कहानी सुना चुके है।दोनों काफी समय से एक-दूसरे के साथ फिर से कोलाब्रेशन करना चाहते है। वह बीते सालों में एक-दूसरे के साथ कई कहानियां डिस्कस कर चुके हैं और ऐसा लग रहा है कि दोनों को फाइनली वैसा सब्जेक्ट मिल गया है, जो दोनों को पसंद आया है। यह एक बायोपिक फिल्म होगी। राजकुमार हिरानी इन दिनों शाहरुख खान के साथ 'डंकी' बना रहे हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

**हर माह के दूसरे, चौथे शनिवार लगेगा विज का जनता दरबार**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का जनता दरबार अब हर माह के दूसरे और चौथे शनिवार को लगेगा जिसमें प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बुधवार को यहां बताया कि इसी कड़ी में पहला जनता दरबार शनिवार, आठ जुलाई, 2023 को अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लगेगा। इसमे दोपहर एक बजे तक पहुंचने वाले लोगों की समस्याएं ही सुनी जाएंगी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**राजस्थान और मध्यप्रदेश के राज्यपाल की सात जुलाई को महत्वपूर्ण बैठक**

**उदयपुर :** राजस्थान और मध्यप्रदेश के राज्यपाल की उदयपुर में महत्वपूर्ण बैठक सात जुलाई को संभागीय आयुक्तालय सभागार में आयोजित होगी। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने बताया कि दोनों राज्यपाल के साथ 15 जिलों के कलक्टर-एसपी तथा संबंधित संभागीय आयुक्त एवं आईजी भी भाग लेंगे। उन्होंने अधिकारियों को वीआईपी की बैठक को देखते हुए बेहतर व्यवस्थाओं के माध्यम से राजस्थान की अच्छी छवि पेश करने की बात कही।

**विकास और गरीब कल्याण के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी भाजपा : शर्मा**

**भोपाल :** भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव पार्टी विकास और गरीब कल्याण के मुद्दे पर लड़ेगी। आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व कल रात प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की बैठक हुई। देर रात तक चली बैठक के बाद श्री शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव की दृष्टि से तैयारियों पर बैठक संपन्न हुई है। बैठक में अलग-अलग समूहों को जो काम दिए गए थे, उनकी समीक्षा की गई। चुनाव की तैयारियों पर समीक्षा की है। आने वाला चुनाव पार्टी विकास व गरीब कल्याण के बिंदुओं पर लड़ेगी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**तेलंगाना भाजपा विधायकगिरफ्तार भाजपा विधायक रघुनंदन राव गिरफ्तार**

**हैदराबाद :** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक रघुनंदन राव को बुधवार को हकीमपेट वायु सेना हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। श्री राव की गिरफ्तारी तब हुई जब वह गजवाल जा रहे थे, जहां दो समुदायों के बीच हाल की झड़पों के बाद तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई थी। पुलिस के अनुसार श्री राव को गिरफ्तार करने का निर्णय क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया गया है। बाद में उन्हें अलवाल थाना ले जाया गया।

**त्रिपुरा रथ त्रासदी में मृतकों की संख्या आठ हुई**

**अगरतला :** त्रिपुरा रथ दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। पुलिस ने बुधवार को कहा कि गंभीर रूप से बीमार गृहिणी रत्ना धर की मंगलवार रात अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत के साथ रथ हादसे में मरने वालों की संख्या आठ हो गई। पुलिस ने कहा, वह उन तीन लोगों में से हैं, जिन्हें गंभीर चोटें आई और उन्हें अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में निगरानी में रखा गया। आखिरकार, एक सप्ताह की लड़ाई के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। इस बीच जुलूस के आयोजक इस्कॉन के सदस्यों ने पीड़ित परिवारों से कुमारघाट में मुलाकात की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी और कहा कि वे घायल परिवारों को सहायता प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि उनोकोटी जिले के कुमारघाट में 28 जून को भगवान जगन्नाथ की वापसी के प्रतीक फेरा रथ के जुलूस के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाई-वोल्टेज बिजली लाइन को छूते हुए एक रथ में आग लगने से तीन बच्चों सहित कम से कम सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 20 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

**प्रलोभन**

### अब कुंवारों को भी मिलेगा भत्ता

# चौतरफा घिरते खट्टर सरकार ने लिया एक बड़ा फैसला

- **पेंशन योजना की राशि वृद्धावस्था भत्ते के बराबर यानी 3000 प्रति माह है**
- चुनाव करीब आने के बीच इन एलानों को चुनावी मकसद से जोड़कर देखा जा रहा है



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर सरकार इस बार अविवाहित पुरुषों और महिलाओं के लिए पेंशन योजना शुरू करने की योजना बना रही है। खट्टर ने गत रविवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य में 45 से 60 वर्ष की आयु के अविवाहित लोगों के लिए एक पेंशन योजना शुरू करने की योजना बना रही है। खट्टर रविवार को हरियाणा के करनाल जिले के कमालपुरा गांव में जनसंगम कार्यक्रम में शामिल हुए। वहां उन्हें 60 साल के अविवाहित लोगों के लिए पेंशन योजना शुरू करने को लेकर जनता के सवालों का सामना करना पड़ा।

इसके जवाब में खट्टर ने कहा, राज्य सरकार जल्द ही अविवाहित लोगों के लिए एक पेंशन योजना शुरू करने की योजना बना रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार एक महीने के भीतर इस योजना पर फैसला लेगी। माना जा रहा है कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रस्तावित इस योजना से राज्य के करीब दो लाख लोगों को फायदा होगा।

कार्यक्रम के दौरान खट्टर ने हरियाणा में वृद्धावस्था भत्ता बढ़ाकर 250 रुपये करने की भी घोषणा की। ऐसा माना जाता है कि अविवाहित व्यक्तियों के लिए पेंशन योजना की राशि वृद्धावस्था भत्ते के बराबर यानी 3000 प्रति माह है। हालांकि, इस प्रोजेक्ट में कितना पैसा दिया जाएगा, इस बारे में सरकार ने साफ तौर पर कुछ नहीं कहा है। वहीं अविवाहित पेंशन के लिए क्या मापदंड हैं यह अभी भी स्पष्ट नहीं है। हरियाणा सरकार पहले से ही राज्य के वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं, विकलांगों, बौनों और ट्रांसजेंडरों के लिए पेंशन योजनाएं शुरू कर रही है। इस बीच, खट्टर सरकार ने अविवाहित लोगों के लिए पेंशन योजना की घोषणा की।

वैसे चुनाव करीब आने के बीच इन एलानों को चुनावी मकसद से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल अपने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी कई बार जनता की नाराजगी झेल चुके हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सक्रियता से भी वे अच्छे खासे परेशान है।

## कांग्रेस आदिवासियों के साथ : कमलनाथ



**राष्ट्रीय खबर**

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के सीधी जिले में जनजाति वर्ग के एक युवक के साथ अमानवीय व्यवहार के वीडियो वायरल होने पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर सत्ता का नशा चढ़ा हुआ है और कांग्रेस पार्टी हमेशा आदिवासियों के साथ है।

श्री कमलनाथ ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि प्रदेश के आदिवासी भाई बहनों के अपमान की घटनाओं से मन बहुत दुखी है। क्या सत्ता का नशा इस कदर भाजपा नेताओं पर चढ़ गया है कि वे इंसान को इंसान नहीं समझ रहे। ये घटना आदिवासी अस्मिता पर प्रहार है। टंट्या मामा और बिरसा मुंडा जैसे महापुरुषों का अपमान है। प्रदेश के करोड़ों आदिवासी भाई बहनों का अपमान है। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समाज पर हो रहे अत्याचारों को सरकारी संरक्षण देना बंद करे। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से आदिवासी समाज के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिला कर रहेगी।

### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बेहतरीन पहल

## पांच जिलों के लिए 70 करोड़ रुपए स्वीकृत

**राष्ट्रीय खबर**



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पांच जिलों में सड़क विकास कार्यों के लिए 70 करोड़ रुपए एवं वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी के दो नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। श्री गहलोत ने पांच जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में मुख्य सड़क, नॉन पेचेबल एवं मिसिंग लिंक सड़कों का सुदृढ़ीकरण के कार्यों के लिए 70 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इसमें सात विधानसभा क्षेत्रों में 253 किलोमीटर लम्बाई के 120 विभिन्न कार्यों के लिए राशि स्वीकृति की गई है। बाड़मेर जिले की शिव विधानसभा में 17 कार्य एवं चौहटन में 27 कार्य, दौसा की बांदीकुई में 30 कार्य, झालावाड़ की झालरापाटन में 11 कार्य, करौली की सपोटरा में 11 कार्य, पाली जिले की सोजत में 11 कार्य और सुमेरपुर विधानसभा में 13 विकास कार्य होंगे। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से नवीन सड़कों का निर्माण होगा, जिससे प्रदेश में सड़क तंत्र मजबूत होगा। आमजन को आवागमन में आसानी होगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी। इसी तरह मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी के दो नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इन पदों का सृजन विधि वादकरण के आपराधिक प्रकोष्ठ एवं विधि विभाग (प्रकोष्ठ-4), सचिवालय स्ट्रैन्थ में किया जाएगा। श्री गहलोत के इस निर्णय से प्रदेश के प्रशासनिक एवं विधिक मामलों में कानून संबंधी उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी के पदों को निर्धारित करने का मापदण्ड राज्य एवं अधीनस्थ सेवा के कुल पद संख्या 709 का 3 प्रतिशत अर्थात 21 है। पूर्व में 19 पद स्वीकृत हैं। ऐसे में अब वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी का कैडर स्ट्रैन्थ पूरा हो जाएगा।

## मोदी सरकार के खोखले नारों का जवाब देने को तैयार है जनता : खड़गे

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर झूठे नारे गढ़कर देश को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि जनता उनकी असलियत समझ चुकी है और चुनाव में उसे जवाब देने को तैयार है। श्री खड़गे ने आज यहां जारी एक बयान में भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) सरकार को सत्ता लोलुप करार दिया और कहा कि वह सत्ता की मलाई खाने में मस्त है जबकि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से त्रस्त हो गई है। महंगाई आसमान छू रही है और लोगों के पास रोजगार नहीं है। मनरेगा जैसी ग्रामीण क्षेत्र की रोजगार परक योजना में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा,ह्लमोदी सरकार की लूट से महंगाई और बेरोज़गारी दोनों लगातार बढ़ रही हैं। पर भाजपा सत्ता के लालच में लीन है। सब्ज़ियों के दाम आसमान छू रहे हैं। देश में बेरोज़गारी दर 8.45 प्रतिशत हो गया है। गांवों में बेरोज़गारी दर 8.73 प्रतिशत है। वहां मनरेगा डिमांड चरम पर, पर काम नहीं।

ग्रामीण वेतन दर घटा है। श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए ट्वीट किया, ह्लनरेंद्र मोदी जी, देश की जनता जानती है कि चुनाव के पहले आप किसी ह्लअच्छे दिनह्न, ह्लअमृत कालह्न जैसे नारों पर काम कर रहे हैं ताकि विज्ञापनों की लीपापोती से आपकी नाकामी छिप जाएं। पर इस बार ऐसा नहीं होगा, जनता जागरूक हो चुकी है और आपके ये खोखले नारों का जवाब भाजपा के ख़िलाफ़ वोट देकर करेगी। माफ़ तो क्याह्न जनता भाजपा को सत्ता से साफ़ कर देगी।



## आदिवासी युवक पर पेशाब किये जाने की घटना शर्मनाक: मायावती

**राष्ट्रीय खबर**

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने मध्य प्रदेश के सीधी जिले में दलित आदिवासी युवक पर पेशाब किये जाने की घटना की भर्त्सना करते हुये कहा कि घटना की वीडियो वायरल होने के बाद सरकार का हरकत में आना उनकी मंशा पर सवाल खड़े करता है। सुश्री मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक आदिवासी/दलित युवक पर स्थानीय दबंग नेता द्वारा पेशाब किए जाने की घटना अति-शर्मनाक, जिस अमानवीय कृत्य की जितनी भी निन्दा की जाए वह कम। इसका वीडियो वायरल होने के बाद ही सरकार का जागना इनकी संलिप्तता को साबित करता है, यह भी अति-दु:खद। उन्होने कहा मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा इस संबंध में मुजरिम को बचाने व उसे अपनी पार्टी का न बताने आदि को त्याग कर उस अपराधी के खिलाफ केवल एनएसए नहीं बल्कि उसकी संपत्ति को जब्त ध्वस्त करने की कार्रवाई करनी चाहिये। ऐसी घटनायें सभी को शर्मसार करती हैं। गौरतलब है कि 'मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक आदिवासी युवक पर पेशाब करने वाले आरोपी प्रवेश शुक्ला को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सीधी पुलिस ने मंगलवार देर रात आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी भाजपा से जुड़ा बताया जाता है।

**असंतोष**

### एनएच 2 पर साठ दिन की नाकाबंदी खत्म करने के एलान के बाद

# कुकी नेता का घर भी अपराधियों ने जला दिया

- **उन्होंने कहा, कई लोगों की जान चली गई है, हर तरफ खून-खराबा हुआ है**
- **मैं अपने मणिपुरी जो जातीय भाइयों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं**



**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** सोमवार को दो कुकी समूहों के फैसले के आधार पर दीमापुर-इम्फाल राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर 60 दिनों की नाकाबंदी हटाए जाने के तुरंत बाद, निर्णय की घोषणा करने वाले सार्वजनिक बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में से एक के घर को जला दिया गया। कुकी-जो नागरिक समाज संगठनों और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) और कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) के प्रतिनिधियों की 19 सदस्यीय टीम की 30 जून को असम के काजीरंगा में एक वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी से मुलाकात के बाद बाधाओं को हटाने के निर्णय की घोषणा की गई। राज्य के सभी हिस्सों में आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया। सोमवार रात को केएनओ के प्रवक्ता सेलेन हाओकिप का घर जला दिया गया। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम की मीडिया टीम के अनुसार, घर को अज्ञात उपद्रवियों ने जला दिया था। इस बीच, सोमवार को मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने मणिपुर में शांति का आह्वान करते हुए कहा कि स्थिति केवल बदतर हुई है। यद्यपि हम बहुत सद्भावना, प्रत्याशा और आशा के साथ आशा करते हैं कि चीजें बेहतर हो जाएंगी, लेकिन स्थितियां और खराब होती दिख रही हैं। यह कब रुकेगा? मैं अपने मणिपुरी जो जातीय भाइयों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं, उन लोगों के लिए मेरी निरंतर प्रार्थनाएं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके घर और परिवार टूट गए हैं। दयालु भगवान आपको इस विनाशकारी घटना से निपटने के लिए शक्ति और ज्ञान दें। उन्होंने कहा, कई लोगों की जान चली गई है, हर तरफ खून-खराबा हुआ है, शारीरिक यातनाएं दी गई हैं और पीड़ित जहां भी संभव हो शरण की तलाश कर रहे हैं। बिना किसी संदेह के, वे पीड़ित मेरे रिश्तेदार और रिश्तेदार हैं, मेरा अपना खून है और क्या हमें चुप रहकर स्थिति को शांत कर देना चाहिए? मुझे ऐसा नहीं लगता! मैं शांति और सामान्य स्थिति की तत्काल बहाली का आह्वान करना चाहूंगा। भारत के जिम्मेदार और कानून का पालन करने वाले नागरिकों या संस्थाओं के लिए यह अनिवार्य और अनिवार्य है कि वे शांति बहाली के लिए तत्काल रास्ते तलाशें। मानवीय स्पर्श के साथ विकास और सबका साथ सबका विकास मणिपुर में मेरी जो जातीय जनजातियों पर भी लागू होता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने 5 जुलाई से कक्षा 1 से 8 तक के लिए स्कूलों को फिर से खोलने का फैसला किया है। मणिपुर में 3 मई से जारी जातीय हिंसा में 150 से अधिक लोगों की जान चली गई है।

## न्यूज फटाफट

**गाजा से इजरायल की ओर दागे गए पांच रॉकेट**

**तेलअवीव :** इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि गाजा पट्टी से इजरायल की ओर पांच रॉकेट दागे गए लेकिन वायु रक्षा बलों ने उनके लक्ष्यों को विफल कर दिया। आईडीएफ ने कहा, गाजा पट्टी से इजरायल की ओर पांच रॉकेट दागे गए लेकिन इजरायली सेना के वायु रक्षा नेटवर्क ने सभी रॉकेट को सफलतापूर्वक रोक दिया। आईडीएफ ने कहा कि इससे पहले सदेरोट शहर सहित गाजा पट्टी के समीप एक इजरायली इलाके में सायरन की आवाज सुनी गई थी। आईडीएफ ने कहा कि उसने गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह 'हमास' से संबंधित एक आयुध कारखाने और रॉकेट निर्माण वाली एक सुविधा को निशाना बनाया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को वेस्ट बैंक के जेनिन में अपना आतंकवाद विरोधी कार्यवाही की समाप्ति की घोषणा की। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल की कार्यवाही में पांच बच्चों सहित 12 लोगों की मौत हो गई है जबकि 140 अन्य घायल हुए हैं, जिसमें 30 नागरिकों की हालत गंभीर है। इजरायल ने रविवार को वेस्ट बैंक में वर्षों में अपना सबसे बड़ा हवाई और जमीनी हमला शुरू किया था और आईडीएफ विमानों ने जेनिन शरणार्थी शिविर में तथाकथित आतंकवादी अवसंरचना पर 10 से ज्यादा हमले किया।

**फ्रांस में 6 दिनों में 3,625 लोगों को हिरासत में लिया गया**

**पेरिस :** फ्रांस की पुलिस ने पिछले छह दिनों में फ्रांस के दंगों में शामिल 3,625 लोगों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी फ्रांसीसी मीडिया ने मंगलवार को न्याय मंत्रालय के हवाले से दी। इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा था कि दंगों का चरम समाप्त हो चुका है। मैक्रों ने कहा कि अगर देश में हालात बिगड़ते हैं तो सोशल नेटवर्क बंद किया जा सकता है। पिछले शुक्रवार को, मैक्रों ने कहा था कि उन लोगों की पहचान की जाएगी जिन्होंने एक युवा की हत्या के बाद सोशल मीडिया के माध्यम से विरोध प्रदर्शन का आ''ान किया और अशांति को बढ़ावा दिया। बीएफएमटीवी प्रसारक के अनुसार, कुल 3,625 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें 1,124 नाबालिग हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अबतक 990 आरोपियों को अदालत में पेश किया गया और फिलहाल 380 को जेल की सजा सुनाई गई है। ला मार्सिलाइजह्न समाचारपत्र के अनुसार, फ्रांस के मार्सिले शहर में अभियोजक कार्यालय ने युवक के मौत की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। पेरिस के उपनगर नांटेरे में 17 वर्षीय नाहेल की एक पुलिस अधिकारी ने यातायात के नियमों की अवहेलना करने पर गोली मार दी थी। अधिकारी को हत्या के आरोप में हिरासत में लिया गया है लेकिन प्रदर्शनकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।

**रूस के बेलगोरोद के 3,000 निवासी अन्य क्षेत्रों में बसाए गए**

**मास्को :** रूस में बेलगोरोद क्षेत्र के लगभग 3,000 निवासियों को रूस के अन्य क्षेत्रों में बसाया गया है। यह जानकारी बेलगोरोद क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने मंगलवार को दी। श्री ग्लैडकोव ने यूनाइटेड रशिया पॉलिटिकल पार्टी की जनरल काउंसिल की एक बैठक में कहा कि लगभग 3,000 लोग अन्य क्षेत्रों में बसाए गए हैं। इससे पहले, श्री ग्लैडकोव ने टेलीग्राम पर कहा कि शेबेकिनो शहर के निवासी, जो जून की शुरुआत में शहर पर हुई भारी गोलाबारी के कारण शहर छोड़कर चले गए थे, उन्हें मंगलवार से अपने घरों में लौटने की पेशकश की जाएगी।

**चीन के चोंगकिंग में मूसलाधार बारिश से 15 लोगों की मौत, चार लापता**

**बीजिंग :** दक्षिण-पश्चिम चीन के चोंगकिंग में सोमवार से जारी मूसलाधार बारिश में आज कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लापता हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आपातकालीन प्रबंधन के नगरपालिका ब्यूरो ने कहा कि मुख्य रूप से यांग्त्ज़ी नदी के आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हुई जिसके कारण बाढ़ और भूवैज्ञानिक आपदा जैसी घटनाएं हुई। इससे 19 जिलों और काउंटियों में एक लाख 30 हजार से ज्यादा लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि 7,500 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि की फसलें बर्बाद हुई है। शहर में आपातकालीन प्रतिक्रिया मुख्यालय कार्यालय ने राहत प्रतिक्रिया को स्तर तक बढ़ा दिया है और वांझोउ जिले के लिए टेंट, कंबल, फोल्डिंग बेड सहित आपदा राहत आपूर्ति की 29 हजार से ज्यादा वस्तुओं को आवंटित किया है, जहां रिकॉर्ड अतिवृष्टि हुई है।

**खार्किव में हुए हमले में 43 लोग घायल**

**कीव :** यूक्रेन के खार्किव क्षेत्र में एक आवासीय इमारत परिसर में मिसाइल हमले में12 बच्चों सहित कम से कम 43 लोग घायल हो गए। यह जानकारी बीबीसी ने बुधवार को दी। अनुमान है कि यह रूसी मिसाइल स्थानीय समयानुसार मंगलवार दोपहर लगभग 13 :30 बजे पेरवोमैस्की शहर में गिरी। यूक्रेन के महाभियोजक एंड्री कोस्टिन ने कहा कि इस इलाके में केवल आवासीय इमारतें हैं। इस हमले में एक वर्षीय और 10 माह के बच्चे भी घायल हुए हैं। श्री कोस्टिन ने कहा कि रूस द्वारा आवासीय इमारतों को निशाना बनाना एक युद्ध अपराध है। खार्किव क्षेत्र में गवर्नर ओलेग सिनेगुबोव ने टेलीग्राम पर क्षतिग्रस्त इमारत की कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें टूटी खिड़कियां, काले धुएं के बादल और एक पलटी हुई कार दिखाई दे रही हैं। रूस ने इस घटना पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। इस देश ने पहले भी नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार किया है।

## आज का इतिहास

- 1483 : रिचर्ड तृतीय इंग्लैंड के राजा बने।
- 1770 : सेस्मे की लड़ाई में रूसी बेड़े ने तुर्की सेना को हराया।
- 1785 : अमेरिका मुद्रा डॉलर को सर्वसम्मति से चुना गया।
- 1787 : कोलकाता के सिबपुर में इंडियन बोटेनिकल गार्डन की स्थापना।
- 1825 : बोलीविया ने पेरू से स्वतंत्रता प्राप्त की।
- 1862 : मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना हुई।
- 1885 : महान वैज्ञानिक लुई पाश्चर ने रेबीज रोधी टीके का पहली बार इस्तेमाल किया।
- 1892 : दादा भाई नौरोजी ब्रिटेन की संसद में चुने जाने वाले प्रथम अश्वेत एवं भारतीय बने।
- 1901 : श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म।
- 1914 : ऑस्ट्रिया ने रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1923 : सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक की स्थापना हुई।
- 1935 : तिब्बती समुदाय के 14वें एवं वर्तमान गुरु दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो का जन्म।
- 1944 : नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने महात्मा गांधी को पहली बार ह्लराष्ट्रपिताह्न कहा।
- 1945 : अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा पर पहला परमाणु बम गिराया।
- 1947 : सोवियत संघ में एके-47 रायफलों का निर्माण शुरू।
- 1959 : वेल्लूर अस्पताल में पहली सफल ओपन हार्ट सर्जरी हुई।
- 1946 : महान नैतिक दार्शनिक पीटर सिंगर का जन्म।
- 1986 : भारतीय राजनीतिज्ञ बाबू जगजीवन राम का निधन।
- 1986 : भारत के प्रथम टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म।
- 1996 : नासा ने मंगल पर जीवन होने की संभावना जताई।
- 2002 : चर्चित भारतीय उद्योगपति धीरूभाई अंबानी का निधन।
- 2006 : नाथूला दर्रा 44 साल बाद खोला गया।
- 2010 : जम्मू कश्मीर में अचानक आई बाढ़ में लगभग 255 लोग मारे गए।
- 2011 : थाईलैंड में यिंगलुक शिनवात्रा शुविार देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
- 2012 : नासा का क्यूरिओसिटी रोवर मंगल ग्रह पर पहुंचा।
- 2019 : भारतीय संसद ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण विधेयक, 2019 को अनुमति प्रदान की।
- 2019 : इज़राइल की तेल अवीव यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने त्वचा कैंसर के सर्वाधिक गंभीर प्रकार मेलानोमा का एक प्रभावी नैनो टीका ईजाद किया।
- 2020 : चीन में फैल रहा नया वायरस से 60 लोग बीमार, सात लोगों की मौत।

## डीसी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

रांचीः उपायुक्त-सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयरहाउस के आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस खोल कर आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा लिया।

सौगात

### रांची में जल्द खुलेगा एक और मेडिकल कॉलेज

# प्रदेश को 206 एंबुलेंस की सौगात देते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने किया एलान

राष्ट्रीय खबर



रांची:झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 206 एम्बुलेंस को जनता की सेवा के लिए समर्पित किया। वहीं 38 दंत चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। रांची के नामकुम स्थित स्वास्थ्य मुख्यालय के आईपीएच सभागार में आयोजित कार्यक्रम में इसके अलावा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नागरमल मोदी सेवा सदन में रीजनल ब्लड ट्रांसमिशन सेंटर, ब्लड स्टोरेज केंद्र, ममता वाहन ऐप, आयुष्मान ऐप और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना ऐप का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। 05 एमएमयू के संचालन और अन्य चिकित्सा सुविधाओं के लिए स्माइल फाउंडेशन के साथ एमओयू भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम में राज्य में बेहतरीन सेवा देने वाले 84 चिकित्सकों और 15 अस्पतालों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि स्वास्थ्य को लेकर दुनिया भर में चुनौतियां हैं तो हमारे जैसे राज्य में इसकी कल्पना की जा सकती है। यहां सीएम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा को लेकर उनकी सोच अलग है। वे स्वास्थ्य के क्षेत्र में भेदभाव नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि सजगता और संकल्प शक्ति से ही व्यवस्था में सुधार हो सकता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि दवा दुकान के लिए फार्मासिस्ट की जरूरत आज क्यों है। ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट का जिक्र करते हुए कहा कि यह तब का कानून था जब अलग-अलग साल्ट मिलाकर दवाएं बनाई जाती थीं, अब तो सभी दवाएं बनी बनाई आती हैं तो फिर दवा दुकान खोलने के लिए फार्मासिस्ट की जरूरत क्यों है।

उन्होंने कहा कि हम हर पंचायत में दवा दुकान खोलेंगे।रांची में एक और मेडिकल कॉलेज अस्पताल खोलने की घोषणा करते हुए, मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जिले में अच्छी फैकल्टी कहां से आएंगी? यही वजह है कि बड़ी राशि खर्च करने के बावजूद देवघर एम्स ओपीडी से आगे नहीं बढ़ पाया है।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से धनबाद और देवघर के सिविल सर्जन से जुड़ें। इस दौरान उन्होंने धनबाद में कोल इंडिया की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं की क्या स्थिति है इसके बारे में जानकारी ली। इसके अलावा धनबाद और मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड स्टोरेज सेंटर का उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दोनों जगहों के चिकित्सकों और सिविल सर्जन से बात की।राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के प्रयास किये जा रहे हैं। 24 जिलों में ब्लड सेपरेशन मशीन लगेगी। उन्होंने कहा कि लगातार भाजपा द्वारा राज्य की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करने के बावजूद राज्य में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर करने की कोशिश की जा रही है।

## झारखंड में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मियों को मिलेगा मातृत्व अवकाश

राष्ट्रीय खबर



रांचीः झारखंड में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मियों को भी अब मातृत्व अवकाश मिलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कर दी है। जल्द ही इसे कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद लागू कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश का प्रावधान नहीं था।

इस वजह से महिला कर्मियों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती थी। सरकार के इस निर्णय से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मियों के लिए बड़ी राहत मिली है।राज्य सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार वैसी महिला कर्मी जो पिछले 12 महीनों में 80 दिनों तक संविदा पर कार्य कर चुकी हैं उन्हें सरकार की ओर से 180 दिनों का मातृत्व अवकाश मिलेगा। यह अवकाश दो जीवित संतान के बाद हुई डिलिवरी पर लागू नहीं होगा। मुख्यमंत्री द्वारा दी गई मंजूरी के अनुसार मेटरनिटी लीव के लिए संविदा राशि छुट्टी पर जाने से पहले मिले अंतिम संविदा राशि के बराबर होगी। सरकार के इस निर्णय का स्वागत झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के सचिव मृत्युंजय कुमार झा ने किया है।मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि लंबे समय से यह मांग की जा रही थी। सरकार ने आखिरकार यह निर्णय लेकर वैसी महिला कर्मियों को बड़ी राहत दी है जो संविदा पर कार्यरत हैं और उन्हें मातृत्व अवकाश नहीं मिलता था। झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में तृतीय और चतुर्थ वर्ग में संविदा पर महिला कर्मी कार्यरत हैं। इनमें सर्वाधिक संख्या होमगार्ड महिला जवानों की है, जो सुरक्षा कार्य से जुड़ी हैं। इन महिलाओं के लिए सरकार का यह निर्णय वाकई में लाभदायक है। महिला सरकारी कर्मी को पहले से यह सुविधा प्राप्त थी, लेकिन संविदा पर कार्यरत महिलाओं को यह सुविधा नहीं थी।

## राजेश राय और भरत प्रसाद की 5 दिनों की रिमांड




राष्ट्रीय खबर

रांचीः चेशायर होम रोड जमीन के जालसाजी मामले में जेल भेजे गए राजेश राय और भरत प्रसाद से ईडी 5 दिनों तक पूछताछ करेगी। ईडी के आग्रह पर कोर्ट ने इनसे पूछताछ के लिए 5 दिनों की रिमांड की अनुमति प्रदान की। हालांकि मंगलवार को ईडी ने इनसे विस्तृत पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए कोर्ट से 5 दिनों के रिमांड देने का आग्रह किया था।दरअसल, ईडी ने दस्तावेज में जालसाजी कर चेशायर होम रोड स्थित जमीन की खरीद बिक्री मामले में इन्हें 3 जुलाई की देर रात गिरफ्तार किया था। ईडी ने पूछताछ के लिए इन्हें बुलाया था जिसके बाद गिरफ्तारी हुई है। जमीन घोटाला मामला में ईडी अब तक रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित 12 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। बता दें कि चेशायर होम रोड किया जमीन विष्णु अग्रवाल ने खरीदी है। फॉरेंसिक लैब द्वारा किए गए जांच में दस्तावेज में जालसाजी कर खरीद बिक्री की बात सामने आई है। ईडी ने जमीन के फर्जी मालिक के पोते राजेश राय और उसके उससे पावर ऑफ अटॉर्नी लेने वाले भरत प्रसाद से पूछताछ की थी। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर ईडी ने इन्हे गिरफ्तार कर लिया।

## चोरी की एक दर्जन बाईक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



रांचीः हजारीबाग जिले की उरीमारी थाना पुलिस ने चोरी की एक दर्जन बाईक के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में हजारीबाग जिले के उरीमारी थाना क्षेत्र स्थित जामुन टोली निवासी राहुल कुमार प्रजापति, बड़कागांव थाना क्षेत्र स्थित लुरुंगा निवासी प्रेम तुरी और रामगढ़ जिले के भुरकुंडा स्थित लुरुंगा निवासी विजय सेन के नाम शामिल हैं। आरोपियों की निशानदेही पर एक दर्जन स्कूटी सहित बाईक बरामद की गयी है। हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे को सूचना मिली थी कि उरीमारी इलाके में चोरी की बाईक ब्रिकी की जा रही है। एसपी के निर्देश पर लगातार छापेमारी और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि सीसीएल क्वार्टर में रहने वाला प्रेम तुरी चोरी का बाईक बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने प्रेम तुरी के घर छापेमारी कर चार बाईक बरामद किया गया। पुलिस को आरोपी ने बताया कि दो बाईक दो लोगो को झांसे में लेकर बेचा है। प्रेम तुरी ने पुलिस को बताया कि रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र स्थित कटिया निवासी राजा पाल नामक व्यक्ति रांची, रामगढ़ हजारीबाग जिला से मोटरसाईकिल चोरी करके देता है। प्रेम तुरी चोरी की बाईक लोगो को बहला फुसला कर बेच देता है। आरोपी ने विजय सेन और राहुल कुमार प्रजाति के नाम भी पुलिस को बताये। दोनों आरोपियों के घर पुलिस ने छापेमारी कर तीन-तीन बाईक बरामद किये। वहीं घटना के मास्टरमाइंड राजा पाल की तलाश में पुलिस संभावित ठिकाने पर छापेमारी में जुटी है।

### हत्यारों को 10 साल की सजा

रांचीः सरायकेला सिविल कोर्ट ने तबरेज अंसारी की मॉब लिंचिंग कर हत्या करने वाले दोषियों के खिलाफ सजा का एलान कर दिया है। अदालत ने सभी दोषियों को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही दोषियों पर 17,500 रुपए का अर्थ दंड भी लगाया है। सभी दोषी न्यायिक हिरासत में हैं। धारा 304 में ये मैक्सिमम सजा है। कोर्ट ने जिन्हें दोषी करार दिया है उसमें प्रकाश मंडल उर्फ पप्पू मंडल,भीम सिंह मुंडा, अतुल महाली, सुनामो प्रधान, विक्रम मंडल, चामू नायक, प्रेम चंद महाली, कमल महतो, मदन नायक, महेश महाली के नाम शामिल हैं। इन्हें आईपीसी की धारा 304, 323, 325, 341,295 (अ) और 149 के तहत दोषी करार दिया गया है।

### निःशुल्क सेवा शिविर लगाने का मिला परमिशन

रांचीः देवघर के विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में विश्व हिन्दू परिषद, रोटरी क्लब समेत अन्य संस्थाएं, संगठन भी सेवा शिविर लगा सकते हैं। शिविर के लिए जिला प्रशासन को किए गए आवेदनों पर देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश के बाद एसडीओ, देवघर ने राजकीय श्रावणी मेला, 2023 के लिए शर्तों के साथ निःशुल्क सेवा शिविर लगाने की परमिशन दे दी है। प्राप्त आवेदनों के आलोक में श्रावणी मेला के अवसर पर श्रावण माह के लिए चिन्हित संस्थाओं एवं शिविरों को उनके नाम के सामने अंकित स्थल पर निःशुल्क सेवा शिविर लगाने की अनुमति मिली है।कुल 8 संस्थाओं को जिला प्रशासन की ओर से शिविर के लिए परमिशन मिली है। साथ ही स्थलों का आवंटन भी किया गया है।

## कोईलकारो जनसंगठन ने आज तपकरा शहीद स्थल में 28 वां संकल्प दिवस

राष्ट्रीय खबर



रांचीः शहीद स्थल तपकरा में हजारों मुंडाओं ने आज फिर संकल्प लिया कि हर हालत में मुंडा समुदाय एक इंच जमीन नहीं छोड़ेगा।हजारों मुंडाओं ने पारंपरिक अगुओं की उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना पाठ पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की ने कराया।कोईलकारो जनसंगठन के अध्यक्ष सोमा मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस सभा में प्रभाकर तिर्की ने कहा कि आज हम सभी को मिलकर जमीन बचाने के अभियान को जिंदा रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान की अवहेलना हो रही और आदिवासियों की जमीन दलालों द्वारा प्रेस विज्ञप्ति कोईलकारो जनसंगठन ने आज तपकरा शहीद स्थल में २८ वां संकल्प दिवस मनाया। शहीद स्थल तपकरा में हजारों मुंडाओं ने आज फिर संकल्प लिया कि हर हालत में मुंडा समुदाय एक इंच जमीन नहीं छोड़ेगा। हजारों मुंडाओं ने पारंपरिक अगुओं की उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना पाठ पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की ने कराया। कोईलकारो जनसंगठन के अध्यक्ष सोमा मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस सभा में प्रभाकर तिर्की ने कहा कि आज हम सभी को मिलकर जमीन बचाने के अभियान को जिंदा रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान की अवहेलना हो रही और आदिवासियों की जमीन दलालों द्वारा लूटीं जा रही है इसके खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। रतन तिर्की ने कहा कि कोईलकारो जनसंगठन के आंदोलन ने कलूटीं जा रही है इसके खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। रतन तिर्की ने कहा कि कोईलकारो जनसंगठन के लाखों मुंडाओं के आंदोलन ने ५ जुलाई १९९५ को बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को ठलढउ की ७१० मेगावाट बिजली पावर प्रोजेक्ट का शिलान्यास करने से रोक दिया था।आज २८ सालों तक हम-सब इस दिन को मुंडा आदिवासी समाज समुदाय साम्राज्य की जीत मानते हैं। इसलिए इस संघर्ष को जारी रखना चाहिए।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को कोयलकारो जल विद्युत परियोजना को गजट के द्वारा हमेशा के लिए रद्द कर देना चाहिए। बलराम जी ने संविधान की पांचवीं अनुसूची और आदिवासियों के हक अधिकार की जानकारी दी। कोईलकारो जनसंगठन की इस संकल्प सभा में महासचिव विजय गुड़िया, सचिव रेजेन गुड़िया, जंगल बचाओ आंदोलन के अलेस्टेयर बोदरा, मिथलेश जी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

अपराध

### पिछले साल हुई थी कमल की भी हत्या

## दिनदहाड़े कमल भूषण के अकाउंटेंट की गोली मारकर हत्या

राष्ट्रीय खबर



रांचीः राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े संजय कुमार नाम के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। संजय कुमार जमीन कारोबारी रहे स्वर्गीय कमल भूषण के करीबी और अकाउंटेंट थे। जानकारी के अनुसार संजय कुमार कमल भूषण हत्या मामले में गवाह भी थे। रांची के सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि संजय कुमार देवी मंडप रोड स्थित अपने घर वापस लौट रहे थे उसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी। संजय कुमार को पांच गोलियां लगी और वह मौके पर ही बाइक से गिर पड़े।

हालांकि संजय कुमार को अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो चुकी थी।गौरतलब है कि कमल भूषण की हत्या पिछले साल सुखदेव नगर इलाके में ही गोली मारकर कर दी गई थी। संजय उस हत्याकांड के गवाह भी थे। पुलिस की ओर से आशंका जताई गई है कि जिन लोगों ने कमल हसन की हत्या की थी उन्हीं के द्वारा इस हत्याकांड को भी अंजाम दिया गया है।

अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए शहर की नाकेबंदी कर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।रांची के रियल स्टेट के बड़े कारोबारी कमल भूषण के हत्याकांड में शामिल चार आरोपियों को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पिछले साल गिरफ्तार किया था। उस दौरान हत्या में शामिल डब्लू कुजूर, राहुल कुजूर, ख्वाहिश अदनान और मुनव्वर अफिक को गिरफ्तार किया गया था।

